माघ शुक्ल पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 17 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 91, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग 16

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर 15

जीबीसी के केंद्र में युवा, प्रदेश में उद्योग लगने के साथ बढ़ेंगे रोजगार और मिलेगी नौकरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत अधिकारियों और शिक्षाविदों को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

अपने आवास पर शिक्षाविदों और सेवानिवृत अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री।

- **सेवानिवृत 12 आईएएस, 4 आईपीएस, 7 आईएफएस अधिकारियों और 19 शिक्षाविदों समेत 42 सदस्यीय टीम तैयार**

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीबीसी के मद्देनजर शुक्रवार को सेवानिवृत अफसरों और शिक्षाविदों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, अपितु इसके केंद्र में युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के चार और भारतीय वन सेवा के सात अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) और 19 शिक्षाविदों सहित 42 सदस्यीय खास टीम गठित की। टीम के साथ आवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पिछले साल 10 से 12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता की जानकारी देते हुए कहा कि करीब 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए और अब एक वर्ष के भीतर ही इन्हें जमीन पर उतारा जा रहा है। यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी/सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। योगी ने जीबीसी (ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी) में लगने वाले उद्योगों से युवाओं को कैसे नौकरी के अवसर सृजित होंगे, इसे विश्वविद्यालयों का दौरा कर समझाने का कार्य टीम को सौंपा।

प्रदेश में दूर होगी असमान विकास की समस्या, खत्म होगा पलायन

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के विकास में असमानता एक बड़ी समस्या रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में उद्योग नहीं लग पाए। नतीजतन यहां के युवाओं के सामने पलायन का संकट रहा। जीबीसी का लाभ प्रदेश के सभी 75 जिलों को मिलेगा। 19 फरवरी के मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा।

तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिकों का लौटना अच्छा संदेश : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जो बताती है कि तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश में वापस लौटे। यह सभी टेक्सटाइल सेक्टर में कार्य कर रहे थे। निश्चित रूप से इन्हें प्रदेश में अपने सुखमय और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखी होगी, तभी उन्होंने प्रदेश लौटने का निर्णय लिया।

जीबीसी-4 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगी अधिकारियों और शिक्षाविदों की टीम

10.15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं की एक साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले सेवानिवृत अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों का समूह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी-4 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगा। 17-18 फरवरी को टीम विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर नौकरी/रोजगार/सेवायोजन से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी।

भारत बंद : पंजाब में बस सेवाएं ठप किसानों ने राजमार्ग अवरुद्ध किए

पश्चिमी यूपी के कई हिस्सों में भी किया प्रदर्शन, हरियाणा में रहा आंशिक असर

फिरोजपुर/अमृतसर/हिसार/मुजफ्फरनगर, एजेंसी

भारत बंद के दौरान शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस छोड़ी गई।

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को स्वीकार करने को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के 'भारत बंद' आह्वान के मद्देनजर शुक्रवार को पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं, जिसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई। हालांकि हरियाणा में बंद के आह्वान का मिला-जुला असर देखने को मिला, लेकिन पंजाब में कई स्थानों पर बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। दिल्ली से जम्मू जाने वाली कई ट्रेनों को रूट बदलकर चलाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि बंद शांतिपूर्ण रहा। किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। हरियाणा के हिसार में रोडवेज कर्मचारियों ने 'भारत बंद' का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं। बंद का कुरूक्षेत्र में कोई असर नहीं हुआ। बाजार खुले रहे और बसों का संचालन भी हुआ। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के सदस्यों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और अधिकारियों को यात्रियों से पथकर नहीं वसूलने दिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भी प्रदर्शन किए गए। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोवाली क्रॉसिंग पर किए गए विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।भाकियू सदस्यों ने बिजनौर में कुछ गन्ने के वजन मापने वाले केंद्रों पर कामकाज को रुकवा दिया। बागपत में विरोध प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर, बदायूं और मेरठ में बंद का कोई असर नहीं दिखा।

शंभू सीमा पर फिर हंगामा, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को प्रदर्शनकारी किसानों के अंबाला के पास शंभू सीमा पर अवरोधक की ओर बढ़ने के बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा के साथ लगती राज्य की सीमा पर दो बिंदुओं शंभू और खनौरी पर रुके हुए हैं। प्रदर्शन के पहले दो दिन भी किसानों और हरियाणा पुलिस के जवानों के बीच झड़पें हुईं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान किया था।

प्रदेश में हड़ताल पर छह महीने के लिए लगी रोक

लखनऊ। किसान आंदोलन को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। यदि कोई कर्मचारी हड़ताल या प्रदर्शन करता पाया गया तो, बिना वारंट गिरफ्तारी की जाएगी। यह आदेश राज्य सरकार के अधीन विभागों, निगम और प्राधिकरण पर लागू होगा। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेद ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। इससे पहले 2023 में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगाई गई थी।

एनआरआई शादियों के लिए अनिवार्य किया जाए पंजीकरण

नई दिल्ली। विधि आयोग ने अनिवासी भारतीयों और भारतीय नागरिकों के बीच विवाह के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी को चिंताजनक बताते हुए स्थिति से निपटने के लिए एक व्यापक कानून और ऐसी शादियों के अनिवार्य पंजीकरण की सिफारिश की है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी ने विधि मंत्रालय को अनिवासी भारतीयों और भारत के प्रवासी नागरिकों से संबंधित वैवाहिक मुद्दों पर कानून नामक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोग की राय है कि प्रस्तावित केंद्रीय कानून एनआरआई और भारतीय मूल के प्रवासी विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के भारतीय नागरिकों के साथ विवाह से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा करने के लिए व्यापक होना चाहिए। न्यायमूर्ति अवस्थी ने गुरुवार को कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को लिखे अपने 'कवरिंग लेटर' में कहा कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय नागरिकों के बीच शादी के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी की प्रवृत्ति चिंताजनक है।

- **विधि आयोग ने सरकार से की सिफारिश बनाया जाए सख्त कानून**

टाइमर बोतल बम के साथ मास्टर माइंड गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **महिला के कहने पर बनाया था बम, 10 हजार रुपये मिले थे एडवांस**
- **एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर से दबोचा, चार बोतल बम बरामद**
- **यू-ट्यूब और इंटरनेट से हासिल की बम बनाने की जानकारी**

अमृत विचार : एसटीएफ ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से टाइमर बम बनाने वाले मास्टर माइंड जावेद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) बरामद किया गया है। उसने इमराना नाम की एक महिला के कहने पर बम बनाया था। इसके लिए महिला ने उसे 10 हजार रुपये एडवांस दिया था, जबकि 40 हजार रुपये बम की डिलीवरी के समय देने को कहा था। आईबी और एटीएस की टीमों ने भी उससे पूछताछ की।

एक सूचना के आधार पर मुजफ्फरनगर के खालापार निवासी जावेद की गिरफ्तारी की गई। उसने टाइमर बोतल बम शूज के डिब्बे में छिपाया था। बाद में बम डिस्पोजल स्क्वायड ने इनको निष्क्रिय किया। बोतल के अन्दर गन पाउडर, लोहे की छोटी गोलियां, रूई, पीओपी आदि डालकर बम तैयार किए गए थे। यह बोतल बम उसने इमराना नाम की महिला के कहने पर बनाया था। इमराना शामली जिले के बाबरी थाना क्षेत्र के बंतीखेड़ा की मूल निवासी और वर्तमान में मुजफ्फनगर के कोतवाली क्षेत्र में रह रही है। जावेद ने पूछताछ में बताया कि ग्लूकोज की बोतलें डाक्टरों से व लोहे की गोलियां साईकिल की दुकान व घड़ी की मशीन घडी की दुकानों से लेता था। जावेद ने बताया कि उसने पटाखे बनाने का काम करने वाले अपने चाचा मो. अरशी के यहां रहकर बारूद व बोतल बम बनाने का काम सीखा तथा कुछ जानकारी यू-टयूब और इंटरनेट से ली थी। इन बम का कहां प्रयोग करना था यह इमराना ही जानती है। जावेद पहले भी इस तरह के बम बनाकर बेच चुका है।

एक नजर

प्रियंका गांधी की तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा अस्वस्थ होने के कारण शुक्रवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल नहीं हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सेहत में सुधार होते ही वह इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार, उन्हें आज शाम उत्तर प्रदेश के चंदौली से यात्रा में शामिल होना था। इस यात्रा को शुरू हुए 34 दिन हो चुके हैं। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर खुद के अस्वस्थ होने और अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैं बड़े चाव से उत्तर प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पहुंचने का इंतजार कर रही थी, लेकिन बीमारी की वजह से मुझे आज ही अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।



अमिताभ यश को एडीजी कानून व्यवस्था का प्रभार

लखनऊ। एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश को एडीजी कानून-व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन ने शुक्रवार को इस आशय का आदेश जारी किया। प्रशांत कुमार के कार्यवाहक डीजीपी बनाए जाने के बाद से यह पद खाली चल रहा था। इनके अलावा शासन ने 9 पीपीएस अफसरों के भी तबादले किए गए हैं। शासन से जारी सूची के मुताबिक जितेंद्र कुमार दुबे को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ बनाया गया है, जबकि राजेश कुमार भारतीय अब एएसपी कासगंज होंगे। डॉ.तेज वीर सिंह को एएसपी भदोही बनाया है।

पुलिस भर्ती परीक्षा से पहले 19 गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो/एजेंसी, लखनऊ

- **झांसी, वाराणसी, गाजीपुर, मऊ, आगरा जनपदों से दबोचे गए**
- **परीक्षा पास करवाने के नाम पर परीक्षार्थियों से कर रहे थे ठगी**

अमृत विचार : एसटीएफ और मऊ तथा गाजीपुर की पुलिस टीम ने 17 और 18 फरवरी को होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा से पूर्व ही अभ्यर्थियों को परीक्षा में पास कराने के नाम पर ठगी करने वाले 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। मऊ के पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने शुक्रवार को बताया कि अभ्यर्थियों को पेपर हल कराने के नाम पर ठगने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान मऊ जिले के अमित सिंह, सोनू उर्फ सिद्धार्थ, सुनील राजभर, रामकरन राम के अलावा गाजीपुर के मरदह थाना क्षेत्र के शत्रुघन यादव के रूप में हुई है। गिरोह का मुख्य सरगना रविकांत पांडेय फरार है। एसपी ने कहा कि नगर क्षेत्र के आरके कंसल्टेंसी के संचालक रविकांत पांडेय और टीम द्वारा परीक्षा पेपर हल करने के नाम पर चार लाख से 9.50 लाख रुपये तक में सौदा तय किया जा रहा था। इन लोगों के कब्जे से 11 ब्लैंक चेक, 32 मार्कशीट, छह से अधिक आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 11 मोबाइल बरामद हुए। गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि परीक्षा पास कराने का झांसा देकर परीक्षार्थियों से लाखों रुपये ठगने वाले गिरोह के सरगना गोपेश यादव सहित आठ लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से छह लाख रुपये और 27 लाख रुपये के चेक बरामद किए गए हैं।

एसटीएफ ने परीक्षा पास कराने का ठेका लेने वाले गैंग के दो सदस्यों को झांसी से गिरफ्तार किया है। इसमें मोनू कुमार शामली जिले के कांधला थाना क्षेत्र का है, जबकि दूसरा नालंदा (बिहार) का रजनीश रंजन हैं। चंदौली निवासी प्रिन्स कुशवाहा और मिर्जापुर के विजय कुमार के अलावा आगरा से भी दो ठगों को पकड़ा गया है। करतार सिंह राजस्थान का मूल निवासी है और आगरा में रह रहा था, जबकि टिन्कू कुमार अलीगढ़ का है। झांसी से पकड़ा गया मोनू कुमार उर्फ मोनू गुर्जर गैंग बनाकर झांसी में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा पास कराने का काम करने लगा। गैंग पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने का प्रयास कर रहा था, तभी धर लिए गए। वाराणसी में ठग गैंग का सरगना वंशराज सिंह कुशवाहा ने एक फर्जी प्रश्नपत्र भी तैयार किया था।

पेटीएम से पैसा निकालने के लिए 15 दिन का समय बढ़ाया

मुंबई, एजेंसी

- **आरबीआई के निर्देश पर 15 मार्च तक जारी रहेंगी सेवाएं**

भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है।

आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। रिजर्व बैंक ने इसके पहले 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट व फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था। आरबीआई ने कहा कि यह फैसला पीपीबीएल के ग्राहकों (व्यापारियों सहित) के हित को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है, जिन्हें वैकल्पिक व्यवस्था करने को और समय की आवश्यकता हो सकती है। बैंक 'स्वीप-इन स्वीप-आउट' सुविधा के तहत भागीदार बैंकों के पास ग्राहकों की जमा राशि की निर्बाध निकासी की सुविधा प्रदान करेगा ताकि ऐसे ग्राहकों को कोई असुविधा नहीं हो।

कांग्रेस के फ्रीज किए गए बैंक खातों से हटाई रोक

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि आयकर विभाग ने उसके प्रमुख बैंक खाते फ्रीज कर दिए, हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगले सप्ताह सुनवाई होने तक उसके खातों पर से रोक हटा दी। आयकर विभाग के आदेश के खिलाफ अधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए पार्टी नेता एवं अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी को अब अपने बैंक खाते संचालित करने की अनुमति दे दी गई है। अंतिम निर्णय लेने से पहले अधिकरण अगले बुधवार को मामले की सुनवाई करेगा। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हमारी याचिका पर आयकर विभाग और आयकर अपीलीय अधिकरण ने कहा है कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि 115 करोड़ रुपये बैंक खातों में रखे जाएं... हम उससे ऊपर की राशि भी खर्च कर सकते हैं। इसका मतलब है कि 115 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं। यह 115 करोड़ रुपये की राशि हमारे चालू खाते से कहीं अधिक है।

- **आयकर अपीलीय अधिकरण ने खातों के संचालन की दी अनुमति**

इनसैट-3डीएस के प्रक्षेपण की शुरू हुई उलटी गिनती

चेन्नई, एजेंसी

- **आज श्रीहरिकोटा से शाम 5:35 बजे किया जाएगा प्रक्षेपित**

आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में मौसम विज्ञान एवं आपदा चेतावनी उपग्रह इनसैट-3डीएस के प्रक्षेपण से पहले 27.5 घंटे की उलटी गिनती शुक्रवार को शुरू हो गई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के सबसे भारी रॉकेट भूस्थिर उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) का उपयोग करके इनसैट-3डीएस के प्रक्षेपण के लिए सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) पर शुक्रवार अपराह्न 2.35 बजे उलटी गिनती शुरू हो गई। इसरो ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस मिशनः 17 फरवरी, 2024 को भारतीय समयानुसार 17:35 बजे प्रस्तावित प्रक्षेपण के लिए 27.5 घंटे की उलटी गिनती शुरू हो गई है। प्रक्षेपण पहले कल 17:30 बजे के लिए निर्धारित था लेकिन बाद में इसे पांच मिनट के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है और यह 17:35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा।

रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे

लखनऊ। प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे। वह 89 साल के थे। 10 नवंबर 1935 को पैदा हुए राज बिसारिया ने भारतीय रंगमंच को समृद्ध करने का काम किया। लखनऊ की भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना उन्होंने ही की थी। वह इसके संस्थापक निदेशक रहे। लखनऊ विश्वविद्यालय में वह अंग्रेजी के प्रोफ़ेसर रहे। कई किताबें भी लिखी हैं। कुछ समय से वह अस्वस्थ थे। काफी समय तक वह एसजीपीजीआई में भर्ती भी रहे और वहां से ठीक होकर अपने गोमतीनगर आवास पर आ गए थे। शुक्रवार की शाम अचानक उनका निधन हो गया।

संकट | 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रख बांटा ऋण, अब वसूलना मुश्किल

ऋण लेकर हुए लापता, 2100 लाख फंसे, 'पिछड़ा' विभाग

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- **बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं समेत 34 जिले पीछे, किसी ने बदला पता तो कोई मौके पर नहीं मिला, कई लोगों की हो चुकी मृत्यु**

अमृत विचार : पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा बांटे गए करोड़ों रुपये लेकर लाभार्थी लापता हैं। इसकी विभाग वसूली नहीं कर पा रहा है। वजह 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रखकर स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण किया गया। कहीं अभिलेख नहीं लिए गए तो कहीं नियमों को पूरा नहीं किया गया।

इससे केंद्र से दिया जाने वाला ऋण फंसा है। जिन्होंने ऋण बांटा वह सेवानिवृत्त हो गए या फिर पदोन्नति पाकर इधर-उधर हो गए। अब वर्तमान के अधिकारियों को वसूली का जिम्मा दिया गया है जो उनके लिए चुनौती बना हुआ है। क्योंकि मौके पर न लाभार्थी हैं और न उनके द्वारा दर्शाया गया पता। कई की मृत्यु हो चुकी है। इस वजह से ढूंढना मुश्किल है। जो बकायेदार हैं तो वह समाधान योजना का इंतजार कर रहे हैं। बकाया तो काफी है लेकिन, जनवरी 2024 तक ब्याज समेत लक्ष्य 2167.29 लाख के सापेक्ष 66.71 लाख (3.8 प्रतिशत) ही वसूल हो पाए हैं। जबकि 2100 लाख रुपये की वसूली नहीं हो पाई। प्रबंध निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को फरवरी व मार्च में 50-50 हजार रुपये वसूली का लक्ष्य सौंपा है।

पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को 50 हजार का लक्ष्य

प्रदेश में जनवरी 2024 में 3.8 प्रतिशत वसूली हुई है, जो सबसे कम है। इनमें खराब प्रगति वाले 34 जिले बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, बलिया, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कुशीनगर, गोरखपुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा, जालौन, ललितपुर, जेपी नगर, बिजनौर, संभल, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर व मिर्जापुर हैं।

> यह काफी पुरानी योजनाओं के दिए गए ऋण हैं। इसलिए समस्या है। लाभार्थियों से ऋण वसूला जा रहा है। 100 प्रतिशत वसूली करने के लिए जिलों को लक्ष्य दिया है।
> – डॉ. वंदना वर्मा, प्रबंध निदेशक, उप्र पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड

बंद हो गईं योजनाएं, वसूली नहीं तो वेतन नहीं

पूर्व में निगम केंद्र से मार्जिन मनी के आधार पर दुकान, रिक्शा, शिक्षा, पशुपालन, हलवाई, टेलर आदि के लिए ऋण देता था। इसमें सबसे बड़ा ऋण जीप खरीदने के लिए मिलता था। जो बांटने के बाद नहीं निकले तो सभी योजनाएं निगम की बंद कर दी गईं। इस वजह से जिले के कार्यालय बंद कर कर्मियों को मुख्यालय पर तैनात कर दिया गया। इनका वेतन इसी वसूली से निकलता है। इसी वजह से विभाग पिछड़ गया है। इसके पास सिर्फ छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और ओ लेवल की योजना ही बची है।

शहर में आज

- पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा सुबह 10 से 12 और दोपहर 3 से 5 बजे।
- 24 कुंडली गायत्री महायज्ञ जन सम्मेलन मोदी ग्राउंड महानगर कॉलोनी में शाम 6 बजे।
- रोहिलखंड मैनेजमेंट एसोसिएशन का शील चौराहे से मैनेजमेंट रन सुबह 9 :30 बजे।
- राइफल क्लब में स्थापना दिवस पर सम्मान समारोह दोपहर 3 :30 बजे।
- अध्यात्म की गूंज परिवार की ओर से श्री राम कथा को लेकर कलश यात्रा आनंद आश्रम से सुबह 9 बजे।

एक नजर

सीएचसी और पीएचसी पर भी होगी पीलिया की जांच

बरेली, अमृत विचार : सीएचसी और पीएचसी पर भी पीलिया की संदिग्ध मरीजों की जांच होगी। स्वास्थ्य निदेशालय ने जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए निर्देश जारी किए हैं। दरअसल, मौसम में बदलाव के साथ जल जनित रोगों की फैलने की आशंका बढ़ जाती है। लोग पीलिया, उल्टी, दस्त आदि रोगों की गिरफ्त में आ जाते हैं। निदेशालय ने विभाग को सभी सीएचसी-पीएचसी पर पीलिया आदि की जांच की व्यवस्था करने को कहा है। आशा कार्यकर्ता लोगों को इंडिया मार्का हैंडपंप के पानी का पीने में प्रयोग करने के लिए जागरूक करेंगी। सीएमओ डॉ .विश्राम सिंह ने बताया कि इस संबंध में सभी एमओआईसी को निर्देशित किया गया है।

नकटिया में मंडी रोड पर बांध रहे जानवर

बरेली, अमृत विचार : नकटिया में मंडी रोड पर डेयरी वाले सड़क पर ही जानवर बांधते हैं। इसकी वजह से रास्ता अवरुद्ध होता है।

प्रधानमंत्री आवास : रिश्वतखोरी नहीं रुक रही तो लाभार्थियों में डूडा वालों के भी नाम लिखिए

लगातार बढ़ रही हैं शोषण की शिकायतें, डूडाकर्मियों पर वसूली गैंग की तरह काम करने का आरोप

सबके सिर पर छत का सपना लाखों गरीबों के दिमाग में घर कर चुका है लेकिन उनका यह सपना सिर्फ इतने भर से पूरा नहीं हो रहा क्योंकि इसके लिए प्रधानमंत्री आवास नाम की बेहद महत्वाकांक्षी सरकारी योजना चलाई जा रही है। इस सरकारी योजना का लाभार्थी बनने की उन्हें कीमत चुकानी पड़ रही है। यूं कहने को सरकारी कागजों में एक प्रधानमंत्री आवास का एक ही लाभार्थी दर्ज हो रहा है लेकिन असल में इसके लाभार्थी अनेक हैं। आवास मंजूर कराने से लेकर उसकी एक-एक किस्त पर असल लाभार्थियों को कुछ न कुछ अदा कर इस लाभ में हिस्सा बंटवारा करना पड़ रहा है। भ्रष्टाचार पर नो टॉलरेंस के नारे की गूंज के बीच सरकारी सिस्टम में शामिल लोग कितने बेखौफ ढंग से यह सबकुछ कर रहे हैं, यह उच्चाधिकारियों के दफ्तरों में लगातार आने वाली शिकायतों से पता लग रहा है। इसके बावजूद यह सिलसिला न रुकना यह भी बता रहा है कि उच्चाधिकारी भी सिर्फ लाभार्थियों की गिनती करने भर की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। सुरेश पांडेय की रिपोर्ट...

पहली किस्त पर ले गए दस हजार, अब दूसरी किस्त पर भी मांग रहे हैं

- महिला लाभार्थी ने की शिकायत कहा- तीसरी किस्त न मिलने की धमकी दे रहा है डूडाकर्मी
- डीएम से मिलने पहुंची थी पीड़ित महिला, डिप्टी कलेक्टर को दिया प्रार्थना पत्र

बरेली, अमृत विचार : गांव नदौसी की खुशमा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर शिकायत की कि डूडा का कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किस्त आने के बाद उन पर दस हजार रुपये देने का दबाव बना रहा है। धमकी दे रहा है कि पैसे न दिए तो तीसरी किस्त नहीं मिलेगी। खुशमा ने बताया कि डूडा कर्मी ने पहली किस्त आने के बाद भी उनसे दस हजार रुपये लिए थे। वह अगर इतना पैसा रिश्वत में ही दे देंगी तो आवास कैसे बनवा पाएंगी। पति कल्लू के साथ खुशमा डीएम से मिलने पहुंची थीं। डीएम नहीं मिले तो डिप्टी कलेक्टर उदित पंवार को प्रार्थनापत्र दिया। इसके बाद नगर निगम पहुंचकर भी शिकायत की। खुशमा ने बताया कि उनके पति बिजली मैकेनिक हैं। एक हादसे में हाथ बेकार हो जाने के बाद अब कुछ कर नहीं पाते। वह खुद नर्सरी में मजदूरी कर किसी तरह घर चला रही हैं। उनका प्रधानमंत्री आवास मंजूर हुआ तो पहली किस्त का पैसा आने के बाद डूडा कर्मचारी उनसे दस हजार रुपये ले गया था। अब दूसरी किस्त आने पर फिर दस हजार रुपये मांग रहा है। खुशमा ने बताया कि बृहस्पतिवार को प्रशांत नाम के डूडा कर्मी ने उनके घर आकर धमकी भी दी कि पैसा न देने पर तीसरी किस्त मुश्किल में पड़ जाएगी। उन पर पैसे नहीं थे इसलिए इन्कार करके घर का दरवाजा बंद कर लिया। उसके लौटने के बाद उन्होंने पार्षद से शिकायत की, फिर कलेक्ट्रेट पहुंचीं। डिप्टी कलेक्टर ने यह खुशमा को यह कहकर लौटा दिया कि पैसे मत देना और कोई पैसे मांगने आए तो उसका फोटो खींच लेना। डिप्टी कलेक्टर उदित पंवार ने बताया कि महिला की शिकायत पर जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

बदायूं में महिला ने खोली पोल तो सस्पेंड हुए थे डूडा के परियोजना अधिकारी

कुछ ही दिन पहले बदायूं के उसावां में लाभार्थियों के एक कार्यक्रम में एक महिला ने आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप के सामने पोल खोल दी थी कि उसे तीस हजार रुपये देने पड़े थे, तब उसका प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हो पाया था। महिला का वीडियो वायरल होने के बाद मामला सुर्खियों में आया तो डूडा के पीओ को सस्पेंड कर दिया गया था।

किसान भी कर चुके हैं ग्रामीण इलाकों में पीएम आवासों में वसूली की शिकायत

बृहस्पतिवार को ही भाकियू की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने भी एडीएम प्रशासन से ग्रामीण इलाकों में प्रधानमंत्री आवासों के लाभार्थियों से बड़े पैमाने पर वसूली किए जाने की शिकायत की थी। एडीएम ने इस पर डूडा के पीओ को फोन करके वसूली करने वालों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया था। फिलहाल डिप्टी कलेक्टर उदित पंवार पर ही डूडा के पीओ का अतिरिक्त कार्यभार है।

डीएम के डूडा कार्यालय में छापा मारकर दलाल पकड़ने के बाद भी नहीं बदले हालात

बरेली, अमृत विचार : दो महीने पहले डूडा कार्यालय में डीएम के छापे में पकड़े गए दलाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने से साफ हो गया था कि वसूली का खेल डूडा अफसरों की नाक के नीचे चल रहा है, हालांकि इस छापे के बाद भी हालात नहीं बदले। शुक्रवार दोपहर यहां आने वालों को कर्मचारी इधर से उधर चक्कर कटवाते दिखे। कई कर्मचारी अपनी सीटों पर भी नहीं थे। एक महिला ने फाइलों में व्यस्त महिलाकर्मी से कुछ पूछने की कोशिश की तो उसने दूसरे कमरे में जाने को कहा। महिला ने नाराजगी जताई कि कमरे में बैठे लोगों ने ही उन्हें यहां भेजा था। अब उनसे फिर कमरे में जाने को कहा जा रहा है। गेट के बगल के दूसरे कमरे में स्वरोजगार लोन के बारे में पूछने वाले कई लोगों से यहां बैठे कर्मचारी ने बिना सिर उठाए कह दिया कि लोन नहीं मिलेगा। कारण भी नहीं बताया। लोगों ने बताया कि दफ्तर के आसपास रहने वाले दलाल ही पूरी प्रक्रिया बताते हैं। कर्मचारी ठीक से बात तक नहीं करते।

डूडा दफ्तर में डीएम। ● फाइल फोटो

पार्षद ने कहा- वसूली गैंग की तरह काम कर रहे हैं डूडा के कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- डीएम से की शिकायत, कई डूडा कर्मचारियों की रिकार्डिंग भी होने का दावा
- कहा- जनसेवा केंद्र, तहसील, डूडाकर्मियों की साठगांठ से होता है लेनदेन

अमृत विचार : सिर पर छत का सपना देख रहे गरीब लाभार्थी की मजबूरी को नजरंदाज कर बेहद क्रूरता के साथ उसे ब्लैकमेल किया जा रहा है। हाल ही में नंदौसी की पार्षद अंजुल ने इस बारे में डीएम से शिकायत की है। इसमें उन्होंने वसूली गैंग की तरह काम कर रहे डूडा कर्मियों के नामों का भी खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया है कि इनमें से कई लोगों की रिकॉर्डिंग भी उनके पास है।

अंजुल ने डीएम को दी शिकायत में कहा है कि प्रधानमंत्री आवासों के आवंटन में खेल जनसेवा केंद्र और तहसील में आय की जांच करने से ही शुरू हो जाता है। प्रक्रिया आगे बढ़ने के साथ जब डूडा की भूमिका के साथ लेनदेन की भी बातचीत शुरू हो जाती है। प्रधानमंत्री आवास के गरीब लाभार्थियों से डूडा के कर्मचारी 20 से 25 हजार रुपये तक वसूल कर रहे हैं। यह रकम लाभार्थी को आवास का निर्माण पूरा होने तक अलग-अलग किस्तों पर देनी पड़ती है।

पार्षद के मुताबिक नंदौसी, खड़ौआ, पचागौटिया, गोकिलपुर और परसाखेड़ा गौंटिया में कई लोगों से पीएम आवास के लिए फार्म भरवाए गए हैं। इन लोगों से 20 से 25 हजार रुपये की वसूली की गई है। कुछ लोगों ने तो किस्तों में पैसे दिए हैं। पत्र में डूडा के लिए काम करने वाले आठ-दस लोगों के नाम लिखकर वसूली का आरोप लगाया गया है। जनसेवा केंद्र चलाने वाले पर भी वसूली के खेल में शामिल होने का आरोप है। पत्र में दावा किया गया है कि उनके पास डूडा कर्मियों द्वारा कुछ लोगों से पैसे लेने की रिकार्डिंग भी है।

इससे पहले डूडा की एक महिला कर्मचारी की भी चैट वायरल हो चुकी है जिसमें विभागीय कर्मचारियों पर लोगों से आवेदन तक के लिए वसूली किए जाने की बात कही गई थी। इसकी जांच तत्कालीन कार्यवाहक पीओ अजीत कुमार सिंह को सौंपी गई थी, लेकिन उन्होंने इस पर लीपापोती कर दी। इस मामले में उनका भी नाम उछला था।

डूडा कार्यालय पहुंचा डीएम को दिया पत्र

डूडा कार्यालय में शुक्रवार दोपहर में कोई अफसर नहीं था। कर्मचारी ने बताया कि यहां एपीओ बैठते हैं और अभी फरीदपुर गए हुए हैं। एपीओ से फोन पर बात हुई तो उन्होंने स्वीकार किया कि डीएम कार्यालय से पार्षद का शिकायती पत्र भेजा गया है। सिटी लेवल टेक्निकल सेल हेड नवीन कुमार ने बताया कि पार्षद ने अपनी शिकायत में कार्यालय के सभी कर्मचारियों का नाम लिख दिए हैं जो सही नहीं है। पत्र में जिस प्रशांत दीक्षित के घर जाने की बात कही गई है, वह जेएसए दलाल संस्था का प्रतिनिधि है और आवंटी का सर्वे करने जाता है। उसके साथ कौन-कौन जाता है और क्या करता है, यह वह नहीं जानते।

प्रधानमंत्री के 19 को बरेली में चेंज ओवर करने की संभावना, तैयारी

बरेली, अमृत विचार : संभल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित कार्यक्रम को लेकर जिले में भी हलचल तेज हो गई है। प्रधानमंत्री का 19 फरवरी को चेंज ओवर सिविल एयरपोर्ट पर होने की संभावना जताई जा रही है। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस प्रशासनिक अफसरों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सुरक्षा एजेंसियां भी चौकन्नी हो गई हैं। दरअसल, संभल में कल्कि धाम का शिलान्यास होना है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हो सकते हैं। पिछले दिनों तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री भी संभल गए थे। हालांकि, अधिकारी चेंज ओवर को लेकर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

मौसम में गर्मी बढ़ते ही और परेशान करने लगी कटौती

कार्यालय संवाददाता, बरेली

फरीदपुर और पढ़ेरा में पेड़ों की छंटनी की वजह से कटौती

देहात क्षेत्र में भी 33 केवी फरीदपुर और 33 केवी पढ़ेरा उपकेंद्रों पर बिजली आपूर्ति बाधित रही। यहां सुबह 10 से दोपहर तीन बजे तक शटडाउन लेकर पेड़ों की छंटनी की गई।

अमृत विचार : गर्मी में बेहतर बिजली मिले, इसके लिए फरवरी में अनुरक्षण कार्यों की वजह से रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में कई-कई घंटे की कटौती की जा रही है। फरवरी में ही दिन में 25 डिग्री तापमान होने की वजह से लोगों को बिजली कटौती से काफी परेशानी हो रही है। शुक्रवार को भी हरुनगला, पीरबहोड़ा, वीर सावरकर नगर, महानगर, जगतपुर आदि क्षेत्रों में दो से चार घंटे की कटौती से लोग परेशान हुए। हरुनगला विद्युत उपकेंद्र के 11 केवी टीपीनगर फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। मेगा मेंशन, जीप ग्रीन, ट्रांसपोर्ट नगर में चार घंटे की कटौती की गई। इसके अलावा 11 केवी पीर बहोड़ा में सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक और 11 केवी वीर सावरकर नगर में दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक शटडाउन लिया गया। महानगर के फीडर शहीद भगत सिंह और आशुतोष सिटी में सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक मरम्मत कार्य की वजह से कटौती गई।

निधि के खर्च का ब्योरा बता रहा है... विकास का क्या मतलब है आपके विधायकों के लिए

किसी ने करोड़ों की लाइटें लगवा डालीं, किसी ने स्वागत द्वारों के निर्माण को दिया महत्व

अनुपम सिंह, बरेली

अमृत विचार : एक तो वित्तीय वर्ष खत्म होने जा रहा है, दूसरे लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां भी शुरू हो चुकी हैं। कुछ ही समय बाद जिले के विधायक जब सांसद प्रत्याशी के लिए वोट मांगने निकलेंगे तो शायद अपनी विधायक निधि से कराए गए विकास कार्यों का हिसाब भी उन्हें देना पड़ेगा। वैसे, जिले के सभी विधायकों ने कम या ज्यादा विकास कार्य कराए हैं लेकिन दिलचस्प यह है कि सभी विधायकों ने अलग-अलग किस्म के विकास कार्यों को महत्व दिया है। इससे विकास को लेकर उनकी प्राथमिकताएं भी साफ हो रही हैं।

दो सपा विधायकों के साथ कुछेक भाजपा के विधायकों ने भी सबसे ज्यादा विधायक निधि सड़कों के निर्माण पर खर्च की है लेकिन भाजपा विधायकों में से ही कुछ ने काफी पैसा फर्नीचर, लाइटों और स्वागत द्वारों पर भी खर्च किया है। इसके अलावा करीब आधे विधायक अपनी विधायक निधि का लगभग शत-प्रतिशत पैसा खर्च कर चुके हैं, सिर्फ कैंट विधायक संजीव अग्रवाल हैं जिन्होंने अब तक आधी विधायक निधि भी खर्च नहीं की है। एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ही हैं जो उन्हें इस मामले में टक्कर दे रहे हैं।

डॉ. अरुण: सड़कों के लिए 3.98 करोड़

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने 69 सड़कों के लिए 3 .98 करोड़, ड्रेनेज पर 15 लाख, फर्नीचर पर 10 लाख, खड़ंजे पर 10 लाख, पुलिया पर चार लाख, सीएचसी बिल्डिंग पर 10 लाख, सोलर स्ट्रीट लाइट पर साढ़े चार लाख, शौचालय पर 15 लाख, कम्युनिटी शौचालय पर साढ़े छह लाख, स्टेडियम पर करीब पांच लाख और शवदाह गृह निर्माण पर 10 लाख रुपये खर्च किए हैं। वह 4 .92 करोड़ से ज्यादा निधि खर्च कर चुके हैं।

डीसी वर्मा: लाइटों पर ही तीन करोड़ खर्च

मीरगंज विधायक डॉ. डीसी वर्मा भी अपनी निधि में से चार करोड़ 93 हजार से ज्यादा की धनराशि खर्च कर चुके हैं। इसमें उन्होंने फर्नीचर के लिए करीब सात लाख दिए हैं। यात्री शेड के लिए उन्होंने 1 करोड़ 87 लाख रुपये की सर्वाधिक धनराशि दी है। इसके अलावा एलईडी हाईमास्ट लाइटों के लिए 1 करोड़ 46 लाख और एलईडी सेमी हाईमास्ट लाइटों पर एक करोड़ 52 लाख रुपये विधायक निधि से खर्च किए गए हैं।

अताउर : सड़कों पर करीब चार करोड़

बहेड़ी के सपा विधायक अताउर रहमान भी सर्वाधिक निधि खर्च करने वाले विधायक हैं। पांच करोड़ की निधि में से चार करोड़ 97 लाख रुपये खर्च कर चुके हैं। उन्होंने सबसे ज्यादा सीसी सड़क के लिए 3 .98 करोड़, खंड़जे के लिए 12 लाख, एलईडी सोलर स्ट्रीट लाइट पर 39 लाख, मीटिंग हॉल पर करीब नौ लाख, सोलर लाइट के लिए 11 लाख, सोलर स्ट्रीट लाइट पर 32 लाख, सोलर हाईमास्ट पर 12 लाख की निधि खर्च की है।

संजीव अग्रवाल: 1.3 करोड़ से बनीं सड़कें

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल सबसे कम खर्च करने वालों में हैं। पांच करोड़ में से उन्होंने दो करोड़ 32 लाख रुपये ही खर्च किए हैं। कैंट विधायक ने कुल 37 कार्य कराएं हैं। सबसे ज्यादा 1 .29 करोड़ रुपया से 24 सीसी सड़कों पर खर्च किया है। सोलर लाइट पर 17 लाख, पार्क पर दो करोड़, कम्युनिटी सेंटर पर 19 लाख, यात्री शेड पर 13 लाख, सोलर स्ट्रीट लाइट पर चार लाख, फर्नीचर पर 11 लाख, शौचालय पर छह लाख खर्च किए हैं।

एमपी आर्य: लाइटों पर करीब दो करोड़

नवाबगंज विधायक डॉ. एमपी आर्या ने इस वित्तीय वर्ष में अब तक करीब 3 .92 करोड़ रुपये की निधि खर्च की है। इसमें सड़क पर 72 लाख, फर्नीचर पर 40 लाख, खड़ंजे पर साढ़े छह लाख, सेमी हाईमास्ट लाइट पर 82 लाख, सोलर लाइट पर 26 लाख 55 हजार, बाउंड्रीवाल करीब 15 लाख, ट्रांसफार्मर पर करीब दो लाख, बिजली पर आठ लाख और सोलर हाईमास्ट लाइटों पर करीब 97 लाख रुपये खर्च किए गए हैं।

धर्मपाल : स्वागत द्वारों पर 1.61 करोड़

आंवला के विधायक और प्रदेश सरकार में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने अपनी निधि में से अब तक तीन करोड़ 33 लाख रुपये की धनराशि ही अब तक खर्च की है। इसमें उन्होंने सीसी सड़कों के निर्माण के लिए 68 लाख 51 हजार, ड्रेन के लिए 23 लाख, खंड़जे पर 41 लाख, यात्री शेड के लिए 38 लाख खर्च किए हैं। निधि में से सर्वाधिक 1 .61 करोड़ की धनराशि अपने क्षेत्र में स्वागत द्वारों के निर्माण के लिए खर्च की गई है।

शहजिल: आधी विधायक निधि सड़कों पर

भोजीपुरा के सपा विधायक शहजिल इस्लाम निधि अपनी निधि में से चार करोड़ 71 लाख रुपये अब तक खर्च कर चुके हैं। इसमें सर्वाधिक दो करोड़ 36 लाख रुपये की धनराशि उन्होंने सीसी सड़कों के निर्माण पर खर्च की है। इसके अलावा एलईडी सोलर लाइट पर 84 लाख, सीएचसी बिल्डिंग पर नौ लाख, सोलर लाइट पर 56 लाख, बाउंड्रीवाल पर आठ लाख, एलईडी सोलर हाईमास्ट लाइट पर 75 लाख की निधि खर्च की है।

महाराज सिंह : आधा पैसा लाइटों पर

एमएलएसी कुंवर महाराज सिंह भी सबसे कम खर्च करने वालों में हैं। उन्होंने दो करोड़ 23 लाख रुपये ही खर्च किए हैं। इसमें छह लाख से सड़क, 31 लाख से फर्नीचर, 41 लाख से एलईडी सोलर लाइट, 16 लाख से सीएचसी की बिल्डिंग, 75 लाख से सोलर स्ट्रीट लाइट, ट्रांसफार्मर पर 15 लाख, एलईडी हाईमास्ट लाइट पर 34 लाख खर्च किए हैं। कहा जा रहा है कि करीब दो करोड़ की निधि से रामपुर में भी काम कराए हैं।

डॉ. राघवेंद्र: दो करोड़ की सड़कें, डेढ़ करोड़ का फर्नीचर

बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने अब तक अपनी निधि की 4 करोड़ 99 लाख से ज्यादा की रकम विकास कार्यों पर खर्च कर दी है। उन्होंने सीसी सड़कों के निर्माण के लिए दो करोड़ नौ लाख, फर्नीचर के लिए 1 करोड़ 43 लाख, सीएचसी बिल्डिंग पर 15 लाख, सोलर स्ट्रीट लाइट पर छह लाख, एलईडी हाईमास्ट लाइट पर 65 लाख 75 हजार, सोलर एलईडी हाईमास्ट लाइट पर करीब 59 लाख रुपये खर्च किए हैं।

श्याम बिहारी : एक करोड़ का फर्नीचर, डेढ़ करोड़ की लाइट

फरीदपुर विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल इस वित्तीय वर्ष की अपनी निधि का सारा पांच करोड़ रुपया खर्च करने वाले जिले के इकलौते विधायक हैं। उन्होंने फर्नीचर के लिए एक करोड़ पांच लाख रुपये की बड़ी रकम दी है। खड़ंजे पर 29 लाख, पुलिया पर 18 लाख, सीएचसी बिल्डिंग पर 10 लाख खर्च किए हैं। सोलर स्ट्रीट लाइट के लिए 1 .48 करोड़, बाउंड्रीवाल के लिए पांच लाख, सड़क के लिए 1 .83 करोड़ दिए हैं।

पुलिस भर्ती परीक्षा और जीबीसी के कारण संपूर्ण समाधान रद्द

बरेली, अमृत विचार : एक ही छत के नीचे सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस शनिवार को नहीं होगा। दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा और जीबीसी (ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी) को लेकर संपूर्ण समाधान दिवस के कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है।

इसकी सूचना एसएसपी, सीडीओ, एडीएम और सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को दे दी गई है। डीएम रविंद्र कुमार ने बताया कि 17 और 18 को पुलिस भर्ती परीक्षा है, जबकि 19 को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी है। ऐसे में 17 फरवरी को होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस 20 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

विकास के साइड इफेक्ट..!

अलखनाथ रोड पर बीबीएल पब्लिक स्कूल के सामने मुख्य मार्ग का सीवर लाइन डालने के लिए सड़क की खोदाई की गई थी। करीब 22 दिन बाद भी सड़क का निर्माण नहीं किया गया है, इसकी वजह से रास्ता बुरी तरह ऊबड़-खाबड़ हो गया है और लोग परेशान हो रहे हैं। शुक्रवार को कई ई-रिक्शा और बाइक पलटने से बचीं।

एक बार फिर बदलेगा मौसम, 19 और 20 को होगी बारिश

बरेली, अमृत विचार: मौसम में एक बार फिर से बदलाव होगा। दो दिन तापमान में बढ़ोत्तरी के बाद 19 और 20 फरवरी को बारिश का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जताया है। उसके बाद 21 और 22 फरवरी को भी बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। इसके बाद तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 24.9 और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 24 से 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहा।

आंवला स्टेशन का होगा कायाकल्प, प्रधानमंत्री करेंगे शिलान्यास

संवाददाता, आंवला

- मुरादाबाद मंडल के 19 स्टेशनों में अमृत योजना में आंवला का भी हुआ चयन
- मुरादाबाद डीआरएम कार्यालय के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

अमृत विचार : आंवला रेलवे स्टेशन का चयन अमृत भारत योजना में हुआ है। उम्मीद है कि फरवरी के अंत तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल इसका शिलान्यास करेंगे। मुरादाबाद डीआरएम कार्यालय के अधिकारियों ने स्टेशन पहुंचकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे आंवला रेलवे स्टेशन पहुंचे मुरादाबाद डीआरएम कार्यालय के सीनियर पब्लिसिटी इंस्पेक्टर अभिषेक दीक्षित और सीएमआई सनद कुमार शर्मा ने बताया कि मुरादाबाद डिवीजन में आंवला समेत 19 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन के तहत चयन किया गया है। पहले 12 स्टेशनों का चयन किया था लेकिन बाद में सात स्टेशन और शामिल किए गए, जिसमें आंवला भी है।

अमृत भारत स्टेशन योजना में भवन सुधार, स्टेशन पर सुविधाएं, सर्कुलेटिंग क्षेत्र, प्रतीक्षालय, लिफ्ट/एस्केलेटर, साफ-सफाई, मुफ्त वाई-फाई, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, एक स्टेशन एक उत्पाद, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, कार्यकारी लाउंज, व्यावसायिक बैठक के लिए नामांकित स्थान, मल्टी-मॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं आदि शामिल हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि फरवरी के अंतिम सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल शिलान्यास करेंगे। जिसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा शिलान्यास के बाद टेंडर प्रक्रिया होगी। इसके बाद इस रूट पर ट्रेनों की संख्या और स्टॉपेज बढ़ेंगे। योजना में नजीबाबाद, अमरोहा, रामपुर, हापुड़, हर्रवाला, कोटद्वार, रूड़की, चंदौसी , शाहजहांपुर, हरदोई, सेहोड़ा, नगीना, बुलंदशहर, गजरौला, गृहमुक्तेश्वर,बिजनौर, धामपुर,आंवला, बालामऊ का भी चयन हुआ है।

अमृत भारत योजना के तहत कायाकल्प होने के बाद ऐसा दिखेगा आंवला स्टेशन।



भारत बंद : सड़क पर किसान, मजदूर, कर्मचारी

दामोदर स्वरूप पार्क में धरना देकर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी, ट्रैक्टरों का जुलूस लेकर पहुंचे कलेक्ट्रेट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: संयुक्त किसान मोर्चा के भारत बंद के आह्वान पर शुक्रवार को भारी संख्या में जिला मुख्यालय पर इकट्ठे हुए किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारी और मजदूर संगठनों ने भी उनका साथ निभाया और दामोदर स्वरूप पार्क में धरना देने के बाद सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद ट्रैक्टरों के साथ जुलूस की शक्ल में कलेक्ट्रेट पहुंचे और ज्ञापन सौंपा।

किसान एकता संघ के साथ अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन, इंटक और सीटू समेत कई संगठनों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। सुबह करीब 10 बजे दामोदर स्वरूप पार्क में धरना शुरू हुआ जहां किसान नेता डा. रवि नागर ने कहा सरकार तीन वर्ष पहले हुए समझौते को लागू नहीं कर रही है। किसानों के आंदोलन को कुचला जा रहा है जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश मेहता ने कहा कि 44 श्रम कानूनों की बहाली, न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये करने की मांग के लिए श्रम महासंघ आन्दोलनरत है। फैसल शेख, यज्ञ प्रकाश, मोहम्मद सद्दीक ने कहा कि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो प्रदेश के सभी जिलों में बड़ा आंदोलन होगा। डीसी मौर्या, राजीव शांत, टीआर लोधी, मुकेश सक्सेना, महेश यादव, कमालुद्दीन, राजेश शर्मा, जगपाल यादव, यशवीर यादव, कैलाश, रामसेवक, हिमांशु,आबिद हुसैन, वसीम खां, फुरकान, इरशाद अहमद, अशफाक, नारायन लाल, पूरन लाल, झम्मन लाल, दिशा आदि मौजूद रहे।

दामोदर स्वरूप पार्क से ट्रैक्टरों पर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान। ● अमृत विचार

- कहा- सरकार तीन वर्ष पहले हुए समझौते को लागू नहीं कर रही
- किसान आंदोलन को कुचलने का लगाया आरोप

बंद के समर्थन में बरेली ट्रेड यूनियन ने भी किया जोरदार प्रदर्शन

बरेली, अमृत विचार : भारत बंद के समर्थन में बैंक, बीमा, रेल, बिजली, पीडब्ल्यूडी समेत कई विभागों और संगठनों के सदस्यों ने पटेल चौक स्थित यूनियन बैंक के सामने प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ हाय-हाय के नारे लगाये। बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी और कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ हम प्रदर्शन को मजबूर हैं। उप महामंत्री गीता शांत ने कहा कि सरकार तमाम सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण कर उनको पूंजीपतियों के हाथों बेचना चाहती है। यूनियन बैंक स्टाफ एसोसिएशन के महामंत्री पीके माहेश्वरी ने कहा सरकार दो करोड़ नौकरियां प्रतिवर्ष देने के वायदे से सत्ता में आई थी जिसे अभी तक पूरा नहीं किया गया। अटेवा के डा. मुनीश गंगवार ने पुरानी पेंशन बहाल करने और किसान यूनियन के हिमांशु ने किसानों पर अत्याचार रोकने, फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य लागू करने की मांग की। अध्यक्षता मुकेश सक्सेना ने की। फैजल, अवतार सिंह ,जितेंद्र मिश्र, राजेंद्र सिंह, अनुराग, रमीज अली ,अमीर खां, सलीम अहमद, जगदीश गंगवार, पवन कुमार, हरिशंकर, आशीष शुक्ला, चरण सिंह, राजेश तिवारी, मोहित, कैलाश आदि मौजूद रहे।

दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में किसानों पर नजर

बरेली, अमृत विचार : किसानों के रेल रोको आंदोलन को लेकर शुक्रवार को जंक्शन पर आरपीएफ और जीआरपी अलर्ट रही। इस दौरान स्टेशन पर गश्त करने के साथ दिल्ली जाने वाली ट्रेनों पर नजर रखी गई।

जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि किसान आंदोलन को लेकर जंक्शन पर स्थिति सामान्य रही, लेकिन सतर्कता बरती गई। आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने स्टाफ और जीआरपी के साथ प्लेटफार्म, सर्क्युलेटिंग एरिया, वेटिंग हाल, दिल्ली जाने वाली ट्रेनों को चेक किया।

स्टेशन पर संदिग्ध लोगों को रोककर पूछताछ भी की। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए बड़ी तादाद में अभ्यर्थियों के आने की वजह से प्लेटफार्म पर अतिरिक्त स्टाफ लगाया जा रहा है।

जंक्शन पर चेकिंग करती रेलवे पुलिस।

पुरानी पेंशन बहाल न हुई तो रोकेंगे रेल

रेलवे मजदूर यूनियन ने भी जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार: एआईआरएफ के आह्वान पर शुक्रवार को एनई रेलवे मजदूर यूनियन (नरमू) के पदाधिकारियों ने डीजल शेड इज्जतनगर में प्रदर्शन किया। केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी और मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह मलिक के निर्देश पर प्रदर्शन में रेल कर्मियों ने पुरानी पेंशन बहाली, संशोधित चार श्रम कानूनों को वापस लेने, निजीकरण एवं ठेकेदारी प्रथा पर रोक लगाने जैसी मांगें उठाईं। केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अगर सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती तो कभी भी अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस देकर रेल के चक्के जाम किए जाएंगे।

- डीजल शेड और यांत्रिक कारखाना पर नरमू का प्रदर्शन

शाखा मंत्री आराम सिंह, राम किशोर, परवेज अहमद, अनुराग शुक्ला, अनिल सेठ, सचिन सक्सेना, मनजीत, ओम प्रकाश, आबिद, मालती नेगी, धर्मपाल, पवन, सत्य प्रकाश, राजवीर सिंह, गोविन्द पोडवाल आदि मौजूद रहे।

बंदरों के हमले में किशोर की छत से गिरकर मौत

रिठौरा, अमृत विचार : बंदरों के हमले के दौरान एक 16 वर्षीय किशोर की छत से गिरकर मौत हो गई। कस्बे में बंदरों की भरमार होने की वजह से लोगों में गुस्सा है। मोहल्ला इंद्रपुरी में रहने वाले सफाईकर्मी टीटू वाल्मीकि ने अपने निर्माणाधीन घर की छत पर जाने के लिए बांस की सीढ़ी लगा रखी है। शुक्रवार को उनकी चार वर्षीय बेटी शालिनी खेल-खेल में सीढ़ी पर चढ़कर छत पर पहुंच गई। इसी बीच छत पर बंदरों का झुंड आ गया। टीटू का 16 वर्षीय बेटा आदर्श छोटी बहन को बचाने के लिए छत पर चढ़ा और उसे उतारकर नीचे ले आया। दूसरी बार वह बंदरों को भगाने के लिए चढ़ा, तभी बंदर उस पर हमलावर हो गए। हड़बड़ाहट में सीढ़ी पर आदर्श का पैर फिसल गया और वह छत से सिर के बल नीचे आ गिरा। लहूलुहान हुए आदर्श को देखकर मां सुधा ने शोर मचाया तो इकट्ठे हुए आसपास के लोग उसे अस्पताल ले गए लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आदर्श पांच भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसके पिता टीटू ठेकेदारों के साथ सफाई का काम करते हैं। हादसे के बाद नगर पंचायत चेयरमैन शकुंतला देवी, पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार, अमित गुप्ता, धनपाल सिंह समेत तमाम लोग घर वालों को ढांढ़स बंधाने पहुंचे।

टप्पेबाज ने पूर्व बीडीसी की जेब से उड़ाए 50 हजार

बहेड़ी, अमृत विचार : एक साइकिल सवार टप्पेबाज ने पूर्व बीडीसी मेंबर को पहले साइकिल से टक्कर मारी और उनके नीचे झुकते ही जेब से रकम निकाल कर भाग गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। निकटवर्ती गांव गुड़वारा निवासी पूर्व बीडीसी मेंबर जय प्रकाश कश्यप के अनुसार, वे कोतवाली की तरफ से आ रहे थे। नैनीताल रोड पर मुंडिया गली के निकट पहुंचते ही अचानक गली से निकले एक युवक ने पैरों पर साईकिल से टक्कर मार दी। कपड़े झाड़ने को वे जैसे ही नीचे झुके तो आरोपी भी उनके ऊपर गिरा और फिर तेजी से उठकर साइकिल लेकर भाग गया। सीधा खड़ा होने के बाद जब सामान और जेब पर नजर दौडाई 50 हजार रुपये गायब थे। जय प्रकाश ने बताया कि सूचना पर चीता सिपाही भी पहुंच गई लेकिन तब तक टप्पेबाज फरार हो गया था।

अब आरएम ने लिखा पत्र... सपा नेता कर रहा सरकार की छवि धूमिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरकारी रिकॉर्ड लीक करने का आरोप लगाकर वरिष्ठ लेखाधिकारी को दिया नोटिस
- मेयर और सांसद ने पिछले दिनों एसडब्लूसी के आरएम की मुख्यमंत्री से की थी शिकायत

अमृत विचार: भाजपा नेताओं के निशाने पर आए राज्य भंडारण निगम (एसडब्ल्यूसी) के आरएम एसएन यादव खुद को फंसता देख बचाव का रास्ता खोजने में लग गए। पैसा मांगने, सपा नेता का करीबी होने समेत भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर मेयर डा. उमेश गौतम और आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप द्वारा मुख्यमंत्री से शिकायत पर आरएम ने सपा नेता और उसके ठेकेदार बेटे पर सरकार की छवि को खराब करने का आरोप लगाते हुए निदेशक को पत्र लिखा है। इसके साथ ही विभाग के दो कर्मचारियों से गोपनीय पत्र लीक करने के आरोप में जवाब मांगा है।

निदेशक को लिखे पत्र में आरएम एसएन यादव ने कहा कि साईं ट्रेडर्स फर्म के ठेकेदार सागर सक्सेना और उनके पिता संजीव सक्सेना अक्सर बेवजह कार्यालय आते हैं और विभाग की झूठी शिकायतें कराते हैं।

दोनों सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। पिछले दिनों कार्यालय के गेट पर आगंतुक रजिस्टर में संजीव सक्सेना ने कार्यालय आने का कारण नहीं लिखा वहीं उनके बेटे सागर सक्सेना ने एक कालम में लिख दिया कि आरएम पैसे मांगता है। उन्होंने इस मामले में वरिष्ठ लेखाधिकारी संजीव कुमार मिश्रा की मिलीभगत का शक जताया। विभाग के गोपनीय दस्तावेज लीक करने में इनकी भूमिका बताते हुए नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

आरोप निराधार, सीसीटीवी की कराएं जांच

सपा नेता संजीव सक्सेना ने बताया कि उनका बेटा सागर लंबे समय से ठेकेदारी कर रहा है। 2019 से अब तक एक-दो बार ही कार्यालय जाना हुआ। बार-बार कार्यालय आने के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। बेटा भुगतान समय से न किए जाने पर कार्यालय जाता रहता है। कार्यालय में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। इसकी जांच करा ली जाए तो हकीकत सामने आ जाएगी कि मैं झूठ बोल रहा हूं या एसएन यादव।

आरएम बोले, यह विभाग का मामला

आरएम एसएन यादव ने वरिष्ठ लेखाधिकारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। इस मामले को लेकर उन्होंने कहा कि यह विभाग का मामला है। छिटपुट गलतियां कर्मचारियों से हुई हैं। विभाग अपने स्तर पर इस मामले को देखा रहा है। कर्मचारियों का जवाब आने पर उसका निस्तारण भी कराया जाएगा।

रिटायर्ड दरोगा के कैंसर पीड़ित बेटे ने गोली मारकर जान दी

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर की तिरुपति विहार कॉलोनी में

रिटायर्ड दरोगा प्रेमप्रकाश सिंह का इंजीनियर बेटा 30 वर्षीय सोनू कैंसर से जूझते हुए हौसला हार बैठा। बृहस्पतिवार रात उन्होंने तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

प्रेमप्रकाश सिंह के दो बेटों में बड़े योगेंद्र पुलिस सेवा में ही हैं। छोटे सोनू हार्डवेयर इंजीनियर थे। कुछ समय पहले सोनू कैंसर की चपेट में आ गए थे जिसकी वजह से तनाव में रहते थे। बृहस्पतिवार रात घर के सभी सदस्यों के सोने के लिए अपने कमरों में चले जाने के कुछ ही देर बाद सोनू ने खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन सोनू के कमरे में पहुंचे तो वह लहूलुहान हालत में पड़े मिले। पास ही तमंचा पड़ा हुआ था। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

परीक्षा से पहले परीक्षा

पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए शुक्रवार रात को ही शहर में अभ्यर्थियों का मेला लगना शुरू हो गया। सैकड़ों अभ्यर्थियों ने जंक्शन पर ही डेरा जमाया और सर्दी से जूझते हुए परीक्षा की तैयारी भी जारी रही। रोडवेज बस अड्डों पर भी अभ्यर्थियों की भीड़ देर रात तक बढ़ती रही।

जुमे की नमाज पर रहा पुलिस का पहरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पिछले शुक्रवार को आईएमसी प्रमुख तौकीर रजा खां की ओर से जेल भरो के आह्वान पर हजारों की भीड़ इकट्ठी होने से शहर में पैदा हुए तनाव के मद्देनजर इस बार जुमे की नमाज के दौरान पुलिस अलर्ट रही। मस्जिदों में पुलिस की निगरानी में नमाज अदा की गई। मिश्रित आबादी वाले इलाकों में फोर्स की गश्त भी लगातार जारी रही।

तौकीर रजा के प्रदर्शन के बाद शहामतगंज में पथराव और मारपीट की घटना होने से बड़ा बवाल होने से बच गया था। इस घटना से भारी तनाव फैल गया था। बारादरी पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से 110 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शहामतगंज में उपद्रव और तीखे बयानों को लेकर व्यापारियों के साथ कई और संगठनों की ओर से मौलाना तौकीर रजा पर केस दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग की गई। हालांकि मौलाना तौकीर ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बाद में दोनों ओर से मामला शांत हो गया।

इसके बावजूद इस बार भी जुमे की नमाज के दौरान एहतियात दिखाते हुए पुलिस सतर्क रही। कोतवाली और बारादरी के मिश्रित आबादी वाले इलाकों में मस्जिदों के बाहर फोर्स तैनात रखा गया। पुलिस गश्त भी करती रही। इससे पहले बृहस्पतिवार देर रात एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने भारी फोर्स और घुड़सवार पुलिस के साथ बारादरी इलाके में पैदल गश्त की।

मस्जिदों के बाहर तैनात रही पुलिस।

रिश्वत प्रकरण : जिला कमांडेंट की तलाश में जुटी एंटी करप्शन की टीम

बरेली, अमृत विचार : रिश्वतखोरी के मामले में होमगार्ड की गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन की टीम जिला कमांडेंट शैलेंद्र प्रताप सिंह की तलाश में जुटी है। जिला कमांडेंट के खिलाफ साक्ष्य भी एकत्र किए जा रहे हैं। होमगार्ड मुख्यालय से मुरादाबाद डिविजनल कमांडेंट राम नरायन चौरसिया को मामले की जांच सौंपी गई है।

होमगार्ड सतीश चंद्र वर्मा को घरेलू विवाद की शिकायत पर जिला कमांडेंट ने ड्यूटी से हटा दिया था। इसके बाद होमगार्ड सतीश जिला कमांडेंट के सामने पेश हुआ था। उन्हें एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि

- मामले में पकड़े गए होमगार्ड के पास से मिला पत्र बना साक्ष्य

जिस मामले में उसे निलंबित किया गया है, वह उसका घरेलू मामला है। उसमें समझौता हो चुका है। सतीश की शिकायत पर एंटी करप्शन की टीम ने रिश्वत लेते हुए होमगार्ड गौरव सिंह चौहान को पकड़ा था। तलाशी में आरोपी होमगार्ड के पास से एक पत्र मिला है, जो जिला कमांडेंट को दिया गया था। आरोपी ने बताया कि कमांडेंट ने ही उन्हें यह पत्र दिया था। कमांडेंट के खिलाफ पर्याप्त सुबूत मिलने के बाद ही मुकदमे में उनका नाम शामिल किया गया था।

25 हजार से अधिक बकाया होने पर 45 कनेक्शन काटे

बरेली, अमृत विचार : बिजली विभाग की टीम ने शुक्रवार को शाहदाना सब स्टेशन क्षेत्र में बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान 25 हजार से अधिक बिल बकाया वाले 45 लोगों के कनेक्शन काटे गए। इसके अलावा नौ लाख रुपये की वसूली की गई।

टीम ने शाहदाना सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले सूफी टोला, कालीबाड़ी, सेमलखेड़ा, माधोबाड़ी, शास्त्री मार्केट और गंगापुर में कार्रवाई की। जिन उपभोक्ताओं ने कनेक्शन काटने के बाद भी बिल नहीं जमा किए हैं, अब उनके मीटर उखाड़ लिए जाएंगे और आरसी जारी की जाएगी।

फाहम लॉन के मालिक समेत पांच के खिलाफ चार्जशीट

- विवेचना में आरिफ के एक बेटे का नाम निकाला, रंगदारी की धारा भी कम की

बरेली, अमृत विचार : बारादरी पुलिस ने फाहम लॉन के मालिक मोहम्मद आरिफ समेत पांच आरोपियों के खिलाफ प्लाट पर कब्जेदारी और धमकाने के मामले में चार्जशीट दाखिल की। विवेचना के दौरान आरिफ के एक बेटे का नाम निकाल दिया गया। साथ ही रंगदारी मांगने की धारा भी कम कर दी।

सुभाषनगर के नेकपुर के रहने वाले काशीनाथ पेशे से बिल्डर हैं। काशीनाथ ने फाहम लान के पड़ोस में जगतपुर क्षेत्र में 24 फरवरी 2023 को नवादा शेखान निवासी श्यामलाल से प्लाट का सौदा किया था। इसके बाद एक अक्टूबर को वह प्लाट में साफ-सफाई कराने के बाद ताला डालकर चले गए । दो अक्टूबर को प्लाट पर श्यामलाल के साथ निर्माण कराने पहुंचे। आरोप है कि इसी दौरान फाहम लान के मालिक मोहम्मद आरिफ गुर्गों के साथ प्लाट पर आए। आरिफ ने प्रयागराज के माफिया अशरफ के साले सद्दाम का नाम लेकर धमकाया और प्लाट पर काम रुकवा दिया। आरिफ ने कहा कि जान बचानी है और प्लाट पर काम कराना है तो 10 लाख रुपये की रंगदारी देनी होगी। आईजी डॉ. राकेश सिंह के आदेश पर पुलिस ने आरिफ, तीनों बेटों फारिक, फाईक, फाहम, लान के मैनेजर और धमेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने विवेचना में आरिफ के बेटे फारिक का नाम निकाल दिया। रंगदारी मांगने की धारा कम करते हुए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है।

पति ने दिया तीन तलाक तो नसीमा बन गई मीनाक्षी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिहार की युवती ने बरेली के महेश से की शादी, सोशल मीडिया पर हुआ था संपर्क

अमृत विचार : बिहार की तीन तलाक पीड़िता नसीमा खातून अपना प्यार पाने के लिए बरेली चली आई। सनातन धर्म अपना कर मीनाक्षी बनी। इसके बाद प्रेमी महेश के साथ मंदिर में सात फेरे लिए। दंपती ने डीएम और एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर जान का खतरा बताया है।

क्योलड़िया थाना क्षेत्र के साहबगंज दलेलनगर गांव के रहने वाले महेश शर्मा की जान-पहचान कुछ समय पहले बिहार के पूर्णिया जिले की रहने वाली नसीमा खातून से सोशल मीडिया के जरिए हुई। बातचीत बढ़ी तो प्यार के अंकुर फूटने लगे। नसीमा ने महेश को अपने तलाकशुदा होने और डेढ़ साल की बेटी के बारे में बताया। महेश ने उसे इस स्थिति में भी स्वीकार करने की हामी भरी।इसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया। नसीमा अपनी डेढ़ साल की बेटी को लेकर बरेली आ गई। यहां महेश और नसीमा आचार्य केके शंखधार से मिले।

केके शंखधार ने अगस्त्य मुनि आश्रम में नसीमा का शुद्धीकरण कर मीनाक्षी शर्मा नाम दिया। इसके बाद दोनों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और एक-दूसरे का हर हाल में साथ देने का वादा किया। मीनाक्षी बनी नसीमा और महेश ने डीएम व एसपी को प्रार्थनापत्र देकर ऑनर किलिंग की आशंका जताकर सुरक्षा की गुहार लगाई।

महेश के साथ मीनाक्षी बनी नसीमा।

सड़क पर बस खड़ी करने से लगा जाम

बरेली, अमृत विचार: सेटेलाइट बस अड्डे के बाहर सड़क पर सवारी भरने के लिए रोडवेज बस खड़ी करने की वजह से शुक्रवार दोपहर लंबा जाम लग गया।

सड़क पर बस खड़ी होने की वजह से पीछे आ रही जेसीबी नहीं निकल सकी। इसकी वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गई। यहां पर ट्रैफिक पुलिस भी तैनात थी लेकिन इसके बावजूद भी काफी देर तक वाहन जाम में फंसे रहे। सेटेलाइट तिराहे पर जाम न लगे, इसके लिए कई प्वांइट पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाते हैं लेकिन इसके बावजूद भी रोजाना किसी न किसी जगह जाम लगता है।

खंडसारी में पकड़ी डेढ़ करोड़ की टैक्स चोरी

संवाददाता, बरेली/हाफिजगंज

- हाफिजगंज में खंडसारी में जीएसटी की एसआईबी की जांच पूरी
- 29 करोड़ की राब बेचने के बाद भी नहीं दिया विभाग को टैक्स

अमृत विचार : हाफिजगंज में बरेली-पीलीभीत हाईवे पर खंडसारी में जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) की जांच शुक्रवार को दूसरे दिन पूरी हो गई। जांच में डेढ़ करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी गई। 29 करोड़ की राब बेचने पर टैक्स नहीं जमा किया गया। चार दिन पहले आंवला में एक सीमेंट कारोबारी के यहां भी टैक्स चोरी पकड़ी गई थी।

राज्यकर विभाग के अपर आयुक्त ओपी चौबे ने बताया कि गुरुवार को जीएसटी की एसआईबी ने डिप्टी कमिश्नर राजीव पांडेय के नेतृत्व में हाफिजगंज में कांडूपुल के पास क्रधा खंडसारी पर छापा मारा था।

जीएसटी टीम का खंडसारी में छापा, पेराई बंद करने पर किसानों ने हाईवे किया जाम

टीम ने राब की पैकिंग समेत कई सामानों की चैकिंग की थी। स्टाक के मिलान पर कर चोरी की आशंका के चलते देर शाम टीम अभिलेख कब्जे में लेकर लौट गई थी। दूसरे दिन शुक्रवार को कब्जे में लिए अभिलेखों की गहनता से जांच में करीब डेढ़ करोड़ रुपये की चोरी मिली। ओपी चौबे ने बताया कि खंडसारी संचालक ने 25 किलो की टिन पैकिंग में गड़बड़ी की।

पैकेजिंग लेबल पर फर्म का कोई ब्रांड नहीं मिला। मिल मालिक के पहुंचने पर राब का स्टाक चेक किया तो वह अभिलेखों के हिसाब से कम मिला, जबकि खाली टिन अधिक मिले। खंडसारी से 29.80 करोड़ की राब बेची गई और इस पर पांच प्रतिशत की दर से डेढ़ करोड़ रुपये जीएसटी बनी। चार साल से लगातार इसी तरह की जीएसटी की चोरी की जा रही थी। जीएसटी जमा करने को लेकर मिल मालिक को नोटिस भेजा गया है।

इसके अलावा मौके पर मिला माल भी सील कर दिया गया है। जीएसटी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि टैक्स जमा नहीं करने वाली फर्मों की जांच की जा रही है। इसी के तहत खंडसारी में छापा मारकर जांच की गई।

बीडीए ने पांच अवैध कॉलोनी ढहाईं

मोहनपुर और मनपुरिया में 33 बीघा एरिया में किया जा रहा था निर्माण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बीडीए के प्रवर्तन दल ने शुक्रवार को शाहजहांपुर रोड पर मोहनपुर और मनपुरिया में 33 बीघा क्षेत्रफल में बनाई जा रही पांच अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

शाहजहॉपुर रोड पर गांव मनुपुरिया में लगभग पांच बीघा क्षेत्रफल में बीडीए की स्वीकृति के बिना राकेश और जावेद अवैध कॉलोनी बसा रहे थे। यहीं पर पांच बीघा क्षेत्र में रईस अहमद और छह बीघा में किस्मत अली खां अवैध कॉलोनी बसा रहे थे। इसके अलावा मोहनपुर प्रथम नकटिया में मोहम्मद रजा लगभग आठ बीघा क्षेत्रफल में और मोहनपुर द्वितीय में शाकिर हुसैन लगभग दस बीघा क्षेत्रफल में अवैध कॉलोनी बसा रहे थे। यहां पर सड़क, नाली, चारदीवारी आदि निर्माण करा लिए गए थे। प्रवर्तन दल ने बुलडोजर चलाकर सभी कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। बीडीए का कहना है अवैध कॉलोनियों के खिलाफ इसी तरह से बुलडोजर चलता रहेगा। दल में एई हरीश चौधरी, जेई सुनील गुप्ता, रमन अग्रवाल आदि रहे।

अवैध निर्माण तोड़ता बीडीए का बुलडोजर।

धोखाधड़ी : धनराज बिल्डर्स का अवैध कॉलोनी में बनाया मकान बीडीए ने गिराया, रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : एक और महिला धनराज बिल्डर्स के धोखे का शिकार हो गई। बीडीए की चेतावनी के बावजूद बिल्डर्स के प्रतिनिधि ने अवैध कॉलोनी में आठ लाख रुपये लेकर उसके लिए मकान बना दिया जिसे बाद में बीडीए ने गिरा दिया। कोर्ट के आदेश पर थाना कैंट में इसकी रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सिरौली के गांव गुलड़िया में रहने वाली हेम कुमारी के मुताबिक उन्होंने 2017 में गांव ठिरिया निजावत खां की कृष्णा कॉलोनी में धनराज इन्फ्राटेक के अधिकृत प्रतिनिधि शशांक शर्मा से तीन लाख रुपये कीमत में 50.16 वर्ग मीटर का प्लॉट खरीदा था। इस प्लॉट पर शशांक ने ही बाद में छह लाख रुपये लेकर एकमंजिला मकान बनवा दिया था। 22 अक्टूबर 2023 को वह मकान देखने पहुंचीं तो मकान खंडहर में तब्दील मिला। बीडीए अफसरों ने बताया कि कॉलोनी अवैध थी और उसमें बने मकानों को ध्वस्त किए जाने का नोटिस धनराज इन्फ्राटेक को काफी समय पहले ही दिया जा चुका था। इसके बाद कंपनी के प्रतिनिधि शशांक से अपनी रकम वापस मांगी तो उसने साफ इन्कार करते हुए धमकियां देनी शुरू कर दीं। कोर्ट के आदेश पर शशांक के खिलाफ थाना कैंट में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ग्रेटर बरेली में चार सौ भूखंड बेचकर 150 करोड़ कमाए

बरेली, अमृत विचार : बीडीए ने ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के सेक्टर-1 बी में भूखंड आवंटन के लिए शुक्रवार को लॉटरी निकाली। 400 भूखंडों को बेचकर प्राधिकरण ने 150 करोड़ रुपये की कमाई की है।

रामगंगा नगर आवासीय योजना के नए भवन में वीसी मानिकनदंन ए की मौजूदगी में लाटरी का ड्रा निकाला गया। ग्रेटर बरेली के सेक्टर-1 बी में भूखंड पाने के लिए 523 लोगों ने आवेदन किया था। योजना में केवल 400 भूखंड थे। सचिव योगेन्द्र कुमार ने बताया कि ग्रेटर बरेली आवासीय योजना 60 मीटर चौड़े बरेली बीसलपुर मार्ग और 80 मीटर चौड़े लखनऊ दिल्ली मार्ग बड़ा बाईपास पर स्थित है। योजना में 45 और 30 मीटर चौड़ी जोनल रोड बनाई जाएगी। योजना में आवासीय, व्यवसायिक भूखंडों के अतिरिक्त होटल, अस्पताल, विभिन्न स्तर के शैक्षिक संस्था, साइबर सिटी, मल्टीप्लेक्स आदि की स्थापना के लिए भी भूखंड विकसित किए जा रहे हैं।

अग्रवाल सेवा समिति का नेत्र परीक्षण शिविर 18 को

बरेली, अमृत विचार : अग्रवाल सेवा समिति के महामंत्री दिनेश कुमार अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 18 फरवरी को समिति की ओर से आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में निर्धन लोगों की जांच के साथ मोतियाबिंद, काला पानी के ऑपरेशन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अग्र समाज के लोगों को समिति की ओर से कानूनी सलाह की सुविधा भी शुरू की गई है। इस दौरान संरक्षक अजय कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल, विजय कृष्ण गोयल, विपिन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, देवेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

नकटिया चौकी के सामने पुल पर लगाई गमलों की दुकान

बरेली, अमृत विचार : नकटिया पुलिस चौकी के सामने पुल पर गमलों की दुकान सजा ली गई है। गमले खरीदने के लिए वाहन रुकते हैं, जिसकी वजह से हादसे की आशंका बनी रहती है। आने वाले दिनों में जाम की भी स्थिति होगी लेकिन इसके बावजूद पुलिस ध्यान नहीं दे रही है।

किराना उत्पाद खरीदने का दबाव नहीं बना सकते कोटेदार

बरेली, अमृत विचार : कोटेदार मुफ्त खाद्यान्न देने के साथ नामक आदि उत्पाद खरीदने का दबाव कार्ड धारकों पर बना रहे हैं। ऐसे शिकायतें पूर्ति विभाग के पास पहुंच रही हैं। इस पर अधिकारियों ने कोटेदारों को निर्देशित किया है कि कोटेदारों की दुकानों पर किराना सामान रखने के आदेश केवल कार्ड धारकों की सुविधा के लिए है। कोटेदार इन्हें खरीदने का दबाव नहीं बना सकते हैं।

दरअसल, लोगों को सुविधा देने और कोटेदारों की आय बढ़ाने के मकसद से विभाग की तरफ से निर्देश दिए गए हैं कि कोटेदार अपनी दुकान पर किराना और स्टेशनरी संबंधी सामान रख सकते हैं। जिलापूर्ति अधिकारी नीरज सिंह ने बताया कि सामान खरीदने के लिए कार्डधारकों को बाधित नहीं किया जा सकता है। वहीं, नामित एजेंसी के नाम पर कुछ कोटेदारों को नमक बेच दिया गया। ऐसी शिकायत मिलने पर जिलापूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि विभाग की तरफ से कोई एजेंसी नामित नहीं की गई है।

कीट नियंत्रण के प्रति सतर्कता जरूरी

बरेली, अमृत विचार : बिलवा स्थित एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम) प्रयोगशाला में किसानों, तकनीकी अधिकारियों और कर्मचारियों को आईपीएम और कृषि रक्षा की नई तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। संयुक्त कृषि निदेशक डॉ. राजेश कुमार ने किसान मित्र एप की जानकारी देते हुए कहा कि किसान को गुणवत्ता और उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान रखते हुए फसलों पर लगने वाले रोग नियंत्रण के प्रति सतर्कता बरतनी चाहिए। केवीके के कृषि वैज्ञानिक डॉ. रंजीत सिंह ने फलों और सब्जियों की फसलों में लगने वाले कीट से जुड़ी जानकारी दी। प्राविधिक सहायक सत्यपाल गंगवार, डॉ. निष्ठा रावत, शाहजहांपुर के कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार, उप कृषि निदेशक कृषि रक्षा विश्व नाथ ने भी जानकारी दी।

नए आपराधिक कानून के मिथक दूर करने के लिए करेंगे जागरूक

बरेली, अमृत विचार : नए आपराधिक कानून के मिथ दूर करने के लिए यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए हैं। इसके तहत कुछ मिथक और सच के बारे में संस्थानों को स्टैंडी, सेमिनार या अन्य माध्यम से जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। यूजीसी के सचिव मनीष जोशी ने इस संबंध में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति और संस्थानों के प्राचार्यों को निर्देश दिए हैं।

डॉ. कुलदीप गंगवार
M.B.B.S M.D (Pediatrics)
शिशु रोग विशेषज्ञ
चौकी चौराहा निकट महिला थाना, बरेली
मो. 9411088493
9457096487
उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड का एकमात्र अत्याधुनिक विदेशी मशीनों से युक्त शिशु एवं बच्चों का सर्वश्रेष्ठ गहन चिकित्सा केन्द्र
गंगवार हॉस्पिटल
OMPC सोसाइटी
चैरिटेबिल ओ.पी.डी.
मंगलवार एवं शुक्रवार
समय : प्रातः 10 से 11 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपये
आर्थिक रूप से असहाय रोगियों हेतु विशेष सहयोग
दिन मंगलवार एवं शुक्रवार
कैंट जनरल अस्पताल, बरेली
समय दोपहर 2 से 4 बजे
परामर्श शुल्क मात्र 100 रुपये
Mob. 5812970135
ऑवला
IFFCO HOSPITAL
बृहस्पतिवार
समय 4 से 6 बजे तक
समय से पूर्व (Premature) पैदा होने वाले शिशुओं में खतरनाक लक्षण
1. शिशु में HMD के लक्षण होने पर जैसे-किन्हाना, जल्दी-जल्दी सांस लेना, सांस की गति अधिक होना, छाती में गढ्ढा पड़ना, नथुने फूलना, नीला पड़ना।
2. शिशु का तापमान कम होना या छूने पर ठंडा लगना।
3. शिशु को पीलिया अधिक होना।
4. शिशु का दूध का कम पी पाना या न पी पाना।
5. पेट फूलना व पेशाब कम होना।
6. शिशु का सुस्त होना या दौरे पड़ना।
क्या न करें
1. शिशु द्वारा दूध न पी पाने पर शिशु को फाये से दूध न पिलायें।
2. पीलिया होने पर धूप न दिखायें।
3. शिशु को कोई भी ऊपर का दूध व शहद, घुट्टी, ब्राण्डी आदि न दें।
4. शिशु को पुराने व गंदे कपड़े न पहनायें।
5. शिशु को माँ से अलग न रखें।
क्या करें
1. शिशु को माँ का दूध पिलाने के बाद डकार अवश्य दिलायें।
2. शिशु का तापमान कम होने पर शिशु को माँ की छाती से लगायें।
3. बीमार व्यक्तियों से दूर रखें।
4. शिशु को समय से टीके लगवायें।
5. शिशु को कोई भी खतरनाक लक्षण दिखने पर तुरन्त बाल रोग विशेषज्ञ को दिखायें।
(EMO Doctors)
डा. प्रवीण गंगवार (तिलहर)
डा. परमजीत सिंह (खीरी)

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (ओरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient

उपलब्ध सुविधायें :
☞ शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
☞ दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler)
☞ हिलते हुए दाँतों को जाम करना।
☞ दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT)
☞ मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
☞ दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
☞ सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless)
☞ दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing)
☞ टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces /Aligner)
☞ डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges)
☞ मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
☞ गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज।
☞ एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा।
☞ एडवान्स एक्स-रे यनिट

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

ADITYA
डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश् लॉन पीलीभीत बाईपास् रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

कैंसर लाइलाज नहीं है।
रोगियों के सफल चिकित्सा के लिये आवश्यक है योग्य चिकित्सक का चुनाव सभी रोगों की चिकित्सा सर्जरी ऑपरेशन ही नहीं है। होम्योपैथी चिकित्सा विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित चिकित्सा है। विश्व के 78 देशों में होम्योपैथी चिकित्सा प्रभावित एवं सफल चिकित्सा के रूप में पहचान प्राप्त है।
ब्रेन, न्यूरो, स्पाइन, डाइबिटी, ब्लड प्रेशर, लिवर, गुर्दा, थाइराइड, हृदय, स्त्री रोग
डॉ. जी.एस. पुन्डीर
(एम.डी.)
होम्योपैथिक कन्सलटेन्ट
कनिक, क्रिटिकल, इनक्यूरेबिल रोग
होलिस्टिक एडवान्स होम्योपैथी
होम्योपैथी चिकित्सा
एडवान्स होम्योपैथी होलिस्टिक
ए/98-99, सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उ.प्र.) M-9359114707

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

मरीज एन्डोस्कोपी द्वारा देखे जाते हैं।
परामर्श शुल्क ₹ 200/-
मिलने का समय
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 7 बजे से 9 बजे तक
(सोमवार से शनिवार)
सुविधायें
• नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
• गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
• कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
• थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
• दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी
पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

सार-संक्षेप

हॉट कुक्ड मील योजना का करें क्रियान्वयनः डीएम

बरेली, अमृत विचार : आंगनबाड़ी केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं बढ़ाने को लेकर शुक्रवार को संजय कम्युनिटी हाल में डीएम रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कन्वर्जेंस विभागों के साथ मंडल स्तरीय गोष्ठी की गई। इसमें डीएम ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पाठशाला पूर्व शिक्षा ग्रहण करने के लिए शत प्रतिशत उपस्थिति कराते हुए हॉटकुक्ड मील योजना का सफल संचालन कर लाभ दिया जाए। सभी कन्वर्जेंस विभागों को निर्देश दिए कि चिह्नित सभी लर्निंग लैब, सत्र 2022-23, 24 के आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण जल्द पूरे कराए जाएं। सीडीओ जग प्रवेश, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

शाकाहार के साथ नशामुक्त जीवन के लिए किया प्रेरित

बरेली, अमृत विचार : किला में मोहल्ला स्वालेनगर स्थित बाबा जयगुरुदेव आश्रम से शुक्रवार को गीता सक्सेना की अगुवाई में प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान लोगों को शाकाहारी, सदाचारी और नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। प्रभात फेरी शिव मंदिर, चौक, नवदिया गांव से होते हुए दोबारा आश्रम पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस मौके पर लोगों को प्रसाद का वितरण किया गया। गीता सक्सेना ने बताया कि बाबा जयगुरुदेव के बताए मार्ग के अनुसार शाकाहारी, सदाचारी रहते हुए नशामुक्त जीवन जीना मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। लखन सक्सेना , किशोर, जगदीश, रिती, यशी, विष्णु, सुरेन्द्र सक्सेना, कल्पना सक्सेना, नंदलाल, रामबाबू, लालाराम, देवदत्त , श्वेता ,चिराग, सूरज आदि मौजूद रहे।

जीजीआईसी में छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

बरेली, अमृत विचार : बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शुक्रवार को एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अर्चना राजपूत ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। वहीं, महिला कल्याण विभाग के वन स्टॉप सखी केंद्र के प्रबंधक चंचल गंगवार ने विभिन्न योजनाओं के साथ हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। सुमन गंगवार, प्रधानाचार्य दीप्ति वार्ष्णेय मौजूद रहीं।

गायत्री महायज्ञ की कलश यात्रा से होगी शुरुआत



बरेली, अमृत विचार : पीलीभीत बाईपास रोड स्थित महानगर कॉलोनी के मोदी ग्राउंड में चार दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शनिवार से शुरू होगा। कार्यक्रम संयोजक बलवीर सिंह ने बताया कि पहले दिन कॉलोनी के संकटमोचन हनुमान मंदिर से सुबह 10 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। शाम को छह बजे से प्रवचन शुरू होगा। 18 फरवरी को सुबह आठ बजे गायत्री महायज्ञ और शाम को नारियों जागो स्वयं को पहचानो कार्यक्रम होगा। अगले दिन सुबह आठ बजे से गायत्री महायज्ञ, विवाह, दीक्षा एवं विभिन्न संस्कार संपन्न होंगे। शाम को दीप महायज्ञ का आयोजन होगा। पूर्ण आहुति जन्म शताब्दी के संकल्प के साथ 20 फरवरी को कार्यक्रम का समापन होगा। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के दौरान सभी संस्कार निशुल्क संपन्न कराए जाएंगे।

एनएसएस शिविर में विद्यार्थियों ने की सफाई

बरेली,अमृत विचार : एफआर इस्लामिया इंटर कॉलेज के छात्रों ने एनएसएस शिविर में हरुनगला प्राथमिक विद्यालय और आसपास सफाई कर स्वच्छ भारत मिशन का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी फरहान अहमद ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल सफाई करना ही नहीं बल्कि लोगों को पौधे लगाने, वातावरण स्वच्छ बनाने व शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जागरूक करना है। एसबीआई बैंक के डिवीजनल मैनेजर नितिन सक्सेना ने विद्यार्थी जीवन में बचत का महत्व बताया। अरुण कुमार, मो. उस्मान, मोहित यादव, प्रशांत, रेहान, ऋषिपाल आदि छात्र मौजूद रहे।

पुलिस भर्ती : जिले के 47 केंद्रों पर 88 हजार अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

एसटीएफ के रडार पर सॉल्वर गिरोह, केंद्रों पर पुलिस रहेगी तैनात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जिले में दो दिन में चार पालियों 47 परीक्षा केंद्रों पर 87936 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रत्येक पाली में करीब 21 से 22 हजार अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। शहर में 33 और देहात में 14 केंद्र बनाए गए हैं। ज्यादातर अभ्यर्थी दो सौ किलोमीटर सीमा के जिलो के हैं, जबकि 18 हजार अभ्यर्थी बिहार, राजस्थान और अन्य प्रदेशों के हैं। हर एक परीक्षा केंद्रों पर 10 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। साल्वर गिरोह पर एसटीएफ की नजर है।

पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे होगी। अभ्यर्थियों को आधे घंटे पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। उसके बाद केंद्र पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 से 5 के बीच होगी। केंद्रों पर पहुंचने के लिए अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए हेल्प सेंटर के रूप में स्टेशन पुलिस चौकी काम करेगी। चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों के पास सभी केंद्रों की जानकारी होगी। परीक्षा के बाद वापसी के लिए जाने वाली ट्रेनों व अन्य संसाधनों के बारे में भी आसानी से जानकारी मिल सकेगी। दूसरे जनपदों से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए सेटेलाइट पर विशेष सतर्कता रहेगी।

पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से ट्रेनों में भीड़ बढ़ी तो यात्रियों को जूझना पड़ा।

ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह अलर्ट

परीक्षा के नोडल अफसर एसपी ट्रैफिक शिवराज ने बताया कि बड़ी संख्या में परीक्षा देने अभ्यर्थी पहुंचेंगे, इसके चलते ट्रैफिक पुलिस को पूरी तरह से अलर्ट किया गया है, ताकि परीक्षा छूटने के बाद जाम न लगे। हालांकि कोई रूट डायवर्जन नहीं किया गया है। रोज की तरह दिन में शहर में नो एंट्री रहेगी।

एसटीएफ की टीमें केंद्रों पर रखेंगी नजर

एसटीएफ की टीम भी सतर्क हो गई है। परीक्षा केंद्रों पर भी नजर रखी जा रही है। एसटीएफ सीओ अब्दुल कादिर ने शुक्रवार को ही टीम के साथ बैठक कर शनिवार व रविवार के लिए रणनीति तैयार की।

> जिले में 47 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हर एक परीक्षा केंद्रों पर 10 पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी। परीक्षा के दौरान पूरी निगरानी की जाएगी।
>
> **घुले सुशील चंद्रभान,** एसएसपी

पुलिस भर्ती के कारण ट्रेनों में भीड़ बढ़ी तो शुक्रवार को जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने के दौरान यात्रियों को परेशानी से जूझना पड़ा।

अभ्यर्थियों के लिए चलेंगी 25 अतिरिक्त बसें

बरेली, अमृत विचार : जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज ने सेटेलाइट और पुराना रोडवेज बस स्टैंड पर 25 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गई है। जिस रूट के 25 से ज्यादा अभ्यर्थी होंगे उस रूट पर बस को रवाना कर दिया जाएगा। एआरएम संजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पुराने और सेटेलाइट बस अड्डे पर परीक्षा को लेकर एक एक नोडल अधिकारी को तैनात किया जाएगा। वहीं बस अड्डों पर परीक्षा वाले दिन स्टाफ भी बढ़ा दिया जाएगा।

पुलिस भर्ती : नौ ट्रेनों के समय में किया बदलाव

बरेली, अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर रेल प्रशासन की तरफ से अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। इज्जतनगर रेल मंडल की तरफ से नौ ट्रेनों को रिशेड्यूल किया गया है। इसके अलावा कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं।

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रेन संख्या 05338 बरेली सिटी-कासगंज एक्सप्रेस को 80 मिनट रिशेड्यूल कर चलाया जाएगा। लिहाजा यह ट्रेन बरेली सिटी से शाम 6 :30 बजे रवाना होगी। 15061 कासगंज-लालकुआं एक्सप्रेस कासगंज से 35 मिनट रिशेड्यूल कर शाम 6 :00 बजे चलाई जाएगी। 05348 अछनेरा-कासगंज मथुरा से 13 :05 बजे चलाई जाएगी, इस ट्रेन को अछनेरा से 75 मिनट रिशेड्यूल किया जाएगा। 05349 कासगंज-फर्रुखाबाद एक्सप्रेस कासगंज से शाम 6 :00 बजे चलाई जाएगी। 05423 कासगंज-भरतपुर कासगंज से शाम 6 :00 बजे चलाई जाएगी। ट्रेनों में दो-दो अतिरिक्त जनरल कोच भी लगेंगे। इसके अलावा कई अन्य ट्रेनों के समय में भी बदलाव किया गया है।

जंक्शन पर खोले जाएंगे दो अतिरिक्त काउंटर

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर पुलिस भर्ती के लिए आने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए दो अतिरिक्त अनारक्षित टिकट काउंटर खोले जाएंगे। अभ्यर्थी जंक्शन पर लगी एटीवीएम के अलावा स्टेशन के बाहर मौजूद जेटीबीएस काउंटरों से भी टिकट ले सकते हैं।

संकीर्तन के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया

बरेली। श्री वृंदावन संकीर्तन मंडल ने शुक्रवार को श्री हर मिलाप शिव शक्ति मंदिर में संकीर्तन किया। गणेश वंदना के साथ संकीर्तन की शुरुआत हुई। गायक जगदीश भाटिया, अमित अग्रवाल आदि ने भजन के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु थिरकते रहे। अमित अग्रवाल ,अंब्रिश शर्मा, अंकित प्रजापति, सिद्धार्थ नेगी, अंकुर आदि मौजूद रहे।

सीबीएसई : दूसरे दिन छात्र-छात्राओं की परीक्षा में शत-प्रतिशत उपस्थिति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सीबीएसई के 10 वीं के छात्र-छात्राओं ने दूसरे दिन शुक्रवार को इंट्रोडक्शन टू टूरिज्म, इंट्रोडक्शन टू फाइनेंस मार्केट, फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर, एग्रीकल्चर और 12 वीं के विद्यार्थियों ने बायोटेक्नोलॉजी विषय की परीक्षा दी। परीक्षा में छात्र-छात्राओं की उपस्थित शत प्रतिशत रही।

10 वीं के 144 और 12 वीं के 30 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। कुल छह केंद्रों में कैंट स्थित बिशप कॉनराड सीनियर सेकेंड्री स्कूल, आर्मी स्कूल, बीबीएल, सेक्रेड हार्ट पब्लिक स्कूल, बहेड़ी में मिशन एकेडमी, कैंट स्थित केंद्रीय विद्यालय में परीक्षा हुई।

आज संगीत की होगी परीक्षा : शनिवार को 10 वीं के छात्रों हिंदुस्तानी संगीत और एलिमेंट्स ऑफ बुक कीपिंग एंड अकाउंटेंसी की परीक्षा देंगे। वहीं 12 वीं के विद्यार्थियों की इंजीनियरिंग ग्राफिक्स, कथक डांस, भरतनाट्यम, कुचीपुड़ी, ओडीसी, मनीपुरी, कथकली, हार्टिकल्चर और डाटा साइंस की परीक्षा होगी।

कैंट स्थित केंद्रीय विद्यालय जेएलए टू से परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी।

> बायोटेक्नोलॉजी का पेपर ठीक हुआ है। 85 फीसदी से अधिक प्रश्नों को हल किया है। उम्मीद है कि कम से कम 80 फीसदी अंक तो मिलेंगे।
>
> **-शुभम राठौर,** छात्र 12 वीं

> ज्यादातर प्रश्न आसान थे, इसलिए दिक्कत नहीं हुई। दो तीन प्रश्नों को समझने और लिखने में जरूर काफी वक्त लगा। ओवरऑल पेपर अच्छा रहा।
>
> **-शिप्रा गंगवार,** छात्रा, 12 वीं

> अधिकांश प्रश्न ऐसे थे, जिनकी पहले से तैयारी कर रखी थी, इसलिए ज्यादा दिक्कत नहीं हुई। एग्रीकल्चर से संबंधित प्रश्न थोड़े कठिन थे। फाइनेंस मार्केट के कुछ प्रश्नों को हल करने में अधिक समय लगा। **-नमित मिश्रा,** छात्र, 10 वीं

10 बजे के बाद परीक्षा केंद्रों पर नहीं होगा छात्रों का प्रवेश

सीबीएसई के सिटी समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि 10 बजे के बाद परीक्षा केंद्रों में छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी छात्र एडमिट कार्ड और स्कूल आईकार्ड साथ लाएं। छात्र अपने स्कूल यूनिफार्म में ही सेंटर पर परीक्षा देने पहुंचें।

क्रीड़ा भारती ने स्कूलों में कराया सूर्य नमस्कार

बरेली, अमृत विचार: क्रीड़ा भारती की ओर से शुक्रवार को रथ सप्तमी पर विभिन्न स्कूल-कॉलेजों और प्रमुख क्रीड़ा संस्थानों में सूर्य नमस्कार कराया गया।

क्रीड़ा भारती के रामपाल सिंह यादव, धर्मेन्द्र शर्मा, डॉ. शिव राम शर्मा, सौमित्र शर्मा, प्रमोद मिश्रा, ब्रह्मानंद भारती, नरेन्द्र शर्मा आदि ने स्पोर्ट्स स्टेडियम, साई स्टेडियम, कैंट, केशलता स्कूल, एमजेपीआरयू यूनिवर्सिटी, कांती कपूर विद्या मंदिर आदि में सूर्य नमस्कार कराया। क्रीड़ा भारती के आह्वान पर जिले के करीब 50 स्कूल-कॉलेजों में सूर्य नमस्कार कराया गया। जिला एवं महानगर की टीम ने गांधी उद्यान, सिविल लाइंस में सूर्य नमस्कार किया।

अब शिक्षकों के सीधे खातों में पहुंचेगी प्रशिक्षण की धनराशि

बरेली, अमृत विचार : अब शिक्षकों के सीधे खातों में पहुंचेगी प्रशिक्षण संबंधी धनराशि। इस नई व्यवस्था से धनराशि में बंदरबांट पर पूरी तरह से अंकुश लग जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने इस संबंध में बेसिक शिक्षा विभाग को पत्र भेजा है।

विभाग की ओर से डायट स्तर पर कई प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। इसमें तमाम शिक्षक भाग लेते हैं। प्रति शिक्षक के जलपान के लिए 200 रुपये के हिसाब से भुगतान होता है। विकास खंड स्तर पर 170 रुपये के हिसाब से भुगतान होता है। जिला समन्वयक प्रशिक्षण योगेश गंगवार ने बताया कि शासन स्तर पर शिक्षकों के खातों में प्रशिक्षण संबंधी राशि भेजने का निर्णय लिया गया है।

रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा 115 केंद्रों पर होगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ विश्वविद्यालय ने बरेली में बनाए हैं 19 परीक्षा केंद्र

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा 20 फरवरी से नौ जिलों में 115 केंद्रों पर होगी। विश्वविद्यालय ने बरेली में बरेली कॉलेज समेत 19 केंद्र बनाए हैं। परास्नातक की परीक्षा के साथ नर्सिंग और पैरामेडिकल की भी परीक्षा शुरू होगी। इसके केंद्र भी निर्धारित किए गए हैं। परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त होने के बाद स्नातक और परास्नातक की वार्षिक यानी मुख्य परीक्षा शुरू हो जाएगी।

अभी इसके फार्म भरवाए जा रहे हैं। इससे साफ है कि अब महाविद्यालयों में कक्षाएं भी प्रभावित होंगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बरेली में 19, पीलीभीत में नौ, बदायूं में छह, रामपुर में आठ, शाहजहांपुर में 14, मुरादाबाद में 15, बिजनौर में 26 केंद्र बनाए गए हैं।

इसके अलावा अमरोजा और संभल में भी केंद्र बनाए गए हैं। बरेली कॉलेज में स्वकेंद्र समेत सात कॉलेज का केंद्र बनाया गया है। इसमें 2911 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे, जिसमें 2429 बरेली कॉलेज और 482 छह अन्य कॉलेजों के हैं।

जम्मू से पैदल अयोध्या

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग आराध्य के दर्शन के लिए पैदल जा रहे हैं। जम्मू से अयोध्या पैदल जाते राकेश कुमार और रमन शर्मा शुक्रवार को बरेली से होकर गुजरे।

भागवत कथा को सुनना जगत का सबसे बड़ा सत्कर्म

बरेली, अमृत विचार : नेकपुर के ललिता देवी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा की महिमा का श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक श्रवण किया।

वृंदावन से पधारे कथाव्यास कविचंद्र दास ने शुक्रवार को बताया कि भागवत कथा का श्रवण जगत का सबसे बड़ा सत्कर्म है। इसी कथा से देव ऋषी नारद ने भक्तिदेवी के दोनों पुत्रों ज्ञान और वैराग्य को नवजीवन प्रदान किया था। प्रेत योनि से धुंधकारी की मुक्ति हुई थी।

कथाव्यास ने बताया कि कथा सुनाने वाला विरक्त वैष्णव ब्राह्मण और निर्लोभी होना चाहिए। उन्होंने चौबीस अवतारों

कथाव्यास कविचंद्र दास।

का वर्णन करते हुए कहा कि राम और कृष्ण अवतार नहीं अवतारी हैं। कथाव्यास ने मधुर भजनों की संगीतमय प्रस्तुति देकर पूरा वातावरण भक्तिमय बना दिया। त्रिवेणी मौर्य, गोपाल मौर्य, आकाश रस्तोगी, शिवांश उपाध्याय, चंदन श्रीवास्तव, अमन सैनी, प्रवेंद्र पटेल, अशोक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव से पहले सात बीईओ का तबादला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से जारी की गई सूची

▸▸ कई अफसरों का कार्यकाल पूरा पर तबादला सूची में नाम नहीं

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले तबादलों का दौर शुरू हो गया है। बेसिक शिक्षा विभाग के सात बीईओ का तबादला कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन आयोग की ओर से स्थानांतरण सूची जारी कर दी गई है। हालांकि, कई अफसर ऐसे हैं, जिनका तीन से चार साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है, मगर उनका नाम इस सूची में नहीं है। फिलहाल, जिन अफसरों का तबादला हुआ है, उन्हें अभी तक रिलीव नहीं किया गया है।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह तबादला सूची जारी की है। इसमें ऐसे बीईओ को शामिल किया गया है, जिनका चार में से तीन साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इनमें बीईओ अमन गुप्ता, प्रियांशी सक्सेना, दिलीप कुमार, शीतल श्रीवास्तव, मनोज राम, विवेक कुमार गुप्ता और विवेक कुमार का नाम शामिल है। वहीं, एडी बेसिक विनय कुमार का जिले में तीन साल से अधिक का कार्यकाल पूरा हो चुका है।

आलमपुर जाफराबाद के बीईओ मुकेश कमल भारती, भुता के बीईओ भानुशंकर गंगवार और दमखोदा ब्लाक के बीईओ प्रेमसुख गंगवार का कार्यकाल तीन से अधिक हो चुका है, मगर इनका नाम स्थानांतरण सूची में नाम नहीं है। विभागीय सूत्रों के अनुसार जिन खंड शिक्षा अधिकारियों का नाम तबादला सूची में है, उन्हें अभी तक विभाग स्तर से रिलीव करने की कार्यवाही नहीं की गई है। फिलहाल, आला अफसर खामोश हैं।

कंप्यूटर प्रशिक्षण और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अभ्यर्थी 29 फरवरी तक करें आवेदन

बरेली, अमृत विचार : सहायक निदेशक सेवायोजन त्रिभुवन सिंह ने बताया कि शिक्षण और मार्गदर्शन केंद्र स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में अप्रैल 2024 से एक वर्षीय निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। इसके लिए अनुसूचित जाति, जन जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप पर 29 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। बताया कि आवेदकों की शिक्षा इंटर मीडिएट तक होनी चाहिए और उम्र कम से कम 18 वर्ष हो। आवेदन पत्र लेने के लिए किसी भी कार्य दिवस में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के कमरा नंबर 19 में कोचिंग लिपिक जहीर हुसैन से संपर्क कर सकते हैं।

बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए 20 को होगा ट्रायल

बरेली, अमृत विचार : प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक और बालिका अंडर- 19 बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल 20 फरवरी और मंडल स्तरीय 21 फरवरी को होंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि मुरादाबाद के सनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता होगी। खिलाड़ी जन्मतिथि प्रमाण पत्र और अन्य दस्तावेज के आधार पर ट्रायल में हिस्सा ले सकेंगे।

श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

बरेली, अमृत विचार : श्रीश्याम कृपा मंडल की ओर से शुक्रवार शाम सुभाष नगर के रामलीला मैदान में श्याम वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। गायक राम, श्याम, कुक्की अरोड़ा ने भजनों की प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभु श्याम के भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर थिरकते रहे। हर्षित अग्रवाल, आलोक तायल, अनिल अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, नितिन जौहरी, मुरली मनोहर, गौतम अग्रवाल, रिषभ वाजपेई, प्रदीप सक्सेना, विक्की, मयंक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

खेलों में अपना भविष्य बनाएं स्वयंसेवक

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई- प्रथम के शिविर में शुक्रवार को क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र सिंह ने स्वयंसेवकों को खेल के क्षेत्र में भविष्य बनाने की जानकारी दी। उन्हें बताया कि प्रदेश में तीन स्पोर्ट्स आवासीय महाविद्यालय हैं। स्वयंसेवकों ने कालीबाड़ी मलिन बस्ती में इसकी जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव कुमार यादव और स्वयंसेवक मौजूद रहे।

समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

- Groth Hormone
- Testosterone Hormone
- L.H Hormone
- F.S.H.Hormone
- Vitamin D
- Prolaction Hormone
- Suger/• B.P
- ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर
WhatsApp पर करें
और घर बैठे इलाज करवायें

नरेन्द्र कुमार-
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

पवन कुमार-
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।
धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic TM
An ISO 9001-2008 Certify Clinic
Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant
Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष
गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist

रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली
9837057107
9837343729
Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com
Google Maps
FOLLOW US :

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693

खानकाह-ए-नियाजिया में शुरू हुआ उर्स

बरेली, अमृत विचार: खानकाह-ए-नियाजिया पर हजरत मुहम्मद हसन सज्जाद का दो दिवसीय उर्स शुक्रवार को शुरू हो गया। मदरसा आलिया नियाजिया के उस्ताद और छात्रों ने कुरान की तिलावत की। दोपहर तक मजारों पर चादरपोशी और गुलपोशी का सिलसिला जारी रहा। रात को मदरसा आलिया नियाजिया से कुरान हिफ्ज करने वाले छात्रों की दस्ताबंदी खानकाह के सज्जादानशीन मौलाना शाह मोहम्मद मेहंदी मियां नियाजी ने की। मदरसे में इस्लामी मालूमाती मुकाबला हुआ। आखिर में मेहंदी मियां ने तकरीर करते हुए कहा कि दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम भी जरूरी है। देर रात कव्वाल चौकियों ने बारी- बारी से हाजिरी दी।एक बजे कुल की रस्म अदा की गई। इसके बाद हल्क-ए-जिक्र हुआ। शनिवार को मुख्य कुल की रस्म अदा की जाएगी और दूरदराज से आने वाले फनकार कलाम पेश करेंगे।

विरोध : जुलूस लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

मानदेय और सेवानिवृत्ति की समस्या पर डीएम को दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता,बरेली

अमृत विचार : महंगाई बढ़ती जा रही है लेकिन मानदेय में कोई इजाफा नहीं किया जा रहा। 65 की बजाय 62 की उम्र में सेवानिवृत्त कर दिया जाता है। साथ ही नई भर्ती न होने से काम का बोझ बढ़ रहा है। ऐसी कई समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन देकर जल्द समाधान की मांग की।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष ओमवती गंगवार ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी सरकारी कर्मचारियों की तरह सुविधाएं मिलनी चाहिये। 2018 के बाद से मानदेय नहीं बढ़ाया गया जबकि महंगाई सिर चढ़कर बोल रही है। ऐसे में मानदेय बढ़ाकर 35 हजार रुपये किया जाए। केंद्र सरकार के आदेश के बावजूद 65 की बजाए 62 की उम्र में ही सेवानिवृत्त किया जा रहा है। सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन का भी कोई प्रावधान नहीं, ऐसे में आर्थिक रूप से परेशानी उठानी पड़ती है। सेवा के दौरान मृत आंगनबाड़ी के आश्रित को नौकरी व पांच लाख रुपये की सहायता मिले। आंगनबाड़ी के लाखों पद खाली हैं। नई भर्ती न होने से अन्य कार्यकर्ताओं पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। आंगनबाड़ी कर्मचारियों का प्रमोशन जल्द होना चाहिए। ज्ञापन देने के दौरान बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

कलेक्ट्रेट पर डीएम को ज्ञापन देने जातीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

इजरायल जाने के इच्छुक श्रमिकों का दक्षता परिणाम घोषित, श्रम कार्यालयों में सूची चस्पा

बरेली, अमृत विचार : इजरायल जाने के लिए आवेदन करने वाले श्रमिकों की दक्षता परीक्षण का परिणाम घोषित कर दिया गया है। मंडल के सभी श्रम कार्यालयों में यह परिणाम चस्पा किया गया है। श्रमिक दो दिन के अंदर कार्यालय आकर अपना परिणाम पता कर लें। यह जानकारी उपश्रमायुक्त डा. दिव्य प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि श्रमिकों का दक्षता परीक्षण 23 से 30 जनवरी तक लखनऊ के आईटीआई अलीगंज में हुआ था। इस परीक्षण में शामिल श्रमिक अपना पहचान पत्र लेकर श्रम कार्यालय में रिजल्ट पता कर लें ताकि उनका मेडिकल टेस्ट व अन्य कार्यवाही पूरी कराई जा सके। इनके अलावा भी जो श्रमिक इजरायल जाने के इच्छुक हैं और उन्होंने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है वे अपने पहचान पत्र के साथ कार्यालय में संपर्क करें ताकि फरवरी के अंत में लखनऊ में उनका दक्षता परीक्षण हो सके।

बहुत कर लिया सभी पार्टियों ने आपको इस्तेमाल !
अबकी बार आपका वोट इस्तेमाल नहीं होगा,
आपकी ताकत बनेगा
मुझसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करे

WHATSAPP करे
969 0 12345 0
WASEEM MIAN
बरेली सांसद उम्मीदवार

जानलेवा हमला करने के दोषी को 10 साल की कैद

विधि संवाददाता, बरेली : कोर्ट ने युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी थाना भुता के गांव गूंगा निवासी रविन्द्र को परीक्षण में दोषी पाया। अपर सत्र न्यायाधीश तबरेज अहमद ने रविंद्र को दस साल कठोर कारावास और दस हजार रुपये की जुर्माने की सजा सुनाई। वहीं एक अन्य आरोपी रामदयाल को बरी कर दिया।

सरकारी वकील सचिन जायसवाल ने बताया कि वादी मुकदमा लालता प्रसाद ने थाना भुता में तहरीर देकर बताया था कि 20 मार्च 2019 रात 11 बजे उसके गांव के रविन्द्र, रामदयाल आदि दरवाजे के पास आए और गालीगलौज करने लगे। जब मना किया तो रविंद्र ने तमंचे से उनपर फायर कर दिया। गोली उनके बाएं हाथ की कोहनी के नीचे लगी। गांव के राजपाल और उसकी पत्नी रामवती ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गए। पुलिस ने हत्या की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने छह गवाह पेश किए।

अशरफ के साले आतिन जफर को जमानत नहीं

बरेली, अमृत विचार : अतीक अहमद के भाई अशरफ के साले प्रयागराज के खुल्दाबाद निवासी आतिन जफर की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी। सरकारी वकील मनोज वाजपेई ने बताया कि आतिन 9 व 10 फरवरी 2023 को लखनऊ के लूलू माल से बिस्कुट खरीदकर बरेली जेल में बंद अशरफ को देने अशद व इरफान के साथ आया था। यहां लल्ला गद्दी से भी मिला था। सिपाही शिवहरी ने उसे जेल के अंदर अशरफ से मिलवाया था। अशरफ ने असद के साथ वकील उमेशपाल को लेकर भी कुछ बात की थी। आरोपी चार घंटे तक अशरफ के साथ रहा। इस प्रकरण में थाना बिथरी चैनपुर में तत्कालीन चौकी प्रभारी नई जेल एसआई अनिल कुमार ने कारागार अधिनियम, एंटी करप्शन एक्ट, क्रिमिनल लॉ एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। विवेचना में अशरफ, उसके गुर्गों समेत कई जेल कर्मचारियों का नाम प्रकाश में आया था।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RISAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में

परामर्श शुल्क
₹2X0/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
हेल्पलाइन नं०
6398018900

उपलब्ध सुविधायें :-
- नि:सन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें,
- टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
- इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड,
- ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
- उच्चतम सफलता दर,
- विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

गवाही देने आई पत्नी पर किया हमला

बरेली, अमृत विचार : न्यायालय में गवाही देने जा रही महिला पर पति ने चौपुला के पास हमला कर दिया। लोगों के पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जेपी नगर के शैथली थाना डिडोली निवासी नूर बी ने बताया कि उनका पति शाने आलम से विवाद चल रहा है। 29 जनवरी को वह न्यायालय में गवाही देने के लिए आईं थीं। चौपुला पर पति ने उन्हें रोक लिया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की और गवाही देने से मना किया। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

फर्म के विस्तार के लिए ली रकम नहीं की वापस

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर थाना क्षेत्र की शिव स्टेट कॉलोनी निवासी सुधीर कुमार भगौलीवॉल ने दोस्त पर रुपये हड़पने का आरोप लगाकर एसएसपी को शिकायती पत्र भेजा है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोर्ट में भी वाद दायर किया है।

सुधीर ने बताया कि सिरौली क्षेत्र के गांव हरदासपुर निवासी दोस्त ने अपनी कीटनाशक दवाओं की फर्म के विस्तार के लिए छह मार्च 2021 को 2.50 लाख रुपये उधार लिए थे। कई बार रुपये मांगने पर उसने 50 हजार रुपये वापस कर दिए। बाकी रकम वापस करने के लिए 30 नवंबर 2023 को चेक दिया। उन्होंने सात दिसंबर 2023 को चेक बैंक में लगाया तो पता चला कि पर्याप्त धन नहीं है। थाना प्रेमनगर में शिकायती पत्र दिया पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

एक नजर

सेमीखेड़ा चीनी मिल के बॉयलर में फिर खराबी

देवरनियां, अमृत विचार : जिले की एक मात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा की मशीनरी में खराबी रुकने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को फिर मिल के बॉयलर में खराबी आने से मिल बंद हो गई, हालांकि मिल प्रबंधन का दावा है कि मिल चल रही है, मगर धीमी गति से। गुरुवार को आचानक बॉयरल का एक ट्यूब में लीकेज हो गया, इससे मिल बंद हो गई। तकनीकी टीम कमी को दूए करने में जुटी है, मगर देर शाम तक इसे दूर नहीं किया जा सका था। मिल प्रबंधन ने रात से गन्ना तौल की सभी शिफटें बन्द करने सूचना किसानों को दी है। प्रबंधन का कहना कि मिल धीमी गति से चल रही है।

तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

भुता, अमृत विचार : भुता पुलिस ने तमंचा कारतूस के साथ एक युवक को पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजेश कुमार निवासी कस्बा मकेर, थाना मकेरी जिला छपरा, बिहार बताया। उसकी तलाशी में एक तमंचा और कारतूस बरामद किया। इसके साथ ही पुलिस ने राजीव सागर निवासी कस्बा भुता को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा, उप निरीक्षक यतेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल देवेंद्र कुमार कांस्टेबल सद्दाम अल्वी आदि शामिल रहे।

ट्यूबवेल ऑपरेटर को अज्ञात वाहन ने रौंदा

शेरगढ़ जाते समय रामपुर निवासी प्रेम बाबू को टक्कर मारने के बाद वाहन चालक फरार

संवाददाता, मीरगंज

घटना स्थल पर पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक।

● आधार कार्ड मिलने पर हुई शिनाख्त पुलिस ने परिजनों को दी जानकारी

अमृत विचार : रिश्तेदारी जाते समय एक ट्यूबवेल ऑपरेटर की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई, बेटे की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी हुई है।

मोहल्ला असदुल्लापुर थाना मिलक जिला रामपुर निवासी प्रेम बाबू गोस्वामी (55) नगर पालिका में संविदा पर ट्यूबवेल ऑपरेटर थे। शुक्रवार को वह बाइक से शेरगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में जा रहे थे। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे शाही थाना क्षेत्र के बुझिया माइनर गांव के पास उनकी बाइक की अज्ञात वाहन से टकरा गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। थाना शाही प्रभारी सतीश कुमार नैन अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी जेब से मिले मोबाइल व आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त की। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी, इसके बाद शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे एक विवाहित पुत्र छोड़ा है। वह हिंदू जागरण मंच के जिला उपाध्यक्ष भी थे। उनके पुत्र ने थाना शाही में तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उसके पिता की मौत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। थाना प्रभारी थाना शाही सतीश कुमार नैन ने बताया कि मृतक के पुत्र राजीव गोस्वामी की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

बाइक की टक्कर लगने से चौकीदार की मौत

नवाबगंज, अमृत विचार : खाना खाकर भट्टे पर जा रहे चौकीदार को बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मारकर घायल कर दिया। गम्भीर रूप से घायल उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव ज्योरामकरंदपुर के धर्मपाल (60) गांव के ईंट भट्टे पर चौकीदारी करते थे। गुरुवार को वह खाना खाने घर आया था। दोपहर 2 बजे के करीब वह घर से खाना खा कर वापस पैदल भट्टे पर जा रहा था। नवाबगंज बरखेड़ा मार्ग पर बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने गांव वालों की मदद से उसे नगर के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें बरेली के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर में उसकी मौत हो गई। उधर टक्कर मारकर भाग रहे बाइक सवार को राहगीरों ने ही पकड़ लिया जो घायल के साथ सीएचसी से बरेली अस्पताल तक साथ रहा लेकिन चौकीदार की मौत होते ही चुपचाप खिसक लिया। घायल की पत्नी रामदेई ने पुलिस को घटना की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

मीरगंज, अमृत विचार : तेज रफ्तार जुआड़ गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

रहमत खां निवासी ग्राम सुकली थाना शाही ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा मुशाहिद और गांव का ही इन्तेजार खां बाइक से मीरगंज से अपने गांव सुकली जा रहे थे। रास्ते में नल नगरिया कमानी वाले पुल पर महेन्द्र निवासी ग्राम धनेटा थाना फतेहगंज पश्चिमी अपनी मोटर साइकिल से बना रिक्शा (जुगाड़ गाड़ी) से दोनों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए, उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को निजी अस्पताल ले जाया गया, डाक्टरों ने हालत गंभीर होने पर बरेली भेज दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

देवरनियां कोतवाली के सामने ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त

देवरनियां, अमृत विचार : बरेली-नैनीताल हाईवे पर देवरनियां कोतवाली के ठीक सामने शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से कार में टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई है, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। उत्तराखंड के जनपद उधमसिंह नगर के खटीमा निवासी कार चालक कैलाश चंद्र दो अन्य लोगों के साथ बरेली से वापस खटीमा जा रहे थे कि देवरनियां कोतवाली के ठीक सामने पीछे से आते तेज रफ्तार ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार डिवाइडर पर चढ गई, डिवाइडर पर लगे लाइट का पोल भी टूट गया। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। हादसे मे कार सवार किसी को चोट नहीं आई है। कोतवाल देवेंद्र सिंह धामा का कहना है, कि मामले में अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है

जेवर लेकर प्रेमी के साथ महिला फरार, शिकायत

सेंथल, अमृत विचार : एक महिला अपने चार बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ घर में रखे जेवर और नकदी लेकर फरार हो गई। पीड़ित पति ने थाने में आरोपी युवक पर पत्नी को भगाकर ले जाने की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पति ने बताया कि उसकी शादी दस वर्ष पहले हुई थी। उनके चार बच्चे हैं। वह बाहर रहकर काम करता है। कुछ समय पहले महिला मोबाइल पर किसी लड़के से बात करने लगी। पता चलने पर पत्नी से कहासुनी भी हुई। 12 फरवरी को वह काम से बाहर गया हुआ था, इसी दौरान महिला बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ फरार हो गई। महिला अपने साथ लगभग नौ तोला सोने के जेवर और एक लाख कैश लेकर गई है। पति ने महिला के नंबर पर फोन किया तो उसका नंबर भी बंद आ रहा है। गायब महिला के पति ने थाना हाफिजगंज में एक युवक के खिलाफ पत्नी को भगाकर ले जाने की शिकायत की है।

सार-संक्षेप

स्मार्ट फोन पाकर छात्रों के खिले चेहरे

भोजीपुरा, अमृत विचार : सरदार बल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज के सेमिनार हॉल में डिजिशक्ति के तहत युवाओं के तकनीकी सशक्तीकरण के लिए स्मार्ट फोन वितरित किए गए। जिसमें बतौर मुख्यअतिथि इन्स्टीट्यूशन्स के चेयरमैन एवं सह-संयोजक ने दीप प्रज्वलित करके समारोह का उद्घाटन किया। डॉ. गंगवार ने बीए, बीएससी, बीकाम, बीएससी (होमसाइंस) व बीएलएड के लगभग 243 छात्र- छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार की स्मार्ट फोन वितरण बहुउद्देशीय योजना के माध्यम से छात्र- छात्राओं को आधुनिक तकनीकी से जुड़ने और रोजगार के अवसर प्राप्त करने में मदद मिल रही है। स्मार्टफोन उनके सर्वांगीण विकास में लाभकारी होगा।

इंस्पायर अवार्ड योजना में दो छात्रों का हुआ चयन

रिठौरा, अमृत विचार : पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत होने वाली प्रतियोगिता में लगातार दो वर्षों से बेहतरीन प्रदर्शन करते आ रहे हैं। इसके अंतर्गत कक्षा 9 के छात्र 'अल्तमश' का चयन इंस्पायर अवॉर्ड 2022- 23 के लिए किया गया, जिसका विषय 'कार्बाइड गन' था। यह प्रोजेक्ट विज्ञान शिक्षिका डॉ. कविता सिंह के दिशा- निर्देशन में पूर्ण किया गया। इसके लिए पुरस्कार स्वरूप 10,000 रुपये प्रदान किए गए। इंस्पायर अवॉर्ड 2023-24 के लिए भी कक्षा 10 के छात्र 'कृष्णा गुप्ता का चयन किया गया है। उनका विषय 'नॉन इलेक्ट्रिक वॉशिंग मशीन' है। उन्होंने इस कार्य को डॉ. एसआई खान एवं मानसी यादव के दिशा-निर्देशन में पूरा किया। इस उपलब्धि पर चेयरमैन पारुष अरोरा, प्रधानाचार्या ममता सक्सेना, उप प्रधानाचार्या शिवानी सूरी, कोऑर्डिनेटर वैशाली गुप्ता एवं सभी शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी। उम्मीद है कि विद्यालय के छात्र इसी प्रकार विज्ञान के क्षेत्र में उन्नति करते रहेंगे।

विधायक और चेयरमैन ने किया घर-घर संपर्क

मीरगंज, अमृत विचार : जन संपर्क अभियान के तहत विधायक और चेयरमैन शुक्रवार को अनुसूचित जाति की बस्ती में जाकर घर- घर जाकर लोगों से संपर्क किया। लोगों को सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को बताया। शुक्रवार को विधायक डॉ. डीसी वर्मा, चेयरमैन वीरपाल मौर्य ने घर- घर जाकर लोगों से संपर्क किया। विधायक ने लोगों को सरकार की उपलब्धियां गिनवाते हुए बताया कि सभी को एक समान अधिकार मिले हैं। आज हर वर्ग के लोगों को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का मौका मिल रहा है। सरकार ने आज जो जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, वह लगातार गरीब और पिछड़े वर्ग की तस्वीर और तकदीर को बदल रही हैं, जिसमें उन्हें हर महीने मुफ्त राशन, पांच लाख तक इलाज मुफ्त, आदि मुख्य रूप से शामिल है। इस दौरान राजू भारती, मण्डल अध्यक्ष शाही शिवम शर्मा, गुलशन सागर, मुकेश रस्तोगी, दीपक रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

घर में कर रहे थे पशु वध, पुलिस की दबिश पर फरार

बहेड़ी, अमृत विचार : चोरी छिपे घर में गुरुवार रात पशु वध कर रहे आरोपी पुलिस के पहुंचते ही चकमा देकर फरार हो गए। रात्रि गश्त के दौरान चौकी इंचार्ज अशोक कुमार को मुखबिर से सूचना मिली की, मोहल्ला गरीब नवाज के एक घर में चोरी छिपे पशु वध किया जा रहा हैं। बताए गए पते पर पुलिस पहुंच गई, बंद दरवाजे की झिरी से झांक कर देखा कि तीन लोग एक पड़े का वध कर रहे थे। जैसे ही पुलिस ने दरवाजा खुलवाने को आवाज लगाई आरोपी मौके से भाग गए। पशु के अवशेष को पुलिस ने दफन कराया। पुलिस ने आरोपी नासिर निवासी होली चौराहा, शाकिर निवासी मोहल्ला टांडा व यूनुस निवासी मोहल्ला इस्लाम नगर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उनकी धरपकड़ की कोशिश तेज कर दी है।

सर्वाइकल कैंसर के बारे में छात्राओं को दी जानकारी

रिठौरा, अमृत विचार : पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को छात्राओं के लिए सर्वाइकल कैंसर से संबंधित जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र 'गंगाशील एडवांस्ड मेडिकल इंस्टीट्यूट' के डॉक्टर अभिषेक सिंह के नेतृत्व में संचालित किया गया। उन्होंने अपने छात्राओं को ''सर्वाइकल कैंसर'' के विषय में जानकारी दी। सर्वाइकल कैंसर के कारण, प्रकार, लक्षण, उससे संबंधित भ्रांतियां और उसके लिए विभिन्न इलाज आदि से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस मौके पर प्रधानाचार्या ममता सक्सेना ने विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या शिवानी सूरी एवं कोऑर्डिनेटर वैशाली गुप्ता आदि उपस्थित रहे। शरीन अंसारी द्वारा कार्यक्रम का कुशल संचालन किया गया।

शिक्षक नेता शिवानंद के निधन पर जताया शोक

बरेली, अमृत विचार : वरिष्ठ शिक्षक नेता शिवानंद के निधन पर शिक्षकों में शोक की लहर दौड़ गई। शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने बताया कि शिवानंद विभिन्न पदों पर रहते हुए शिक्षकों के हित के लिए निरंतर संघर्षरत रहे। संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान, शिव स्वरूप शर्मा, अमृत सिंह, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से संबद्ध संघ के जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार, केसी पटेल, प्रांतीय महामंत्री संजय सिंह सहित अन्य शिक्षकों ने दुख व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष डा. दिनेश चंद्र शर्मा ने कहा कि उनके कार्यों के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

दस दिन से व्यक्ति लापता, अनहोनी की आशंका

संवाददाता, बिथरी चैनपुर

अमृत विचार : घर से बाहर गए नारियावल के अधेड़ दस दिनों से लापता हैं। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश करने का दावा कर रही हैं। वहीं परिजनों को आशंका है कि कही कोई अनहोनी न हो गई हो।

नरियावल निवासी मृदुला देवी ने बताया उनके पति सतीश पांच फरवरी को सुबह घर से ड्यूटी गए थे। शाम 8 बजे के करीब उनसे आखिरी बार बात हुई थी तब उन्होंने पांच मिनट में घर आने को बोला था, जिसके बाद से उनका फोन बंद जा रहा है। जब वह घर वापस नहीं आये तो तलाश की तब उनकी स्कूटी नरियावल गोदाम के पास खड़ी मिली, लेकिन उनके पति नहीं थे। काफी तलाश की लेकिन वह नहीं मिले। जिसके बाद उनकी गुमशुदगी दर्ज करा दी। मृदुला देवी का आरोप है उनके परिवार के ही लोगों से पिछले एक साल से जमीन का विवाद चल रहा है। उन्हें शक है कि कहीं उन लोगों ने उनके पति सतीश के साथ कोई अनहोनी न कर दी हो। वहीं पीड़िता का आरोप है कि पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर उनके पति को तलाश करने का केवल दावा कर रही हैं। मृदुला देवी ने बताया कि वह 15 दिनों से लगातार थाने के चक्कर लगा रहीं हैं। शुक्रवार को भी अपनी फरियाद लेकर थाना प्रभारी के पास गई थीं। उनका आरोप है कि उन्होंने जब थाना प्रभारी से पति के न मिलने पर पूछा तो वह बिगड़ गए और बोले कि हम क्या करें, हमारी क्या गलती है। पीड़िता का कहना है कि वह थाने नहीं जाएगी। पिछले साल नरियावल का ही एक अधेड़ कई दिन लापता रहा था फिर कुछ दिन बाद उसका शव नहर किनारे एक खेत में मिला था, जिसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। वहीं पुलिस इस घटना से भी सबक नहीं ले रही है। वहीं थाना प्रभारी का कहना है कि लगाय गए सभी आरोप निराधार हैं। गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। लापता की तलाश लगातार की जा रही है।

भाकियू का धरना 8 वें दिन जारी रहा

आंवला, अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के नेतृत्व में किसान इफको में रोजगार पाने के लिए तहसील कार्यालय के सामने 8 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

किसानों ने बताया कि इफको द्वारा रोजगार को लेकर किसानों व इफको अधिकारियों के मध्य लिखित समझौता हुआ था। जिसमें तत्कालीन एसडीएम के भी हस्ताक्षर हुए थे। 13 माह तक चले धरने के बाद लिखित समझौते में तीन माह के अंदर रोजगार देने का आश्वासन दिया गया था। जिसके लिए भी 13 माह से अधिक का समय हो गया, परंतु इफको अधिकारियों ने किसानों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया। किसानों ने इफको अधिकारियों पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
BAREILLY
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हेड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

सरकारी पेड़ काटने के मामले में प्रधान की भूमिका संदिग्ध

क्योलड़िया, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव मधुनगला में सरकारी जमीन पर लगे पेड़ काटने के मामले में शुरूआती जांच में प्रधान की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही हैं। एसडीएम की ओर से गठित टीम ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर जांच की पता चला की पेड़ काटने के लिए प्रधान की ओर से प्रमाण पत्र जारी किया गया है, जो इसके लिए अपात्र हैं। वन विभाग के वनरक्षक प्रभारी अकबर अली ने बताया कि उन पेड़ों के कटान के संबंध में वन विभाग से न तो कोई परमिशन ली गई है ना ही कोई मूल्यांकन कराया गया है। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने बताया इस मामले में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में शिक्षकों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित स्कूलों में अध्यापकों और छात्रों की उपस्थित ऑनलाइन किए जाने और दस्तावेजों को डिजिटाइजेशन किए जाने का विरोध करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारीयों ने शुक्रवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बरेली ने मांडलिक मंत्री एवं जिला अध्यक्ष मुकेश चौहान के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह से संघ के पदाधिकारीयों ने मिल कर ज्ञापन दिया सौंपा। ज्ञापन में परिषदीय विद्यालयों में पंजिकाओं के डिजिटिलाइजेशन का विरोध किया गया है और ऑनलाइन हाजिरी का विरोध जताया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि शिक्षक-शिक्षिकाओं की समस्याओं के निराकरण और विभाग की ओर से सिम और डाटा उपलब्ध कराए जाने तक पंजिकाओं का डिजिटिलाइजेशन नहीं करेंगें। शिक्षक अपनी आईडी पर सिम नहीं लेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान के साथ जिला मंत्री शिव स्वरुप शर्मा, अजरार हुसैन आगा, तहसील अध्यक्ष सुनील शुक्ला, संजय शर्मा, कामरान खान, मनोज मिश्रा, भूप सिंह, सुरजीत कुमार, अरुण तोमर, प्रेमशंकर, साजिद अली, साजन रस्तोगी, अर्पणा शर्मा, सुमन कुमारी, नुजहत खान आदि लोग मौजूद रहे।

चौपाल में अधिकारियों ने सुनीं जन समस्याएं

शेरगढ़, अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत बैरमनगर और कबरा किशनपुर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें एडीओ एसटी अरुण कुमार वाष्णेय ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ ही सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शुक्रवार को ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में पंचायत सचिवालय पर आयोजित ग्राम चौपाल में पहुंचे एडीओ एसटी ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लोगों को दिशा बरेली की ऐप डाउनलोड करने को जागरूक किया ताकि मोबाइल के माध्यम से ग्रामीण विभिन्न विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें। उन्होंने ने कर्मचारियों के साथ प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय बैरमनगर का दौरा कर दिव्यांग शौचालय, स्मार्ट क्लास, एमडीएम, पुस्तकालय सब ठीक मिले।

सभासद के निधन पर शोक जताया

नवाबगंज, अमृत विचार : किराएदार और उसके समर्थकों के हमले में घायल सभासद भूपेन्द्र सिंह राठौर की इलाज के दौरान मौत हो जाने पर हर ओर शोक व्याप्त रहा। जहां हजारों की संख्या में नम आंखों ने आज उन्हें अन्तिम विदाई दी, वहीं अधिवक्ताओं ने भी शोक संवेदना व्यक्त कर न्यायिक कार्य ठप रखा।

युवती को भगाने के आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

क्योलड़िया, अमृत विचार : दोस्त के सहयोग से एक युवती के भगाने के आरोपियों पर पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी हुई। थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक की बेटी को दोस्त के सहयोग से एक युवक भगा ले गया। जाते समय युवती घर से सोने चांदी के जेवर भी साथ ले गई। जानकारी होने पर परिजनों ने तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। युवती के पिता ने थाने पहुंचकर दोस्त सहित युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश में जुटी हुई हैं।

सेंथल में कुल हिन्द मुशायरा आज

सेंथल, अमृत विचार : इदारा-ए-बोस्ताने कलम की ओर से कस्बे में अजीमो शान कुल हिन्द मुशायरे का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। इसमें हिंदुस्तान के विख्यात शायर शामिल होंगे। अश्जे रजा जैदी ने बताया की शनिवार को मोहल्ला महल मगरबी इमामबाड़ा जुल्फिकार हसनैन में एक अजीमो शान मुशायरा ओर रस्मे इजरा का आयोजन होगा। मुशायरे का संचालन हिलाल बदायूनी और जाफर सेंथली करेंगे। कार्यक्रम रात आठ बजे शुरू होगा। इस दौरान शाहीन रजा जैदी की पुस्तक का विमोचन भी होगा।

पैसे वापस मांगने पर बेटे के ससुरालियों ने महिला को पीटा

कैंट, अमृत विचार : बेटे ने ससुर को उधार रुपये थे, उसकी मौत के बाद जब मृतक की मां ने बहू के पिता से रुपये मांगे तो वह पहले टालमटोल करता रहा हैं, इसके बाद तगादा करने पर आरोपी ने उससे मारपीट की।

थाना क्षेत्र के अभयपुर झील गौटिया निवासी भूरी पत्नी अब्दुल अजीज ने बताया कि उनके बेटे महबूब की शादी 4 वर्ष पूर्व बदायूं के थाना बिनावर क्षेत्र के इकराम नगर पऊ गौटिया निवासी अंसार हुसैन की बेटी सबानाज से हुई थी। शादी के बाद बेटे के ससुर ने उससे 2 लाख रुपये उधार लिए थे। इसके बाद 19 मई 2023 को बेटे की हादसे में मौत हो गई। महिला ने बताया कि उनका डेढ़ साल का दिव्यांग पोता बीमार हो गया। उसके इलाज के लिए उन्होंने बेटे के ससुर से उधार दिए रुपए मांगे तो मारपीट की महिला ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना

मैं अपने पुत्र सुदीप सैनी व उसकी पत्नी श्रीमती ज्योति को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **राजू पुत्र अर्शफी लाल निवासी 238 संजय नगर थाना बारादरी, जिला बरेली**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम शकुन्तला था लेकिन अब मैंने अपना नाम बदलकर सीमा कर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना व पहचाना जाये। **सीमा पत्नी प्रमोद कुमार निवासी मकान नं. -67, ओल्ड आवास विकास कॉलोनी, सिविल लाइंस, रामपुर**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

सार-संक्षेप

न्याय यात्रा में शामिल हुए जिला कांग्रेस के पदाधिकारी

बरेली, अमृत विचार : मणिपुर से महाराष्ट्र तक निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा के चंदौली आगमन पर कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी के नेतृत्व में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार आंदोलन कर रहे किसानों पर जुल्म कर रही है। आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। यात्रा में प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश अग्रवाल, प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव, जनपद प्रभारी अजीत सिंह यादव, पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार, जुनैद हसन एडवोकेट, कमरूद्दीन सैफी, उलफत सिंह कठेरिया, अबरार खां आदि शामिल हुए।

सुहैब रजा खां ने ली आईएमसी की सदस्यता

बरेली,अमृत विचार : खानकाह-ए-तहसीनिया के प्रबंधक और इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत मिशन के सदर मौलाना सुहैब रजा खां ने शुक्रवार को इत्तेहाद-ए- मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) की सदस्यता ग्रहण की। आईएमसी के प्रदेश संगठन प्रभारी नदीम कुरैशी ने बताया कि आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के निर्देश पर मौलाना सुहैब रजा को पार्टी की सदस्यता दी गई है। एक मार्च से आईएमसी का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। शहर के अलावा गांव-गांव जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम किया जाएगा। जिलाध्यक्ष फरहत खां ने कहा कि सुहैब रजा के शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

पारस शुक्ला कांग्रेस की वालंटियर कमेटी में शामिल

बरेली, अमृत विचार : राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के उत्तर प्रदेश संयोजक पीएल पुनिया एवं सहसंयोजक आराधना मिश्रा उर्फ मोना ने वालंटियर कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी में युवा कांग्रेस पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पारस शुक्ला को भी शामिल किया गया। महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला ने पारस शुक्ला के कमेटी में शामिल होने पर खुशी जाहिर की। पूर्व पार्षद महेश पंडित, महानगर प्रवक्ता योगेश जौहरी, पार्षद सादिक अंसारी, महासचिव सुरेंद्र सोनकर, हाजी सुलतान, फिरोज खान, नासिर अब्बासी, अरविंद महाराज आदि ने बधाई दी।

भाजपा: महानगर कार्यकारिणी में छह सदस्य नामित

बरेली, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर शुक्रवार को बैठक में महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने पूर्व पार्षद अजय चौहान, राजू मिश्रा, मुनेंद्र यादव, सौरभ अग्रवाल, राज कुमार गुप्ता, रमेश चंद्र अग्रवाल को महानगर कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया। उन्हें मनोनयन पत्र देकर माला पहनाकर स्वागत किया गया। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग संगठन में जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। प्रभु दयाल लोधी, विष्णु शर्मा, बंटी ठाकुर, सूर्यकांत मौर्य, जेपीएस पाल, कन्हैया राजपूत मौजूद रहे।

संजयनगर पीएचसी का कायाकल्प टीम ने किया निरीक्षण

बरेली, अमृत विचार : नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संजय नगर में शुक्रवार को कायाकल्प के तहत व्यवस्थाओं के मूल्यांकन के लिए दो सदस्यीय टीम पहुंची। टीम ने व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए किए गए बदलाव के बारे में डाक्टरों से चर्चा की। उन्होंने ओपीडी, आइपीडी, लेबर रूम, फार्मेसी, किचन, इमरजेंसी का मूल्यांकन किया। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। राज्य में प्रथम स्थान वाले स्वास्थ्य केंद्र को 15 लाख, द्वितीय को 10 लाख व 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सीएचसी को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

वैक्सीन टेस्टिंग की वैकल्पिक तकनीक का महत्व बताया

बरेली, अमृत विचार : भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के जैविक मानकीकरण विभाग में दस दिवसीय क्लासिकल एंड अल्टरनेटिव टेक्निक्स फार क्वालिटी कंट्रोल ऑफ वेटरनरी बायोलोजिकल्स विषय पर आयोजित कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हो गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक (कैडराड) डॉ. केपी सिंह ने वैक्सीन टेस्टिंग के अल्टरनेटिव तकनीकों के महत्व को बताया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। संयुक्त निदेशक डॉ. एसके सिंह, डॉ. प्रणव धर, डॉ. विक्रमादित्य उपमन्यु, डॉ. शालिनी गंगवार, डॉ. शायमा के. लतीफ, सलाउद्दीन कुरैशी, डॉ. कौशल किशोर रजक, डॉ. सोनालिका महाजन, डॉ. अजय कुमार यादव मौजूद रहे। कार्यशाला में पांच राज्यों से विभिन्न विषयों में मास्टर डॉक्टरेट की डिग्री करने वाले प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

कर्मचारी कल्याण परिषद के विवेक अध्यक्ष, अब्बास महामंत्री चुने गए

कर्मचारी कल्याण परिषद चुनाव के बाद कार्यकारिणी में शामिल हुए पदाधिकारी।

बरेली, अमृत विचार : विकास भवन में शुक्रवार को कर्मचारी कल्याण परिषद का अधिवेशन हुआ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष एवं निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार जैन, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एमपी सिंह की देखरेख में हुए चुनाव में पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन के बाद कार्यकारिणी का गठन हुआ। इसमें अर्थ एवं संख्या प्रभाग के विवेक दुबे को अध्यक्ष, ग्राम्य विकास विभाग के कमर अब्बास जैदी महामंत्री, कृषि रक्षा विभाग के ललित कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कृषि विभाग के कमर अली को उपाध्यक्ष, समाज कल्याण विभाग की नीतू सिंह को उपाध्यक्ष (महिला), पशु पालन विभाग के विकास को संयुक्त मंत्री, ग्राम्य विकास की रुचि सक्सेना को कोषाध्यक्ष, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के नरेंद्र पाल सिंह, पंचायती राज विभाग के प्रेमपाल, युवा कल्याण विभाग की ज्योत्सना विल्सन, कार्यक्रम विभाग के अतुल गौड़ को संगठन मंत्री, लघु सिंचाई के अनूप कुमार वैष्णव कोऑडिटर नियुक्त किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य में मुनेश बंसल, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, उस्मान अली, आशाराम, प्रवीण कुमार सक्सेना, महेंद्र पाल सिंह, राजेश बाबू, सचिन शर्मा, सुनंदा गौतम, मो. आसिफ शामिल हुए। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एमपी सिंह को सर्वसम्मति से विकास भवन कर्मचारी कल्याण परिषद का संरक्षक मनोनीत हुए।

दोस्त ने शराब पिलाने के बाद सैफ को मारी थी गोली

हत्या से पहले परिवार वालों से मांगी थी दस लाख रुपये की फिरौती

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

अमृत विचार : फरीदपुर क्षेत्र के मोहल्ला भूरे खां गौटिया निवासी 20 वर्षीय मो. सैफ उर्फ मुन्ना की हत्या उसके दोस्त तस्लीम ने की थी। तस्लीम ने शराब पिलाने के बाद सैफ को गोली मारी और उसका शव हरदोई देहात के कोतवाली क्षेत्र में घोसार गांव के पास में नाले में फेंक दिया था। उसने सैफ के परिजनों ने 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस ने आरोपी तस्लीम को गिरफ्तार कर लिया है।

भूरे खां गौटिया निवासी लाल मोहम्मद की पत्नी जाफरा ने बताया कि 13 फरवरी को बेटा मो. सैफ लापता हुआ था। उन्होंने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने जब सैफ के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली तो पता चला कि उसका दोस्त तस्लीम हरदोई में अमन ईंट भट्टे पर काम करता है। उसी से आखिरी बार मुन्ना ने बात की थी। पुलिस ने तस्लीम को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने 10 लाख रुपये फिरौती मांगी थी। उसने पकड़े जाने के डर से शराब पिलाने के बाद सैफ की गोली मारकर हत्या कर दी थी और शव नाले में फेंक कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शव बरामद कर लिया। हत्या में इस्तेमाल तमंचा भी बरामद कर दिया। पुलिस आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश करेगी।

> सैफ की हत्या उसके दोस्त तस्लीम ने गोली मार कर की थी। हत्या के बाद उसका शव नाले में फेंक कर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।
>
> –मुकेश चन्द मिश्रा, एसपी देहात

आरोपी ने फोन कर मांगी थी फिरौती

मोहम्मद सैफ की मां ने बताया कि सोमवार सुबह 11 बजे उनके फोन पर बेटे के नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि तुम्हारे बेटे का अपहरण हो गया है और उसे 10 लाख रुपये की फिरौती देना होगा। पुलिस में शिकायत करने पर हत्या करने की भी धमकी दी।

एक दुकान पर बम रख चुका है आरोपी

फरीदपुर थाना प्रभारी रामसेवक ने बताया कि आरोपी तस्लीम ने एक बार एक दुकान पर फर्जी बम बना कर रख दिया था। बम में उसने बिजली की तार जोड़कर उसे टाइमर बम बताया था। पुलिस ने इस मामले में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

फरार तस्कर के घर कुर्की नोटिस चस्पा

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : तीन साल से फरार तस्कर मलिक कुरैशी उर्फ रफीक कुरैशी के मोहल्ला सराय कस्बा व थाना फतेहगंज पश्चिमी स्थित के घर पर शुक्रवार को मीरगंज पुलिस ने मुनादी कराने के बाद कुर्की का नोटिस चस्पा कराया। तस्कर के घर मुनादी के समय भीड़ इकट्ठा हो गई। थाना मीरगंज के एसआई शिवकुमार मिश्र ने न्यायालय के आदेश पर सीआरपीसी की धारा 82 के तहत कार्रवाई करते हुए फरार अभियुक्त मलिक उर्फ रफीक कुरैशी के घर पर कानूनी नोटिस चस्पा कराया और तय तिथि पर कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर संपत्ति कुर्की की मुनादी भी करवाई। इधर मुनादी प्रक्रिया के साथ-साथ तस्कर को इनाम घोषित करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

युवती को ब्लैकमेल कर कराया धर्म परिवर्तन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

मीरगंज निवासी युवती ने एसएसपी कार्यालय में की शिकायत

अमृत विचार : मीरगंज थाना क्षेत्र में एक युवती ने दूसरे समुदाय के युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसका नहाते समय वीडियो बना लिया और फिर उसका धर्म परिवर्तन कराकर शादी का दबाव बनाया। युवती ने शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की है।

युवती के मुताबिक उसने बैचलर ऑफ एलिमेंट्री एजुकेशन (बीईएलईडी) की पढ़ाई की है। आरोप है कि अगस्त 2015 में गांव के ही दूसरे समुदाय के युवक ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया और किसी से बताने पर पिता की हत्या करने की धमकी दी। आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। उसने एक मौलवी के पास ले जाकर धर्म परिवर्तन कराकर निकाह का दबाव बनाया। उसकी शादी करने के लिए उसके पिता ने 10 लाख रुपये की जमीन बेच दी। जब आरोपी को पता चला तो 30 दिसंबर 2023 को अपने साथियों के साथ आकर बेचे गए जमीन के रुपये और कुछ जेवरात भी लेकर गया। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पुलिस में अपने पक्ष में बयान भी दिलवाए। परेशान होकर उसने कई बार आत्महत्या की भी कोशिश की।

गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से लगा जाम

ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से सड़क पर फैला गन्ना। ● अमृत विचार

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

पुलिस ने सड़क पर फैला गन्ना हटवाकर शुरू कराया यातायात

अमृत विचार : नेशनल हाईवे माधौपुर ओवरब्रिजेब पास गन्ने लदी ट्रॉली पलटने से बरेली से रामपुर जाने वाला यातायात बाधित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राधा कृष्ण मंदिर कट से हाईवे को वनवे करके यातायात सुचारू करा दिया।

गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्राली मीरगंज गन्ना मिल जा रही थी। शुक्रवार देर शाम ट्रैक्टर ट्रॉली माधौपुर ओवरब्रिज के पास पहुंचने पर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ने के बाद पलट गई। जिससे यातायात बाधित हो गया। जाम लगने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हाईवे को वनवे करके बाधित यातायात को सुचारू करा दिया। टोल टैक्स की क्रेन ने ट्रैक्टर को सीधा का करके थाने पर खड़ा कर लिया।चालक मौका देखकर फरार हो गया।

इस महीने लंबित मामले नहीं निपटे तो होगी कार्रवाई

बरेली, अमृत विचार : विकास भवन में शुक्रवार को जिला सलाहकार समिति (डीसीसी) और जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की बैठक में सीडीओ जगप्रवेश ने कहा कि ओडीओपी, एमवाईएसवाई, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार, आदि योजनाओं को प्राथमिकता पर लेते हुए लाभार्थियों को लाभ दिलाएं। अफसरों को निर्देशित किया कि योजनाओं से संबंधित कोई भी लाभार्थी छूटने न पाए, इसका ध्यान रखें। कहा कि बैंकों में जिस स्तर पर जो भी आवेदन लंबित हैं, उनका इस महीने के अंत तक निस्तारण हर हाल में कर दें। चेतावनी दी है कि लंबित मामलों का निस्तारण नहीं होने पर कार्रवाई की जाएगी। जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए तेजवंत सिंह, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक वीके अरोड़ा, सहायक महाप्रबंधक भारतीय रिजर्व बैंक शिव सिंह, जिला विकास प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

निवेश कराने के बहाने की हजारों की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

बारादरी थाना पुलिस ने कंपनी के एजेंट और उसके साथी के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र में एक युवक से कंपनी में निवेश कराने के बहाने हजारों रुपये की ठगी की गई। युवक की शिकायत पर बारादरी थाना पुलिस ने कंपनी के एजेंट और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर में इससे पहले भी कई कंपनियों में निवेश के बहाने धोखाधड़ी के मामले सामने आ चुके हैं।

हरुनगला निवासी सर्वेश गुप्ता ने बताया कि उनकी मोहल्ले के बबलू उर्फ बल्ला से पहचान है। बल्ला ने बताया कि वह केएनएसी रियल स्टेट कंपनी में एजेंट है। कंपनी छह साल तक की पॉलिसी करती है। इसके लिए कंपनी में निवेशक को प्रतिमाह 1450 रुपये जमा करने होंगे। छह साल में 36 हजार रुपये जमा करने पर कंपनी समय पूरा होने पर 56 हजार रुपये देगी। इसके बाद वह छह साल तक प्रति महीने 1450 रुपये जमा करते रहे। समय पूरा होने पर बल्ला से रुपये दिलाने के लिए कहा तो वह बहाने बनाता रहा। जब उसके घर रुपये मांगने गए तो उसने और उसके साथी ने मारपीट की। बारादरी पुलिस ने बबलू उर्फ बल्ला और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

स्वयंसेवकों को भारत की सुरक्षा व्यवस्था के बारे में दी जानकारी

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वितीय और तृतीय के शिविर में मुख्य अतिथि हिंदू कॉलेज मुरादाबाद के रक्षा अध्ययन विभाग के डॉ. मनोज कुमार सिंह स्वयंसेवकों को भारत की सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों के अनेक बिंदुओं पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा को आधुनिक तकनीक की सहायता से प्रभावी प्रबंधन करते हुए निरंतर निगरानी करने की आवश्यकता बढ़ गई है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशार्थ गौतम एवं डॉ. बृजवास कुशवाहा के नेतृत्व में स्वयं सेवकों ने मलिन बस्तियों खुर्रम गौटिया और सिकलापुर में सर्वे करते हुए जानकारी दी।

दुनियावी भुलावों में न पड़ कर गुरु पर करें विश्वास

कार्यालय संवाददाता, बरेली

सत्संग करते गुरु देवेंद्र मोहन महाराज।

दिव्यानंद नगर आश्रम के स्थापना दिवस पर हुआ सत्संग

दिव्यानंद नगर आश्रम के स्थापना दिवस पर सत्संग में मौजूद श्रद्धालु।

अमृत विचार : गुरु शब्द स्वरूपी है। गुरु को शरीर या किसी बाहरी परिवेश से नहीं जाना जा सकता। हमारे अंतर्मन में बह रही गुरुधारा ही हमें गुरु से जोड़ सकती है और यह काम भी गुरुकृपा से ही संभव है। भोजीपुरा स्थित स्वामी दिव्यानंद नगर आश्रम के स्थापना दिवस पर आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन महाराज ने सत्संग में उक्त उदगार प्रकट किए। बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने सत्संग का रसास्वादन किया।

मोहन महाराज ने बताया कि तीन संकल्पों से गुरु के बताए मार्ग को अपने आचरण में ला सकते हैं। विचारों की शुद्धता और सात्विक भोजन ही हमारे जीवन का आधार और विचारों की नींव है। गुरु ने हमें जो नामदान दिया, उसे सिर्फ लेना ही काफी नहीं है। उस नामदान को हम कैसे चलते-फिरते, खाते-पीते, सोते-जागते अपने मन में धारण करते हैं या उसका जप करते हैं, यह भी जरूरी है। हमें हर क्षण अपने मन, वचन एवं कर्म पर नजर रखनी होगी। दुनियावी भुलावों में न पड़ कर अपने गुरु पर विश्वास करें और प्रतिदिन ध्यान-भजन पर समय देना शुरू करें। पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्य, गेंदन लाल, शंकर लाल, मोहन स्वरूप, वेद प्रकाश गुप्ता, रोशन लाल , महेश आदि कार्यक्रम में शामिल रहे।

रिश्वत लेने के आरोपी लेखपाल की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : वारिसान की तस्दीक के एवज में 10 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी मुरादाबाद भगतपुर टाण्डा के लेखपाल नफीस अहमद की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट प्रण विजय सिंह ने खारिज कर दी।

सरकारी वकील पंकज कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता जितेंद्र सिंह ने प्रभारी निरीक्षक, भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद को तहरीर दी थी कि उसके पिता का देहान्त 19 सितंबर 2023 को हो गया था। उनके नाम पर एक रायफल व एक रिवाल्वर दर्ज थी जिसको अपने भतीजे चर्चित कुमार के नाम पर दर्ज कराने के लिए समस्त कार्यवाही पूरी कर 15 दिसंबर 2023 को डीएम मुरादाबाद के यहां आवेदन दिया था। जो कि असलाह बाबू ने 16 दिसंबर 2023 को एसडीएम सदर मुरादाबाद के कार्यालय में प्राप्त करा दिया था। तीन जनवरी को प्रार्थना पत्र के बाबत लेखपाल नफीस अहमद से मिला तो उन्होंने कहा कि आपके वारिसानों की तस्दीक करनी है जिसके लिए सुविधा शुल्क के रूप मे 10 हजार रुपये देने होंगे। शिकायत पर गठित ट्रैप टीम ने लेखपाल को 18 जनवरी को रिश्वत लेते दबोच लिया था। उस पर एंटी करप्शन एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

फाइलेरियारोधी दवा नहीं खाने वाले लोगों तक पहुंचेंगी टीम

बरेली, अमृत विचार: जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत लोगों को निशुल्क दवाई खिलाई जा रही है। कुछ लोग दवाई न खाने के लिए विभिन्न बहाने बना रहे हैं। वहीं कुछ लोग घर पर ताला डाल देते हैं या गेट ही नहीं खोल रहे। विभाग इन्हें चिन्हित कर दोबारा अभियान चलाने की कार्ययोजना तैयार कर रहा है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार कई क्षेत्रों में लोग टीमों को यह कहकर लौटा रहे हैं कि उनको फाइलेरिया है नहीं तो दवा क्यों खाएं। उन्हें समझाया जाता है कि यह दवा साल में एक बार खाने से कभी फाइलेरिया का खतरा नहीं रहेगा। लेकिन वे सुनने को तैयार नहीं। वहीं कुछ लोग प्रतिकूल प्रभावों के बारे में सोचकर दवाई नहीं खा रहे हैं। स्वाले नगर, बानखाना, हजियापुर, पुराना शहर, सीबीगंज, शाहबाद समेत अन्य इलाकों में ऐसे 1500 से अधिक लोग हैं। बहरहाल शहरी व ग्रामीण इलाकों में 13 लाख से अधिक लोगों ने फाइलेरिया की दवाई खाई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह ने बताया कि जिन क्षेत्रों में लोगों ने दवा नहीं खाई वहां 28 फरवरी को दोबारा अभियान चलाया जाएगा।

धूम्रपान से होने वाले नुकसान के प्रति किया जागरूक

विधि संवाददाता, बरेली : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार को क्यारा ब्लाक में शिविर आयोजित कर लोगों को तंबाकू और धूम्रपान से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक किया। शिविर का उद्घाटन प्राधिकरण सचिव सत्यप्रकाश आर्य ने किया। नौ मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई। बीडीओ ओम प्रकाश, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. रजनीकान्त, नायब तहसीलदार अनुजा अत्री, डॉ. सौरभ समेत अन्य रहे।

वकीलों की सीओ से शिकायत- ठीक नहीं है आंवला इंस्पेक्टर का रवैया

आंवला, अमृत विचार : आंवला बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने सीओ आंवला से मिलकर इंस्पेक्टर के रवैये की शिकायत करते हुए ज्ञापन दिया।

अधिवक्ताओं ने बताया कि आंवला इंस्पेक्टर का व्यवहार अधिवक्ताओं के प्रति खराब है। यदि कोई अधिवक्ता पीड़ित के साथ थाने जाता है तो उसके साथ अभद्र व्यवहार करके उससे आइंदा थाने न आने के लिए कहा जाता है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी यदि शीघ्र सुधार नहीं किया गया तो वह आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान बार अध्यक्ष अगरपाल सिंह, अतुल कुमार सिंह, रामदुलार मौर्य, अनिल कुमार सिंह, जय दुर्गेश सिंह, मनोज कुमार सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, अश्विनी सिंह भदौरिया, मनोज चौहान, इन्द्रभान सिंह, राधा कृष्ण, कामेश कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। वहीं इस मामले में आंवला सीओ नीलेश मिश्रा का कहना है कि अधिवक्ताओं ने एक ज्ञापन दिया है। उनके द्वारा बताई गई समस्या का शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा।

हजरत जैनुल आबेदीन की यौम-ए-विलादत मनाई

बरेली, अमृत विचार : शिया समुदाय ने इमाम हुसैन के बेटे व शियाओं के चौथे इमाम जैनुल आबेदीन की यौम-ए-विलादत मनाई। शुक्रवार को जगह-जगह नियाज नज़्र का दौर रहा और महफिलें सजीं। लोगों ने घरों व इमामबाड़ों को सजाया। इमाम-ए-जुमा शमसुल हसन खां ने सभी को मुबारकबाद दी। ऑल इंडिया गुलदस्ता-ए-हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू ने बताया कि किला में इंतेसाब हैदर नकवी की ओर से नज़्र का आयोजन किया गया। मोहल्ला जखीरा में गुलरेज जैदी की ओर से नज़्र नियाज हुई। किला कटघर में डॉ. असद जैदी के इमामबाड़े, जखीरा गढ़ैया, कंघी टोला छीपी टोला, आनंद विहार, अली कॉलोनी लीची बाग, पुराना शहर में भी जश्न का माहौल रहा।

खेत पर कब्जे का विरोध करने पर महिला को पीटा

मीरगंज, अमृत विचार : खेत पर कब्जा करने का विरोध करने पर एक महिला से दबंगों ने मारपीट की, पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। क्षेत्र के गांव तलारपुर निवासी नरवेश देवी पत्नी रामेश्वर गुरुवार को खेत पर गई तो देखा कि उसी के गांव के राम औतार, सुरजीत, बाबूराम, प्रेम शंकर, भगवानदास, हरज्ञान उसके खेत पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे थे। उसके मना करने पर सभी एक राय होकर उसके साथ मारपीट की। उसने भागकर अपनी जान बचाई। आरोपियों ने धमकी दी कि यदि तू थाने में रिपोर्ट लिखाने गई तो तुझे जान से मार देगें।

दो साल बाद ज्योरा मकरन्दपुर के कोटे की दुकान का हुआ चयन

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार : पिछले दो वर्षों से निरस्त चल रहे ग्राम ज्योरा मकरन्दपुर के राशन कोटे का चुनाव शुक्रवार हल्के विरोध के बीच निर्विरोध हो गया। राशन कोटे के चुनाव को लेकर वैसे तो ग्रामीणों की खुली बैठक हुई थी, लेकिन सचिव संजय वर्मा ने स्वयं सहायता समूह के पक्ष में ही कोटा आवंटित करने का शासनादेश होने की बात कहते हुए अन्य किसी का आवेदन नहीं लिया गया और भोले स्वयं सहायता समूह की ओर से आए एकमात्र आवेदन पर उसी के नाम कोटे का प्रस्ताव कर दिया। इस बीच एक ग्रामीण रूपराम भी अपने आवेदन को देने का प्रयास करता रहा, लेकिन सचिव ने इसे लेने से इनकार कर दिया। इसे लेकर दोनों के बीच नोकझोंक भी हुई। इस बीच आवेदक रूपराम उच्च - न्यायालय की ओर से स्वयं सहायता समूह के पक्ष में जारी किए गए शासनादेश को निरस्त करने के आदेशों का हवाला भी देता रहा लेकिन बात नहीं बन सकी।

ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में प्रधान और बीडीसी भाजपा में हुए शामिल

भोजीपुरा, अमृत विचार : ब्लॉक प्रमुख योगेश पटेल के नेतृत्व में क्षेत्र के दर्जनों ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। ब्लॉक प्रमुख ने कहा भाजपा ही एक ऐसी सेकुलर पार्टी है जिसमें प्रत्येक नागरिक का हित सुरक्षित है। उन्होंने बीते दिवस भोजीपुरा प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह यादव सहित अनेकों ग्राम प्रधानों को भाजपा में शामिल कराया। पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष प्रदीप सिंह यादव ने कहा भाजपा की करनी और कथनी में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने कहा भाजपा की कार्यशैली को देखते हुए वह भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

इंस्पायर अवार्ड में चयनित प्रशांत का किया सम्मान

देवरनियां, अमृत विचार : इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में ब्लाक दमखोदा के आदर्श कम्पोजिट विद्यालय अभयपुर के कक्षा आठ के छात्र प्रशांत का चयन हुआ है। चयनित छात्र ने अपना प्रोजेक्ट विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा के नेतृत्व और विज्ञान अध्यापिका निशु गर्वियल के मार्गदर्शन में पूरा किया। प्रशांत को गुरुवार को सम्मानित किया गया इसके साथ ही उसे विद्यालय के अध्यापक सौरभ गंगवार,कविता विष्ट, सुषमा स्वराज,शिखा गंगवार, अयोध्या प्रसाद, प्रतिभा गंगवार,आयुषी राज भारती आदि ने बधाई दी।

कैंट में आज चार घंटे सप्लाई रहेगी बाधित

कैंट, अमृत विचार : कांधरपुर विद्युत उपकेंद्र विद्युत वितरण खंड द्वितीय से जुड़े सभी उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति चार घंटे बाधित रहेगी। एसडीओ अमित सक्सेना ने बताया कि शनिवार को 11केवी और 33 केवी विद्युत लाइनों पर झुके पेड़ों की छटाई और अनुरक्षण संबंधी कार्यों के लिए कांधरपुर उपकेंद्र से जुड़े पालपुर-कमालपुर, क्यारा, कांधरपुर, उमरसिया, चौबारी, सिमरा बोरीपुर आदि की सप्लाई बाधित रहेगी।

नशीला पदार्थ दे किया दुष्कर्म सिपाही ने वीडियो भी बनाई

थाने पर नहीं हुई सुनवाई, कमिश्नर के आदेश पर हुई एफआईआर

संवाददाता, आगरा

अमृत विचार: ताजनगरी में सिपाही की करतूत ने खाकी पर फिर से दाग लगा दिया। महिला की शिकायत पर जांच करने पहुंचे सिपाही ने पहले उसे जाल में फंसाया। फिर नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बना ली। सदर थाने में सिपाही और उसके परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

सदर के शहीद नगर क्षेत्र की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया कि 2018 में विवाह के बाद 2019 में ससुरालियों ने निकाल दिया था। मुकदमा दर्ज कराने के बाद सदर थाने की चौकी इंफेंट्री लाइन पर तैनात सिपाही योगेंद्र सिंह एक अन्य के साथ घर पर मुकदमे के कागज लेकर आया था। कागजों में से उसने नंबर ले लिया। संदेश भेजना शुरू कर दिया। जिस जिम में वह व्यायाम के लिए जाती थी, सिपाही वहां भी उसी समय आने लगा। बातों में फंसा लिया। केस में मदद कराने का आश्वासन दिया।

उसे बहाने से होटल में बुलाया और वहां नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया और फिर उसे साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। उसने शिकायत करने कहा तो उसने कहा कि तुम पति से तलाक ले लो तो वह शादी कर लेगा। अब उसने फोन भी उठाना बंद कर दिया है। उसके परिजनों को बताया कि उन्होंने भी धमकी दी। पहले महिला थाने में शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। फिर महिला ने पुलिस आयुक्त से शिकायत तो उनके आदेश पर केस दर्ज हुआ। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि मामले में साक्ष्य संकलन के बाद कार्रवाई की जाएगी।

पड़ोसी युवक ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

अमृत विचार, आगरा। शमसाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म किया। महिला के परिजन जाग गए और आरोपी को कमरे में बंद कर दिया लेकिन आरोपी धक्का देकर भाग निकला। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना बीती रात्रि की हैं। थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला घर पर सो रही थी। गांव के ही पड़ोस में रहने वाला युवक घुस गया। महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने शोर मचाया तो परिजन जाग गए। लोगों ने बाहर से कुंडी बंद कर दी। जैसे ही कुंडी खोली, तो आरोपित लोगों को धक्का देकर भाग निकला। 112 नंबर पर सूचना दी। पुलिस ने नामजद आरेपी को शुक्रवार देर शाम राजा खेड़ा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया।

हैविटेट ट्रस्ट टीम के कौशिक सरकार व हरिषा एएस ने झादी ताल में प्रवासी पक्षी को खुशी से उछल पड़े

मंगोलिया में पाई जाने वाली मरेका फाल्कटा दुधवा में पहली बार दिखी

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचार: दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग की किशनपुर रेंज में गुरुवार को यूपी ग्रासलैंड प्रोजेक्ट पर कार्य करते हुए दि हैविटेट्स ट्रस्ट की टीम को झादी ताल में पहली बार दुर्लभ प्रवासी पक्षी फाल्कैटेड डक (मरेका फाल्कटा) दिखाई दी है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि हैविटेट ट्रस्ट टीम के कौशिक सरकार व हरिषा एएस ने झादी ताल में जब अन्य प्रवासी पक्षियों के साथ मरेका फाल्कटा को देखा तो वह खुशी से उछल पड़े। क्योंकि मंगोलिया और साइबेरिया जैसे ठंडे देशों में प्रजनन करने वाली इस

फाल्कैटेड डक (मरेका फाल्कटा)।

प्रजाति के पक्षी को दुधवा टाइगर रिजर्व में पहली बार देखा गया था। उन्होंने कहा कि इस दुर्लभ प्रवासी पक्षी का संरक्षण आवश्यक है। संरक्षण न किए जाने पर यह पक्षी यहां खतरे में पड़ सकती है।

इसको वर्ल्ड लाइफ इंटरनेशनल द्वारा नियर थ्रिएटेंड श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि डीटीआर प्रभाग के किशनपुर रेंज के झादी ताल में इस प्रजाति के पक्षी को पाए जाने से यह स्पष्ट हो गया है की झादी ताल प्रवासी पक्षियों के लिए उपयुक्त एवं सुरक्षित वासस्थल है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से यह अपील भी की है कि यदि किसी व्यक्ति को कोई विशेष प्रकार का पक्षी दिखाई दे तो उसकी सूचना वन विभाग को अवश्य दें।

दुधवा टाइगर रिजर्व में अन्य पक्षियों के साथ दुर्लभ प्रवासी पक्षी मरेका फाल्कटा। ● अमृत विचार

बरेली की तीन महिलाएं बदायूं में रोडवेज बस में पर्स चोरी करते पकड़ी गई

संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : रोडवेज बस से बदायूं क्लब के सामने से पंजाब के व्यापारी का 12 लाख रुपये रखा बैग चोरी होने के बाद शुक्रवार को फिर रोडवेज बस में एक बैग चोरी की कोशिश की गई लेकिन इस बार बरेली निवासी तीन महिलाएं बैग चोरी करते पकड़ी गईं। तीनों ने बस में घेर कर बैग से जेवर चोरी कर लिये थे मगर पीड़िता को चोरी का आभास होने पर शोर मचा दिया। इससे तीनों पकड़ी गई। आरोपी महिलाओं ने पीड़िता के साथ बस में हाथापाई भी की। महिलाओं में एक के पास से जेवर रखा बैग बरामद हुआ।

पुलिस तीनों को जवाहरपुरी पुलिस चौकी ले गई। जिनसे पूछताछ की जा रही है। कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव सिद्धपुर कैथोली निवासी संतोष पत्नी विनय यादव कुछ दिन पहले अपने मायके मूसाझाग क्षेत्र के गांव गुलड़िया आई थीं। शुक्रवार सुबह घर जाने के लिए रोडवेज बस में बैठी थीं। बस में उनके सामने दो और पीछे एक महिला खड़ी हो गई। रोडवेज बस दातागंज तिराहे पर पहुंची तो सामने खड़ी महिलाओं ने बात करना शुरू किया और पीछे खड़ी महिला ने उनके पर्स में जेवर रखा दूसरा छोटा पर्स निकाल अपनी शॉल में छिपा लिया था। जवाहरपुरी पुलिस चौकी के सामने बस रोककर तीनों महिलाओं को पुलिस को सौंप दिया। महिलाओं ने पूछताछ में बरेली के रेलवे स्टेशन के पास निवासी कविता, चांदनी और रेनू नाम बताया। तीनों मूलरूप से महाराष्ट्र की रहने वाली हैं। कोतवाली सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि तीनों महिलाओं से पूछताछ चल रही है। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

10 वर्षीया बालिका से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी पकड़ा गया

आगरा, अमृत विचार। थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में एक अधेड़ ने 10 वर्षीया बालिका के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। उसने बालिका को बहाने से कमरे में बुलाया और उसे पकड़ लिया। बालिका किसी तरह वहां से भाग गई। वह दहशत में है। बालिका के परिजनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। टेड़ी बगिया निवासी 62 साल के प्रह्लाद सिंह ने गुरुवार की दोपहर बालिका को बीड़ी मंगाने के बहाने अपने पास बुलाया था। जब वह बालिका कमरे में गई तो आरोपी ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ अश्लील हरकत की। फिर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बालिका ने रोते हुए पूरी घटना घर वालों को बताई। इसके बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और आरोपी को पीटते हुए थाने ले गए। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

वारंटी गिरफ्तार

कासगंज। अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। थाना ढोलना पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। कासगंज कोतवाली इंस्पेक्टर अजयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी मुकेश कुमार निवासी गांव ढोलना काफी समय से फरार चल रहा था। उसे गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

किसानों के बंद को कांग्रेस का समर्थन फिरोजाबाद में प्रदर्शन

अमृत विचार फिरोजाबाद। जिला कांग्रेस कमेटी ने किसानों के राष्ट्रव्यापी बंद को समर्थन किया और प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध किया। प्रदर्शन करते समय कांग्रेसियों के हाथों में पटिकाएं थीं जिन पर लिखा था ''किसान विरोधी यह सरकार नहीं चलेगी'', ''रोजगार विरोधी ये सरकार नहीं चलेगी''। जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार जनविरोधी है। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जनता के लिए संघर्ष कर रहे हैं और जनता का भरपूर प्यार उन्हें मिल रहा है। प्रदर्शन में मनोजंबी भटेले, खजांची दिवाकर, विनय यादव, सचिन यादव, खेतपाल, रोशन सिंह, तेजवीर, रामप्रकाश, बृजमोहन, राकेश, हरस्वरूप उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत उदयपुर जसरथपुर, विकास खंड बिथरी चैनपुर, जिला बरेली

अल्पकालीन निविदा सामग्री आपूर्ति सूचना

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-02 योजनान्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/15वां वित्त/मनरेगा धनराशि के सापेक्ष सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा, सिल्ट केचर, फिल्टर चैम्बर, स्टॉम वाटर का निष्पादन/प्रबंधन, दीवार चित्रण, साइकिल रिक्शा, ई-रिक्शा क्रय, इन्सीनरेटर मरम्मत/क्रय, आर. आर.सी., कूड़ा कलेक्शन, शौचालय मरम्मत कार्य, नाली निर्माण/मरम्मत (संस्थागत/घर) आदि हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रस्तावित है।

क्र. सं.	कार्य का प्रकार	कार्य की मात्रा/नग	वित्त पोषक योजना	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा मूल्य	कार्य अवधि
1.	सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट	02	SBM(G)	44,000/-	-	-	3 माह
2.	सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग	03	FFC	1,72,800/-	2%	200	3 माह
3.	सेप्टिक टैंक से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट	01	FFC	17,000/-	-	-	3 माह
4.	मलीय कचरा प्रबंधन हेतु ट्रेंचिंग	01	SBM(G)	15,000/-	-	-	3 माह
5.	एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (ISWMC)	01	SBM(G)	9,26,270/-	2%	200	3 माह
6.	सामुदायिक एवं संस्थागत इंसिनेटर (भस्मक)	01	FFC	15,002/-	-	-	3 माह
7.	सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट	05	FFC	1,10,000/-	2%	200	3 माह
8.	फिल्टर चैंबर (तालाबों/जलाशयों)	04	FFC	1,61,028/-	2%	200	3 माह
9.	कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)	01	SBM(G)	1,25,000/-	2%	200	3 माह

उपरोक्त कार्य ग्राम पंचायत में कराये जाने हेतु अनुभवी संस्था या फर्म के चयन हेतु दिनांक 17.02.2024 को 10 बजे से दिनांक 23.02.2024 दोपहर 2 बजे तक अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दोपहर 3 बजे खोली जायेगी। निविदा की नियम व शर्त विवरण निविदा पत्र में अंकित है, जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय (पं.सचिवालय) में प्राप्त की जा सकती है। निविदादाताओं की जीएसटी फर्म का रजिस्ट्रेशन प्रमाणित पेन कार्ड की छाया प्रति एवं संबंधित कार्यों का संलग्न होना है। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पं. को होगा। सामग्री क्रय घट या बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि ग्राम पंचायत के नाम से डिमांड ड्राफ्ट या चेक से जमा किया जायेगा। अल्पकालीन निविदा के आवेदन को पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से ग्राम पं. सचिवालय में उपलब्ध कराया जा सकता है।

ग्राम प्रधान — ग्राम पंचायत अधिकारी

कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़, जनपद बरेली

पत्रांक : 891/न.पं. शेरगढ़/वर्ष 2023-24 — दिनांक 13.02.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत शेरगढ (बरेली) को वित्तीय वर्ष 2023-24 में निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय उ.प्र. लखनऊ के पत्रांक 245/2024/228/नौ-5-2024/001- Computer No 1776761-NJPTSY/ नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 09 जनवरी 2024 के द्वारा नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि अंकन-32.14 लाख के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में प्राप्त धनराशि से निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार समस्त ठेकेदारों/सप्लायर्स से ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा की शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

क्र.सं.	नगर पंचायत/NP Stage	ठेकेदार/Vender Stage	प्रारम्भ दिनांक व समय	अन्तिम दिनांक व समय
1	Tender Release	-	13.02.2024 11:00	04.03.2024 12:00
2	-	Tender Download	13.02.2024 11:30	04.03.2024 12:00
3	-	Bid Submission	13.02.2024 12:00	04.03.2024 12:00
4	Close for Bid	-	-	04.03.2024 12:00
5	Bid Opening	05.03.2024	-	-

नोट : निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं शर्तें www.etender.up.nic.in देखे व डाउनलोड किये जा सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत शेरगढ़, जनपद बरेली — अध्यक्ष, नगर पंचायत शेरगढ़, जनपद बरेली

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 47वाँ(वि0/याँ0) वृत्त, लो0नि0वि0, मुरादाबाद

पत्रांक 323/3 WE (B14)– 47/24 — दिनांक :– 7/02/2024

अल्प कालीन ई निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाईन निविदायें वेबसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 19.02.2024 से दिनांक 26.02.2024 दोपहर 12: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 26.02.2024 अपरान्ह 12: 30 बजे गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

कार्य का विवरण निम्नवत् है :–

क्र. सं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत रु0 (लाख में)	धरोहर धनराशि रु0 (लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी) सहित (रू0)	क्षेत्र का नाम	सम्बन्धित अधिशासी अभि0 का पता	निविदा हेतु पात्रता
1	2	3	4	5	6	6	7	8
1	जनपद बरेली में किला क्रासिंग से अलखनाथ मंदिर से चौधरी तालाब तक स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य।	69.65 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त	5.48 लाख	45 दिन	2000+300 + 54= 2354.00	बरेली	अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली	ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार,
2	जनपद बरेली में कुदेशिया क्रासिंग हार्टमैन ब्रिज तक स्ट्रीट लाइट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य।	52.74 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त	4.63 लाख	45 दिन	2000+300 + 54 = 2354.00	बरेली	अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली	ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार
3	जनपद बरेली में हार्टमेन ब्रिज से रामलीला मैदान तक स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य।	47.17 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त	4.36 लाख	45 दिन	2000+300 + 54 = 2354.00	बरेली	अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली	ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार
4	जनपद बरेली में कुदेशिया क्रासिंग वाया नैनीताल रोड से त्रिवटी नाथ मंदिर से धर्मकाटा चौराहा तक स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य।	59.88 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त	5.00 लाख	45 दिन	2000+300 + 54 = 2354.00	बरेली	अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली	ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार
5	जनपद बरेली में धूपेश्वर नाथ मंदिर वाया युगविणा लाइब्रेरी से बदायूँ रोड, बदायूँ रोड स्टेशन रोड पुलिस चौकी तक स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य।	85.49 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त	6.27 लाख	45 दिन	2000+300 + 54 = 2354.00	बरेली	अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली	ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार
6	जनपद बरेली में सुभाष नगर पुलिया से रेलवे कालोनी से तपेश्वरनाथ मंदिर तक स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य।	53.15 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त	4.66 लाख	45 दिन	2000+300 + 54 = 2354.00	बरेली	अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली	ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार
7.	जनपद बरेली में बदायूँ रोड 84 घण्टा मंदिर से मणिनाथ मंदिर तक स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य।	23.49 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त	2.35 लाख	45 दिन	500+300+ 54 = 854. 00	बरेली	अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली	ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार
8	जनपद बरेली में मणिनाथ मंदिर से मणिनाथ क्रोसिंग से सिटी शमशान भूमि तक द्वअंडर पास ऋ स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य।	27.10 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त	2.71 लाख	45 दिन	500+300+ 54 = 854. 00	बरेली	अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली	ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार

निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट https://etender.up.nic.in से दिनांक 19.02.2024 से दिनांक 26.02.2024 दोपहर 12: 00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। इच्छुक एवं सम्बन्धित ठेकेदार विस्तृत जानकारी हेतु उपरोक्त वेबसाइट पर लॉगिन करें। शासनादेश सं0 1 / 2016/3070/78–2–2018/42आई0टी0/2071 (22), दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी बिड खोलने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

UP – 203522 दिनांक 15.02.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(अनिल कुमार) (अधिशासी अभियन्ता) वि0/याँ0 खण्ड लो0नि0वि0 बरेली

(मुराद अहसन) अधीक्षण अभियन्ता 47 वाँ (वि0/याँ0) वृत, लो0 नि0 वि0, मुरादाबाद

कार्यालय ग्राम पंचायत सैफुल्लागंज वि.खं. इस्लामनगर बदायूं

अल्पकालीन निविदा 16-02-2024

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईंट, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना (2023-24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत सैफुल्लागंज वि.खं. इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निवादाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 20-02-2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:–

क्र.सं.	कार्य का विवरण	अनुमानित धनराशि
1.	राम भरोसे के मकान से रामरहीस के मकान तक इंटरलॉक निर्माण कार्य	प्राक्कलन के अनुसार

सचिव — प्रधान

कार्यालय ग्राम पंचायत मनेहरा, वि.खं. बिथरी चैनपुर, जिला बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मनेहरा, बिथरी चैनपुर में मनरेगा व ग्राम निधि के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, सरिया, ईंट की रोड़ी, प्रथम ईंट एवं इंटरलॉकिंग ईंट आदि की सीलबन्द निविदाएं दिनाँक 17.02.24 से दिनांक 22.02.2024 सायं 4 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती हैं। मोहर बंद निविदाएं निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 23-02-24 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में सायं 4 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाले कार्य का विवरण इस प्रकार है :–

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु० माप	अनु० लागत	योजना
1.	मस्जिद से रामेश्वर के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	79 मी.	3,99,333/-	मनरेगा
2.	रामेश्वर के घर से विजयस के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	122 मी.	4,42,142/-	ग्राम निधि
3.	अकील अहमद के घर से मुन्ना लाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	68 मी.	2,65,639/-	ग्राम निधि

ग्राम प्रधान-मंजूर अहमद — सचिव-अजय वंश

कार्यालय ग्राम पंचायत कीरतपुर, वि.खं. बिथरी चैनपुर, जिला बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

सभी अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कीरतपुर, बिथरी चैनपुर में मनरेगा व ग्राम निधि के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, सरिया, ईंट की रोड़ी, प्रथम ईंट एवं इंटरलॉकिंग ईंट आदि की सीलबन्द निविदाएं दिनाँक 17.02.24 से दिनांक 22.02.2024 सायं 4 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती हैं। मोहर बंद निविदाएं निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 23-02-24 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में अपरान्ह 12 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाले कार्य का विवरण इस प्रकार है :–

क्र.सं.	कार्य का नाम	अनु० माप	अनु० लागत	योजना
1.	ग्राम पंचायत में अस्थायी गौआश्रय स्थल निर्माण	01	9,98,500/-	मनरेगा
2.	हरपाल सिंह की जगह से देवस्वरूप के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य	60 मी.	2,35,865/-	ग्राम निधि

ग्राम प्रधान-श्री डालचन्द — सचिव-अजय वंश

कार्यालय ग्राम पंचायत गुलड़िया महीपत, वि.खं. भदपुरा, जिला बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

पंचायत गुलड़िया महीपत की कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15वां वित्त आयोग व पंचम वित आयोग ग्राम निधि/मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु–

क्र. सं.	कार्य का नाम	माप	अनुमानित लागत
1.	मनरेगा ग्राम निधि द्वारा छोटे लाल के घर से रामचन्द्र के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	110 मी.	2,49,00/-
2.	मनरेगा/ग्राम निधि द्वारा मास्टर के घर से राजू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	22 मी.	3,50,000/-
3.	मनरेगा/ग्राम निधि द्वारा कुंवर सेन घर के पास से सत्यवीर की जगह के पास तक नाली निर्माण कार्य	150 मी.	3,50,000/-

उक्त सभी कार्य कराने हेतु इच्छुक ठेकेदार साम्रगी की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 17.02.2024 तक आमंत्रित की जाती है जोकि दिनांक 19.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

दुर्गा प्रसाद (ग्राम प्रधान) — राजू सिंह (सचिव)

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नं. 2 ओ.सी.एफ., शाहजहाँपुर-242001

केन्द्रीय विद्यालय संगठन — G20 समूह 2023 INDIA

दूरभाष : 05842-297715, 05842-297714

WALK-IN INTERVIEW/साक्षात्कार

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.-2 ओ.सी.एफ., शाहजहाँपुर सत्र 2024-25 के लिए अनुबंध अंशकालिक पूर्णतया अस्थाई आधार पर शिक्षकों का पैनल बनाने हेतु दिनांक 23, 28 एवं 29 फरवरी 2024 को प्रात: 8 बजे से साक्षात्कार का आयोजन करेगा।

पद	साक्षात्कार की तिथि
प्राथमिक शिक्षक एवं कंप्यूटर अनुदेशक	23 फरवरी 2024
स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, जीवविज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, वाणिज्य, भूगोल, अर्थशास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान) प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत)	28 फरवरी 2024
योग अनुदेशक, खेल अनुदेशक, मार्शल आर्ट्स कोच, संगीत/नृत्य प्रशिक्षक, आर्ट एवं क्राफ्ट अनुदेशक, स्पेशल एजुकेटर, काउंसलर एवं नर्स	29 फरवरी 2024

योग्य एवं इच्छुक आवेदक शैक्षिक अर्हता, आवेदन फॉर्म विस्तृत जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाईट https://no2shahjahanpur.kvs.ac.in/ का अवलोकन करें।

कार्यालय नगर पालिका परिषद

लखीमपुर खीरी (उ.प्र. 262701)

फोन : 05872-278425 www.npplakhimpur.in E-mail : eonpplakhimpurlk-up@nic.in

पत्रांक : 2244/जननिर्माण/एम.बी.एल./2023-24 — दिनांक : 15.2.2024

अल्पकालिक मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना

राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित जाती है। कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है :–

क्र. सं.	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.)	निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित
1.	लखीमपुर-खीरी	गाँधी विद्यालय के निकट नव निर्मित पुलिया की हाटमिक्स से एपरोध का कार्य।	2,85,914.00	28,591.00	500.00	15 दिवस

1. निविदा प्रपत्र बिक्री करने की तिथि 14.02.2024 तक स्थान-कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर एवं स्थानीय निकाय कक्ष कलेक्ट्रेट खीरी में समय प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक।
2. निविदा आमंत्रित करने की अन्तिम तिथि 24.02.2024 समयअपरान्ह 04:00 बजे तक स्थान कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर एवं स्थानीय निकाय कक्ष कलेक्ट्रेट खीरी।
3. टेक्निकल निविदा खोलने की तिथि 24.02.2024 सायं 05:00 बजे।
4. फाइनेन्शियल निविदा टेक्निकल बिड स्वीकृत उपरान्त खोली जायेगी।

नियम व शर्तें :-

1. समस्त निविदादाता शासन के पत्र संख्या :तक.सेल/07/निदे./2019 दिनांक 28 जून 2019 के अनुसार हैसियत एवं कैटेगरी (क्लास-ए, बी.सी, डी, ई) की व्यवस्था अन्तर्गत ही निविदाओं में प्रतिभाग करेंगे। उक्त शासनादेश का पालन न करने पर निविदादाता की निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
2. सम्मिलित ठेकेदार को स्वीकृत राशि की नियमानुसार जमानत धनराशि 10 प्रतिशत आर.टी.जी.एस. के माध्यम से कैनरा बैंक मुख्य शाखा लखीमपुर में नगर पालिका परिषद, लखीमपुर के खाता संख्या 2910101004088 IFSC CODE CNRB0002910 अथवा एफ.डी.आर./टी.डी.आर. के रूप में जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता निविदा के साथ 100/- के स्टाम्प पर इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा कि उसका कोई भी सगा-सम्बन्धी पालिका में कार्यरत नहीं है, न ही कोई सेवानिवृत्त हुआ है।
4. निविदादाता को निविदा के साथ 100/- टी-6 (नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर) जमा करना अनिवार्य होगा।
5. आयकर, रॉयल्टी, लेबर सेस आदि की कटौती ठेकेदार के भुगतान बिल से की जायेगी।
6. कार्यादेश निगर्त किए जाने के पश्चात कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व, कार्य किए जाते समय एवं कार्य समाप्ति से सम्बन्धित साइट का फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. समस्त निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप होगी।
8. हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. पंजी

अनाहूत: प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम:।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं, उन पर भी विश्वास कर लेता है।

संपादकीय

बिखरता विपक्षी कुनबा

2024 लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे सात माह पूर्व बना आइएनडीआइए गठबंधन बिखरता जा रहा है। उससे जुड़े सहयोगी दल चाहें कितना भी दावा करें कि हम गठबंधन के साथ हैं, लेकिन पार्टियों में चलता अंतर्द्वंद्व और असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से कोई मजबूत पहल सिरे चढ़ते नहीं दिख रही है। गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कही है। उनका कहना है कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं करेगी। हालांकि बाद में उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने सफाई देते हुए कहा कि हम आइएनडीआइए से अलग नहीं हो रहे हैं। आइएनडीआइए के साथ अभी सीटों पर तालमेल को लेकर कोई अंतिम बातचीत नहीं हुई है। यह कहना गलत नहीं होगा कि विपक्षी एकता की कमजोरी की मुख्य वजह क्षेत्रीय दलों में किसी भी कीमत पर समझौते की मंशा का न दिखना है। इसके अलावा एक के बाद एक गठबंधन के प्रमुख चेहरों का गठबंधन से दूरी बनाना मुख्य कारणों में से एक है। जैसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आइएनडीआइए के मुख्य सूत्रधार माने जा रहे थे, लेकिन उनका अचानक से एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए बहुत बड़ा झटका था। इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गठबंधन के प्रमुख नेता जयंत चौधरी का भी एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। गौरतलब है कि सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन में शुरू से ही स्थिति साफ नहीं हो सकी है। जबकि सीटों के बंटवारे को लेकर कई बार बैठकें भी हुईं, लेकिन उन बैठकों का कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। यदि सीटों की स्थिति पर बात करें तो बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी अकेले लोस चुनाव लड़ेगी। पंजाब में भी सत्ताधारी आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ सीटों के बंटबारे को लेकर ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। यही स्थिति दिल्ली और उत्तर प्रदेश में है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ही सभी राज्यों में अपनी पहचान रखती है, ऐसे में सभी क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस के साथ ही सीटों का बंटबारा करना होगा, लेकिन कोई भी दल कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। गठबंधन के दिन ब दिन बिखरने का मुख्य कारण यह भी है कि गठबंधन अपना प्रधानमंत्री का चेहरा स्पष्ट नहीं कर सका। इसकी मुख्य वजह है कि कांग्रेस अपनी पार्टी के किसी चेहरे को प्रधानमंत्री की दावेदारी के रूप में आगे करना चाहती है और इस पर वह कहीं पर भी समझौते की स्थिति में नहीं दिख रही है। टीएमसी ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाना चाह रही थी। कहना गलत नहीं होगा कि पार्टियों की असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में आपस में कोई सामंजस्य नहीं बना सका जिसकी वजह से गठबंधन बिखरता जा रहा है।

भारत की सांस्कृतिक विजय का प्रतीक अबू धाबी मंदिर

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है।

अबू धाबी में स्वामीनारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर का शुभारंभ बीती 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू धर्म के अनुसार सार्वजनिक रूप से पूजा-पाठ विशेष रूप से मूर्ति पूजा की अनुमति नहीं थी, लेकिन बीते कुछ दशकों में कुछ छोटे-छोटे देशों के इस समूह में भारतीयों की संख्या जिस तेजी से बढ़ी उसने उन्हें अमीरात की जरूरत बना दिया। बदलते वक्त के साथ यूएई की सोच भी बदल रही है। उसी का नतीजा है कि वहां आज एक भव्य हिंदू मंदिर स्थापित हो पाया है। ये मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद हाईवे के पास अल रहबा में अबु मुरेखा नाम की जगह पर बना है। ये मंदिर बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने बनाया है। दुनियाभर में इस संस्था के 1200 से ज्यादा मंदिर हैं। दिल्ली और गुजरात में अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था ने बनाया है। अबू धाबी में मंदिर की कल्पना बीएपीएस के प्रमुख स्वामी महाराज ने 5 अप्रैल 1997 को की थी। उनका मानना था कि अबू धाबी में भी एक मंदिर होना चाहिए जिससे देश, संस्कृति, समुदाय और धर्म और करीब आ सकें।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा, क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया। दुनिया के अनेक देशों में स्वामी नारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर बने हैं, किंतु अबूधाबी का यह मंदिर उन लोगों के मुंह पर तमाचा है, जो भारत में मंदिर बनाए जाने पर नाक सिकोड़ते हैं।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा, क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया।

इसी के साथ ये मुस्लिम कट्टरपंथियों के लिए भी सबक है, जो अतीत में मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों पर हिंदुओं के दावे को स्वीकार करने की सौजन्यता दिखाने के बजाय उसमें अड़ंगे लगाया करते हैं। अयोध्या में गत 22 जनवरी को राममंदिर के शुभारंभ के अवसर पर समूचे विश्व के सनातन प्रेमियों ने हर्षाल्लास मनाया।

संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तान में हिंदू मंदिर बना है। यह दुनिया के किसी अजूबे, करिश्मे और अभूतपूर्व मिसाल से कम नहीं है। इसके गहरे सामाजिक-सांस्कृतिक निहितार्थ भी हैं, जिन्हें दुनिया पढ़ेगी और समझेगी। अरब के इस्लामी देश अमूमन कट्टरपंथी, धार्मिक तौर पर संकीर्ण और असहिष्णु माने जाते रहे हैं। यह मंदिर उन धारणाओं को खंडित करता है। अबू धाबी शहर के मरुस्थल में बने हिंदू मंदिर में मिस्र, एजटेक, अफ्रीकी, यूरोपीय और चीनी सभ्यताओं के प्रतिचिह्न भी हैं और कहानियां भी हैं। कुरान को भी देखा जा सकता है, जो 'वॉल ऑफ हॉरमोनी' बनाई गई है, वह सर्वधर्म समभाव का दुर्लभ उदाहरण है। वोहरा समुदाय के मुसलमानों ने उसमें योगदान दिया है। हिंदू के अलावा बौद्ध, जैन, ईसाई संप्रदायों की प्रतिमाएं भी हैं। यकीनन यह मंदिर अध्यात्म और आस्थाओं का सामंजस्य है, सह-अस्तित्व का बेजोड़ नमूना है। करीब 27 एकड़ भूखंड के आधे भाग में बनाए गए मंदिर के लिए संयुक्त अरब अमीरात के इस्लामी शासक, राष्ट्रपति शेख मुहम्मद बिन जायद ने जमीन दान में दी और अरब देश में हिंदू स्वामीनारायण मंदिर बनाने की इजाजत भी दी। इससे व्यापक सहिष्णुता और धार्मिक उदारता और क्या हो सकती है? महत्वपूर्ण यह भी है कि हिंदू मंदिर बनाने का न तो कोई विरोध किया गया और न ही कोई दंगा-फसाद भड़का। किसी अन्य अरब देश ने भी आपत्ति नहीं की। असल में यही धर्मनिरपेक्षता है। मंदिर के सात शिखर सात महत्वपूर्ण भगवानों को समर्पित हैं। भगवान राम, भगवान शिव, भगवान कृष्ण, भगवान जगन्नाथ, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सात शिखर अरब के सात अमीरात के भी प्रतीक हैं। हिंदू मंदिर में गंगा, यमुना, सरस्वती नदियों को प्रतीक-रूप में बनाया गया है। समुद्री जहाजों से पवित्र नदियों के जल अबू धाबी में लाए गए और अब वही जल इन प्रतीकात्मक नदियों में प्रवाहित हो रहा है। मंदिर के आंगन में वाराणसी का घाट भी बनाया गया है।

ऐसे बिम्बात्मक भारत की कल्पना हमने तो कभी नहीं की थी। मंदिर में खासतौर पर 96 घंटियां बनाई गईं हैं। घंटियां हमारे मंदिर की सार्थक पहचान होती हैं। मंदिर को देखें, तो 'लघु हिंदुस्तान' प्रतीत होता है। मंदिर परिसर में एक 'दैवीय आंख' भी बनाई गई है जिसके जरिए क्या देखा जा सकता है, वह अनिर्वचनीय है। करीब 900 करोड़ रुपए की लागत से बने मंदिर में सफेद संगमरमर, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर का ही प्रयोग किया गया है। नागर शैली में बनाए गए मंदिर में कोई लोहा, इस्पात जैसी धातु का इस्तेमाल नहीं किया गया है। मंदिर के 402 स्तंभों पर जो मूर्तियां, पशु-पक्षी, जानवर उकेरे गए हैं, उस नक्काशी का वर्णन एक आलेख में नहीं किया जा सकता। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए भारतीय पौराणिक कथाओं में हाथी, ऊंट और शेर जैसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले जानवरों के साथ संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी स्थान दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एक अरब, इस्लामी देश में हिंदू मंदिर बनाया गया है और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने उसका उद्घाटन किया है। यह हमारे देश के लिए गरिमापूर्ण सम्मान है।

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई, उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है। करीब 39 लाख भारतीय यहां बसे हैं और काम कर रहे हैं। अमेरिका, सऊदी अरब, नेपाल के बाद संयुक्त अरब अमीरात चौथा देश है, जहां इतनी बड़ी संख्या में भारतीय बसे हैं। आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों के अलावा आध्यात्मिक आत्मीयता और सहिष्णुता ज्यादा मायने रखती है। वैसे तो इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे इस्लामिक देशों में भी हिंदू मंदिर प्राचीनकाल से हैं, परंतु किसी अरब देश में इतना भव्य नया मंदिर बनना भारत की कूटनीतिक से अधिक सांस्कृतिक विजय है।

संयुक्त अरब अमीरात ने इस्लामिक कानून से चलने वाली सत्ता होने के बावजूद अपने देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने हेतु उदारवादी रवैया दिखाते हुए पूरी दुनिया से लोगों को वहां आकर काम करने और कमाने का अवसर दिया, लेकिन हिंदू मंदिर बनाने के लिए पहले अनुमति और फिर भूमि प्रदान करना इस बात का प्रमाण है कि वहां के शासक भारत और भारतीयों के महत्व को महसूस कर उनके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। इस मंदिर को इसीलिए धर्म विशेष से न जोड़कर राष्ट्रीय गौरव के तौर पर देखा जाना चाहिए।

प्रसंगवश

चुनौतियां और किताबों से प्यार

इस समय नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला चल रहा है, जो 18 फरवरी तक चलेगा। अक्सर इस दौर में पुस्तकों पर छाए संकट की चर्चा होती रहती है। इन चर्चाओं के बीच एक सुखद खबर आई है। हाल ही में आयोजित कोलकाता पुस्तक मेले में 29 लाख लोगों ने दौरा किया और 27 करोड़ रुपये की ब्रिकी दर्ज की गई। इस दौर में हिंदी की किताबों को लेकर कई तरह की चुनौतियां हैं। एक तरफ पुस्तक मेले में स्टाल का किराया काफी बढ़ गया है तो दूसरी तरफ छोटे प्रकाशकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार प्रकाशन उद्योग को अपेक्षित छूट नहीं दे रही है। हालांकि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद किताबों से प्यार का रिश्ता कायम है। कोरोना काल में हमने पुनः किताबों का महत्व महसूस किया है। लॉकडाउन के दौरान पढ़ने-लिखने वाले लोगों ने किताबों के माध्यम से अपनी निराशा को दूर किया। यह सुखद ही है कि इंटरनेट के इस युग में भी किताबों का महत्व बरकरार है। इंटरनेट आगमन के शुरूआती दौर में यह चिंता व्यक्त की गई थी कि सूचना का यह आधुनिक माध्यम किताबों के लिए नुकसानदायक साबित होगा, लेकिन इंटरनेट का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ किताबों की उपयोगिता भी बढ़ती चली गई। आज जबकि डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा जन्म ले चुकी है तो ऐसे में पुनः किताबों का अस्तित्व खतरे में बताया जा रहा है, लेकिन सवाल यह है कि विदेशों में जहां डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा हमारे देश से अधिक परिपक्व हो चुकी है, क्या किसी संकट की आहट सुनी गई है? विदेशों में इंटरनेट और डिजिटल लाइब्रेरी का अधिक उपयोग हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद वहां किताबों की लोकप्रियता बरकरार है। हालांकि कुछ लोग 'किताबों पर संकट' जैसे जुमले उछालते रहते हैं, लेकिन वास्तविकता यह है कि न ही तो आज किताबों पर कोई संकट है और न ही भविष्य में रहेगा। किताबों से हमारा रिश्ता बहुत पुराना है और यह यूं ही कायम रहेगा, लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि किताबें पाठकों तक भी पहुंचे। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस दौर में हिन्दी के ज्यादातर प्रकाशक किताबों को पाठकों तक पहुंचाने की ईमानदार कोशिश नहीं कर रहे हैं।

रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

महानता और अंधविश्वास

आज हम रोम की महानता के गुण गाते हैं, किंतु यह भूल जाते हैं कि रोम की महानता का आधार अंधविश्वास था। रोम की महानता के बारे में पोलिबियस ने लिखा कि मैं साहसपूर्वक यह बात कहूंगा कि संसार के शेष लोग जिस चीज का उपहास करते हैं, वह रोम की महानता का आधार है और उस चीज का नाम अंधविश्वास है।

इस तत्व का उसके निजी और सार्वजनिक जीवन के सभी अंगों में समावेश कराया गया है और इसने ऐसी खूबी से उनकी कल्पनाशक्ति को आक्रांत कर लिया है कि उस खूबी को बेहतर नहीं बनाया जा सकता। संभवतः बहुत से लोग इसकी विशेषता समझ नहीं पाएंगे, लेकिन मेरा मत है कि ऐसा लोगों को प्रभावित करने के लिए किया गया है। यदि किसी ऐसे राज्य की संभावना होती जिसके सभी नागरिक तत्वज्ञ होते तो इस तरह की चीज से हम बचे रह सकते थे, लेकिन सभी राज्यों में जनता अस्थिर है, निरंकुश भावनाओं, अकारण क्रोध और हिंसक आवेगों से ग्रस्त है। इसलिए केवल यही किया जा सकता है कि जनता को अदृश्य के भय से और इसी किस्म के पाखंडों से काबू में रखा जाए। यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं। हमारी मूर्खता और विवेकहीनता यह है कि हम इस प्रकार की भ्रांतियों को दूर करना चाहते हैं।

अंधविश्वास की बुनियादी विशेषता है अंधानुकरण, वैज्ञानिक विवेक का त्याग और स्वतंत्र चिंतन का विरोध। सामाजिक जीवन में इसका लक्ष्य था आम लोगों को अपने श्रेष्ठजनों के किसी भी आदेश के पालन का अभ्यस्त बनाया जाए। दूसरा वे उन्हीं पर भरोसा करना सीखें जो हर मामले में समान भाव से धार्मिक विधि-विधानों

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं।

का पालन करते हों। कलाओं की दुनिया में इसने नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीतों की सृष्टि की। नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीत-संगीत को मंदिरों में मानदंड के रूप में स्थापित किया गया। कला के क्षेत्र में किसी को यह इजाजत नहीं थी कि उनमें परिवर्तन करे। इसके कारण कलाओं के रूप सैकड़ों वर्षों तक अपरिवर्तित रहे। किसी ने यह साहस नहीं दिखाया कि कलाओं और मधुर गीतों में परिवर्तन करे। ये कलारूप सैकड़ों वर्षों से एक जैसे हैं। मिस्र के कलारूप इस अंधानुकरण के आदर्श उदाहरण हैं। कई हजार साल से उनकी शैली में किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है। इस दौरान वे न तो बेहतर बन पाए और न बदतर ही बन पाए।

इसी तरह अंधविश्वास को जनप्रिय बनाने में झूठ खासकर इष्टकर झूठ की बहुत बड़ी भूमिका रही है। एक ऐसा झूठ, उदात्त झूठ जिसके सहारे संपूर्ण समुदाय को संभव हो सके तो शासकों को भी स्वीकार करने के लिए राजी किया जा सके। इस तरह के झूठ के आदर्श उदाहरण हैं हमारे रीति-रिवाज और संस्कार जिनकी प्रशंसा करते हुए हमारे शास्त्र थकते नहीं हैं। रीति-रिवाज और संस्कारों की प्रशंसा के क्रम में सबसे ज्यादा हमला स्वतंत्र चिंतन पर किया गया, उन लोगों पर हमले किए गए जो स्वतंत्र चिंतन के हिमायती थे, जो प्रत्येक बात पर शंका करते थे। प्रश्न करते थे। अंधविश्वास का ही एक आयाम है चमत्कार वर्णन और दंतकथा। चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं ने अंधविश्वासों को आम जनता के जीवन में उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। किसी भी दर्शनवेत्ता और धर्मशास्त्री के उपदेशों के द्वारा पुरुषों और औरतों के समूहों को श्रद्धा, भक्ति और विश्वास की ओर नहीं मोड़ा जा सकता था। इनको प्रभावित करने के लिए अंधविश्वास का लाभ उठाना पड़ता था। यह कार्य चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं के बिना संभव नहीं था। कालांतर में इसने नागरिक जीवन की प्राचीन व्यवस्था और साथ ही, वास्तविक सृष्टि संबंधी स्थापनाओं में मिथकशास्त्र के रूप में सम्मान जनक स्थान प्राप्त कर लिया।

कौटिल्य का अंधविश्वास में विश्वास नहीं था, किंतु उन्होंने राज्य के कौशल के तौर पर अर्थशास्त्र में अंधविश्वास की चर्चा की है। उनका न तो राजा के दैवी अधिकार और उसकी सर्वज्ञता की सच्चाई में विश्वास था और न वे यह चाहते थे कि स्वयं शासक इस तरह की वाहियात बात को सच मानें। वे सुझाव देते हैं कि राज्य को अपनी आंतरिक और बाह्य स्थितियों को सुदृढ़ करने के लिए सामान्य लोगों की अंधमान्यताओं का लाभ उठाना चाहिए। अंधविश्वास के साथ-साथ पुनर्जन्म और कर्मफल की प्राप्ति की धारणा का भी व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसका साहित्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ा। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार साहित्य में काव्य-रूढ़ियों का चलन शुरू हुआ।

सोशल फोरम

अनिवार्य मिलिट्री सेवा

इस उन्माद, नफरत, क्रोध और बदला लेने की इच्छा से भरे माहौल में अक्ल की बात करने वाले को भी लोग देशद्रोही ठहरा देंगे, लेकिन इसके बावजूद भी एक बात तो मैं जरूर कहूंगा कि जिनको युद्ध का, उसकी विभीषका कोई अनुभव ही नहीं वो ही युद्ध की बाते ज्यादा करते हैं। खास कर हमारे राजनेता।

इधर इजराइल का नाम लेकर और उसकी बहादुरी की तारीफ में कसीदे पढ़ने वाले लोगों की एक बाढ़ सी आ गई है तो उन लोगों को बता दूं कि वहां के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने 1967 से 1973 तक इस्राइल डिफेंस सेवा में नौकरी भी की। अपनी नौकरी के दौरान उन्होंने कई खतरनाक मिशन में हिस्सा भी लिया। ऐसे ही एक मिशन में उनके कंधे पर गोली भी लगी।

इजराइल के हर उस नागरिक के लिए सैनिक सेवा अनिवार्य है जो 18 वर्ष की उम्र से अधिक है। पुरुषों के लिए ये अवधि 2 साल आठ महीने और स्त्रियों के लिए 2 साल की है। इजराइल के अरब नागरिकों के लिए ये सेवा अनिवार्य नहीं है। अमेरिका में प्रेसिडेंट बनने के लिए मिलिट्री का अनुभव अनिवार्य नहीं है। फिर भी अमेरिका के 45 प्रेसिडेंट में से 29 के पास मिलिट्री में काम करने का अनुभव था और वो अच्छे पदों पर थे। इंग्लैंड में भी राजशाही के साथ जुड़े लोगों को मिलिट्री में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उन्हें सेना का बेहतर अनुभव मिल सके। यह वहां की परंपरा भी है। अब अगर हमारे देश से तुलना करें तो यहां वही कौम सबसे बड़ी देशभक्त है जिनका सेना में सबसे कम योगदान है। देशभक्ति के सारे तगमे उनके सीने पर सजे हैं जिनका सेना में अनुभव का रिकॉर्ड सबसे खराब है। जहां सैनिक बनने की कोई परंपरा ही नहीं आज वही सबसे बड़े देशभक्त हैं।

तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

सेना का अनुशासन और ईमानदारी एक बेहतर नागरिक बनने में सहायक होती है। आज भी अन्य क्षेत्रों की तुलना में सेना में भ्रष्टाचार सबसे कम है। यहां जाति धर्म के नाम पर आपस मे नफरत भी नहीं है। इसलिए सरकार सबसे पहले ऐसा ही अनिवार्य मिलिट्री सेवा का नियम यहां भी लाए। खासकर उनके लिए तो ये बिल्कुल जरूरी होना चाहिए, जो देशसेवा करना चाहते हों।

-फेसबुक वॉल से

भाजपा के एजेंडे का मुख्य हिस्सा है यूसीसी

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा आज का नहीं है। ये मुद्दा कई दशकों से चल रहा है। 1967 के आम चुनाव में जनसंघ ने चुनाव जीतने पर देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का वादा किया था, लेकिन 1967 के आम चुनाव में जनसंघ की हार हुई। इसके बाद कुछ सालों तक यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा गायब रहा। इसके बाद साल 1980 जनता पार्टी टूटी, इसी साल जनता पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ जिसमें 17-14 के बहुमत से जनसंघ से आए नेताओं को पार्टी के बाहर करने का फैसला लिया गया और इसके बाद बीजेपी का गठन हुआ। 1980 में लोकसभा चुनाव के करीब चार महीने बाद बीजेपी का गठन हुआ। इसके बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में यूसीसी का कोई जिक्र नहीं किया। इस चुनाव में बीजेपी को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। पार्टी के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी को बुरी हार का सामना करना पड़ा था। बाद में 1980 का मध्य आते-आते लालकृष्ण आडवाणी की अगुवाई में बीजेपी ने तीन एजेंडों-यूनिफॉर्म सिविल कोड, अनुच्छेद 370 की वापसी और राम मंदिर के निर्माण पर बेहद आक्रामक तरीके से काम करना शुरू किया। साल 1985 में शाहबानो मामले के बाद समान नागरिक संहिता का मामला जोर-शोर से

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी, जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी।

गरमाया। बीजेपी और आरएसएस ने आक्रामक तरीके से यूनिफॉर्म सिविल कोड की मांग करनी शुरू की। 1989 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया कि अगर वह सत्ता में आई तो अलग-अलग पर्सनल लॉ की समीक्षा के लिए एक कमीशन गठित करेगी।

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी, जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी। बीजेपी सांसद लगातार संसद में भी यह मामला उठाते रहे। इसी बीच अल्मोड़ा से बीजेपी के सांसद बच्ची सिंह रावत 20 दिसंबर 1996 को यूसीसी पर प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए जिसका शीर्षक था 'यूनिफॉर्म मैरिज एंड डायवोर्स बिल'। हालांकि यह संसद में पास नहीं हो सका। 1986 में संघ ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संविधान का हवाला देते हुए सरकार से यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की मांग की।

1995 में आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल ने एक प्रस्ताव पारित कर देशभर के सांसदों से अपील की कि वे भले ही किसी पार्टी से ताल्लुक रखते हों, लेकिन नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने का समर्थन करें। 1996 और 1998 में भी बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड का जिक्र किया और लॉ कमीशन गठित करने की बात कही। 1991 में बीजेपी को और लाभ हुआ और उनकी सीटों की संख्या बढ़कर 100 के पार हो गई। इन लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड, राम मंदिर, धारा 370 के मुद्दों को जमकर उठाया। ये सभी मुद्दे बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में शामिल थे, मगर संख्या बल के कारण ये पूरे नहीं हो पाए थे। इसके बाद 1996 में बीजेपी ने 13 दिन के लिए सरकार बनाई। 1998 में बीजेपी ने 13 महीने सरकार चलाई। 1999 में बीजेपी ने अपने सहयोगियों के साथ बहुमत से सरकार बनाई। तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। इस बीच बीजेपी के मुद्दे रह-रह कर उछाले जाते रहे। इसके बाद 2005 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की हार हुई। तब कांग्रेस ने सहयोगियों के साथ सरकार बनाई। इसके बाद साल 2014 में पहली बार बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हुई और केंद्र में मोदी सरकार आई। मोदी सरकार ने पूरे जोर-शोर से अपने चुनावी वादों पर काम करना शुरू किया। इसमें सबसे पहले मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया। इसके बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड और राम मंदिर को लेकर आंदोलन तेज किया गया। यूसीसी बीजेपी के मुख्य तीन एजेंडों में हमेशा ही शामिल रहा है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाने और अयोध्या राममंदिर निर्माण के बाद अब बीजेपी देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए काम कर रही है। बीजेपी ने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता को शामिल कर इसे लैंगिक समानता से जोड़ा है। पार्टी के मुताबिक 'पार्टी सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए कटिबद्ध है।' लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यूसीसी लागू करवाना बीजेपी के एजेंडे का सबसे मुख्य हिस्सा है।

आपका पत्र

सिव समान प्रिय मोहि न दूजा

बलिहारी है लोकसभा चुनावों की निकटता की जिसके कारण भगवानों का भी राजनीतिकरण हो गया है और जबरदस्त खींचातानी हो रही है। राजनेता तो ऐसा अपने स्वार्थवश करते हैं, किंतु लेखक भी यदि खेमेंबंदी करें और किसी एक भगवान के शिविर में बैठकर दूसरे को कमतर बता दें, तो आपत्ति दर्ज करना जरूरी हो जाता है ताकि गलत परंपरा न पड़ने पाए। इनमें बड़ा-छोटा कोई नहीं होता। एक ही विराट शक्ति अपनी अलग-अलग हैसियतों से सृष्टि का सृजन, पालन और लय करती है, बस नाम का ही भेद है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का यजमान बनना बहुत प्रचार पा गया और उन्हें चुनावी लाभ मिलता दिखने लगा। ऐसे में अलग-अलग दलों ने भी अपने अपने धार्मिक एजेंडे बनाए। इस क्रम में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इटावा में केदारेश्वर शिव मंदिर को अपना चुनावी भगवान बनाया और वे भी कुछ मिलता जुलता आयोजन, प्राण प्रतिष्ठा आदि करवाने जा रहे हैं। इसे लेकर एक लेखक ने दैनिक अमृत विचार के 16 फरवरी अंक में लिखे अपने एक लेख में समाजवादी पार्टी और अखिलेश को नीचा दिखाने के लिए भगवान शंकर को ही राम के मुकाबले नीचा दिखा दिया। ऐसा करते समय विद्वान लेखक ने रावण का उदाहरण दिया। लेखक ने कहा कि रावण शिव भक्त था, लेकिन राम के मुकाबले उसका जो हुआ, वह सब कोई जानता है। यहां सवाल यह है कि क्या रावण की हार भगवान शिव की हार है? कदापि नहीं। भगवान राम तो स्वयं बहुत बड़े शैव थे। उन्होंने रामेश्वरम की स्थापना की थी, जो आज भी उनकी शिव भक्ति की गवाही दे रहा है और प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। गोस्वामी तुलसीदास के शब्दों में -लिंग थापि करि विधिवत पूजा। सिव समान प्रिय मोंहि न दूजा।। सिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेउ नहि भावा।। "विनय पत्रिका" में तुलसी बाबा ने एक पद लिखा है 'हरिशंकरी'। इसमें एक पंक्ति में हरि की स्तुति और दूसरी में हर की। इसी क्रम से पूरा पद उन्होंने लिखा है। यह है बड़ों का आदर्श, न की एक (हरि) को बड़ा और दूसरे (हर) को छोटा बता देना। विश्व के अन्यतम दर्शन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय-4/11 में भी भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "हे अर्जुन! जो भक्त जिस भाव से मेरी शरण लेता है, मैं उसे उसी भाव (रूप) से आश्रय देता हूं" ये यथा माम् प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्। अतः भगवानों में अभेद मानते हुए, उन्हें किसी राजनीतिक खेमें का मानकर, अपनी अपनी निष्ठानुसार बड़ा छोटा घोषित करने से लेखक बंधु बचें। **-शारदा शुक्ला,** वरिष्ठ पत्रकार, लखन

महागठबंधन सरकार में तेजस्वी समेत राजद कोटे के मंत्रियों के कार्य की समीक्षा के नीतीश ने दिए आदेश

स्वास्थ्य, पथ निर्माण, नगर विकास एवं आवास जैसे महत्वपूर्ण विभाग थे राजद के पास

पटना, एजेंसी

बिहार की नीतीश सरकार ने महागठबंधन सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे तेजस्वी प्रसाद यादव समेत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कोटे के मंत्रियों के कार्यों एवं लिए गए निर्णयों की समीक्षा करने का आज आदेश दिया।

मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी आदेश में कहा गया है कि 1 अप्रैल 2023 से स्वास्थ्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में पूर्व मंत्री के स्तर पर किए गए कार्यों एवं लिए गए निर्णयों की समीक्षा की जाए। यदि आवश्यक हो तो सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन के बाद उनमें संशोधन किया जाए। इस संबंध में तत्कालीन विभागीय मंत्रियों से संबंधित आदेश की जानकारी दी जाएगी। साथ ही संबंधित मंत्री से आवश्यक निर्देश भी प्राप्त किया जाएगा।

पूर्व की महागठबंधन सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे तेजस्वी प्रसाद यादव के पास स्वास्थ्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग और ग्रामीण कार्य विभाग था। इनके अलावा राजद विधायक रामानंद यादव खान एवं भू-तत्व विभाग और ललित यादव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री थे। बिहार में महागठबंधन को छोड़कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से नाता जोड़े अभी श्री नीतीश कुमार को एक माह भी नहीं हुआ है कि राजद कोटे के मंत्रियों के कार्यों एवं निर्णयों की समीक्षा का आदेश जारी हुआ है। महागठबंधन सरकार से अलग होने के बाद विधानसभा में श्री नीतीश कुमार ने सरकार के शक्ति परीक्षण के दौरान कहा था कि उन्हें जानकारी मिल रही थी कि कई विभागों के कामकाज में गड़बड़ की जा रही थी। उन्होंने विधानसभा में एलान किया था कि यदि आवश्यकता पड़ी तो संबंधित विभागों के काम की जांच पड़ताल कराई जाएगी।

नीतीश ने मेरे माता-पिता के सामने हाथ जोड़कर महागठबंधन में शामिल कराने की विनती की थी : तेजस्वी

पटना। बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2022 में उनके माता-पिता के पास हाथ जोड़कर विनती करने आए थे कि उन्हें महागठबंधन में स्वीकार कर लें। उन्होंने कहा कि वह इस बात से बहुत आशंकित थे कि भाजपा 2022 में उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को तोड़ देगी। ऐसी परिस्थिति में हाथ जोड़कर अनुरोध करने आए थे कि वे उन्हें महागठबंधन में स्वीकार कर लें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मैं जानता था कि श्री कुमार की कोई गारंटी नहीं है कि वह कब 'यूटर्न' ले लेंगे लेकिन लालू जी ने बड़ा दिल दिखाते हुए उन्हें स्वीकार किया और नीतीश कुमार को 2022 में मुख्यमंत्री बनने के लिए समर्थन दिया। लेकिन, नीतीश कुमार ने फिर वही काम किया जिसकी उम्मीद की जा रही थी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने इस साल 28 जनवरी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार बनाने के लिए भाजपा से हाथ मिलाया लेकिन इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि वह कितने समय तक वहां बने रहेंगे।

नीतीश के लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं: लालू

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए उनके 'दरवाजे हमेशा खुले' हैं। नीतीश हाल ही में राजद व कांग्रेस के साथ वाले महागठबंधन से नाता तोड़कर कर भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गए। दोनों नेताओं को गुरुवार को बिहार विधानसभा परिसर के अंदर गर्मजोशी से हाथ मिलाते देखा गया था, जहां लालू राज्यसभा चुनाव को लेकर अपनी पार्टी के उम्मीदवारों मनोज झा और संजय यादव के नामांकन दाखिल करने के समय उनका मनोबल बढ़ाने गए थे।

मैंने नीतीश को लेकर पहले ही भविष्यवाणी की थी: ओवैसी

किशनगंज। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने दावा किया कि उन्होंने भविष्यवाणी की थी कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापस चले जाएंगे। राज्य के किशनगंज जिले में बैठक को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कुमार और राजद पर मुसलमानों को सत्ता में हिस्सेदारी देने के खिलाफ होने का भी आरोप लगाया।

गला काटकर पत्नी का सिर लेकर चौकी जा रहा था पति, गिरफ्तार

आठ साल पहले हुआ था विवाह, पत्नी के अवैध संबंधों से था नाराज

पत्नी की हत्या के बाद सिर और धारदार हथियार लेकर पुलिस चौकी जाता युवक।

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव में अवैध संबंध के शक से नाराज पति ने पत्नी का सिर बांके से काट दिया और सिर हाथ में लेकर पुलिस चौकी जा रहा था तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी दिनेश सिंह ने बताया कि मृतका की मां विमला देवी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव निवासी अनिल कनौजिया राजगीर है। वह पत्नी के अवैध संबंध से नाराज था। कई बार विवाद पुलिस चौकी तक पहुंचा था। शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे अनिल ने पत्नी वंदना 26 की बांके से गला काटकर हत्या कर दी। उसके बाद कटा सिर और दूसरे हाथ में बांका लेकर इसरौली चौकी जा रहा था। इसकी सूचना पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी दिनेश कुमार सिंह, एएसपी उत्तर चिरंजीवी नाथ सिंहा, सीओ रघुबीर सिंह व प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने चौकी पहुंचकर जांच की। अभियुक्त के परिजनों से बात कर उनके बयान दर्ज किए। पुलिस ने बताया कि अनिल कनौजिया का विवाह आठ वर्ष पहले मसौली थाना क्षेत्र के मूलीगंज निवासी वंदना देवी (26) के साथ हुआ था। इनके दो बेटे अमन (5) व श्याम (1) है। पति-पत्नी में इन दिनों विवाद चल रहा था।

गाजियाबाद में पत्नी की हत्या कर अपना और ढाई साल की बेटी का गला रेता

गाजियाबाद, एजेंसी। गाजियाबाद में एक व्यक्ति ने शुक्रवार को अपनी पत्नी का गला रेत दिया और फिर खुद तथा अपनी बेटी के साथ भी ऐसा करने की कोशिश की। ग्रामीण क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि जावेद (30) ने अपनी पत्नी साबरीन (27) का गला रेतने के बाद खुद के और अपनी बेटी हीबा (ढाई साल) के साथ ऐसा ही करने की कोशिश की। उन सभी को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सबरीन को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि जावेद को अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह था और उनके बीच अक्सर अनबन रहती थी। पिछले एक साल से वे उत्तर पूर्व दिल्ली के नंद नगरी में विवाद को सुलझाने के लिए परिवार परामर्श केंद्र में जा रहे थे। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे जावेद ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और वारदात को अंजाम दिया। कुछ देर बाद पड़ोसियों ने कमरे में झांककर देखा तो तीनों खून से लथपथ पड़े थे।

वंदे भारत 'कवच' के पहले परीक्षण में रेड सिग्नल से पहले खुद रुकी

आगरा रेलवे डिवीजन ने ब्रेकिंग सिस्टम का किया परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

आगरा रेलवे डिवीजन ने शुक्रवार को स्वदेशी रूप से विकसित टक्कर रोधी उपकरण कवच के तहत आठ डिब्बों वाली वंदे भारत ट्रेन में स्थापित स्वचालित ब्रेकिंग सिस्टम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

आगरा रेलवे डिवीजन की जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि पहले परीक्षण में लोको पायलट ने ब्रेक नहीं लगाया, फिर भी 160 किमी प्रति घंटे की गति से चल रही ट्रेन रेड सिग्नल से 10 मीटर पहले स्वचालित रूप से थम गई। यह मानक अब देश में आठ डिब्बों वाली सभी वंदे भारत ट्रेन में आजमाया जाएगा। सभी वंदे भारत ट्रेन में कवच प्रणाली लगी हुई है जो किसी भी कारण से लोको पायलट के कार्य नहीं कर पाने की स्थिति में खुद ब्रेक लगा सकती है। चूंकि इस प्रणाली को एक साथ काम करने के लिए कई अन्य घटक जैसे स्टेशन कवच, ट्रैक की पूरी लंबाई में आरएफआईडी टैग और पटरी के साथ कवच टावर की आवश्यकता होती है, इसलिए भारतीय रेलवे परिचालन सुरक्षा बढ़ाने के लिए अपने नेटवर्क में इन घटक को लागू करने की प्रक्रिया में है। उत्तर मध्य रेलवे जोन के उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर कुश गुप्ता की देखरेख में मथुरा और पलवल के बीच सुबह साढ़े नौ बजे परीक्षण शुरू हुआ और दोपहर दो बजे तक पूरा अभ्यास अप और डाउन दोनों दिशाओं में दोहराया गया। श्रीवास्तव ने कहा कि अब 16 डिब्बों वाली वंदे भारत ट्रेन के लिए कवायद की जाएगी।

उत्तरी राज्यों को रोजाना हो रहा 500 करोड़ का नुकसान

किसान आंदोलन सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम को गंभीर रूप से कर रहा है प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने शुक्रवार को कहा कि किसान आंदोलन के लंबा चलने से उत्तरी राज्यों में व्यापार और उद्योग को 'गंभीर नुकसान' पहुंच सकता है। उद्योग मंडल का कहना है कि किसान आंदोलन से रोजगार को भारी नुकसान होने की आशंका है और इससे प्रतिदिन 500 करोड़ रुपये से अधिक का आर्थिक नुकसान होगा।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा कि लंबे समय तक चलने वाले आंदोलन से प्रतिदिन 500 करोड़ रुपये का आर्थिक नुकसान होगा। और उत्तरी राज्यों मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के चौथी तिमाही के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) पर असर पड़ेगा। उद्योग मंडल देश में सभी के कल्याण के लिए आम सहमति के साथ सरकार और किसानों दोनों से मुद्दों के शीघ्र समाधान की आशा करता है। किसानों का आंदोलन पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के व्यवसायों को प्रभावित कर रहा है। उत्पादन प्रक्रियाओं को निष्पादित करने और उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए ऐसी इकाइयों का कच्चा माल बड़े पैमाने पर अन्य राज्यों से खरीदा जाता है। बड़ी मार पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के एमएसएमई पर पड़ेगी। पंजाब, हरियाणा और दिल्ली की संयुक्त जीएसडीपी मौजूदा कीमतों पर 2022-23 में 27 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

शंभू बॉर्डर पर दिल का दौरा पड़ने से किसान ज्ञान सिंह की मौत के बाद पटियाला में विरोध प्रदर्शन करते किसान।

हरियाणा पुलिस ने पथराव, सुरक्षाकर्मियों को उकसाते हुए वीडियो किया जारी

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को कई किसानों का वीडियो जारी किया, जिसमें उन्हें अंबाला के पास शंभू सीमा पर पथराव करते और सुरक्षा कर्मियों को उकसाने का प्रयास करते देखा गया है। पुलिस ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि किसानों के आंदोलन की आड़ में 'उपद्रव' की इजाजत नहीं दी जा सकती। इस बीच, 'दिल्ली चलो' आह्वान का नेतृत्व कर रहे किसान नेताओं ने दावा किया कि हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़कर और रबड़ की गोलियां चलाकर उनके खिलाफ 'बल' का इस्तेमाल किया, जिससे कई लोग घायल हो गए।

शंभू सीमा पर तैनात हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक की मौत

चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा के अंबाला में शंभू सीमा पर तैनात हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक की मौत हो गई। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि उप निरीक्षक की पहचान हीरा लाल (52) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि हीरा लाल को किसानों के विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर शंभू सीमा पर तैनात किया गया था। प्रवक्ता ने बताया कि ड्यूटी के दौरान उप निरीक्षक हीरा लाल की तबीयत अचानक से बिगड़ने लगी, जिसके बाद उन्हें तुरंत अंबाला के सदर अस्पताल ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने हीरा लाल की मौत पर शोक जताया है।

मुट्ठी भर राशन बांटकर खेत लूटने वाली भाजपा का मुखौटा उतर गया: अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से स्पष्ट है कि भाजपा ने 'इलेक्टोरल बॉन्ड' में घालमेल किया है, भाजपाई राजनीति की जड़े भ्रष्टाचार के गहरे पाताल में चली गई है। 'मुट्ठी भर राशन बांटकर खेत लूटने वाली भाजपा' का मुखौटा अब उतर गया है। जनता जीतेगी, भाजपा हारेगी! हम सब साथ हैं!

सोशल मीडिया एक्स पर किसानों को संदेश देते हुए शुक्रवार को सपा प्रमुख ने कहा है कि 'इलेक्टोरल बॉन्ड' को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक घोषित किये जाने से किसान आंदोलन के अंदर एक नई ऊर्जा आई है क्योंकि इन तथाकथित राजनीतिक चंदों के नाम पर जो लोग पिछले दरवाज़े से भाजपा की हथेली गरम करके कृषि कारोबार पर क़ब्ज़ा करके अपना व्यापारिक स्वार्थ सिद्ध कर रहें थे, अब वो भाजपा को चंदा नहीं देंगे।

साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा कहीं गई ये बात किसानों-मज़दूरों व भाजपा विरोधी लोगों द्वारा देश के हर गाँव, गली, मोहल्ले तक पहुँचनी चाहिए कि 'भ्रष्ट भाजपा' कैसे अमीरों से पैसे लेकर आम जनता के खिलाफ़ साज़िश रचती है और भावनात्मक रूप से भोली-भाली आम जनता का शोषण करके अपना स्वार्थ साधती है। अखिलेश यादव ने कहा कि पैसे लेकर सवाल पूछने के झूठे आरोपों पर जब किसी सांसद की सदस्यता जा सकती है, तो पैसे लेकर किसान-मज़दूर विरोधी नीतियाँ बनाने पर तो भाजपा के सभी सांसदों की सामूहिक सदस्यता चली जानी चाहिए। उन्होंने प्रदर्शनकारी किसान सरदार ज्ञान सिंह की मृत्यु पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। सपा प्रमुख ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट भाजपा से 'इलेक्टोरल बॉन्ड' के साथ-साथ किसान आन्दोलनों में हुई किसानों की मौत का भी हिसाब मांगे। किसानों का अपमान जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

एडब्लूईआईएल बनाएगी नौसेना के लिए एंटी एयर क्राफ्ट गन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **274.76 करोड़ रुपये की 30 एमएम एके 630 नेवल गन के ऑर्डर के लिए एमओयू**

अमृत विचार: कानपुर स्थित एडवांस्ड वेपंस एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्लूईआईएल) भारतीय नौसेना के लिए स्वदेशी तकनीक की ताबड़तोड़ गोलियां बरसाने वाली गन बनाने जा रही है। इसके लिए कंपनी का कोचीन शिपयार्ड के साथ समझौता हुआ है। 274.76 करोड़ रुपये का यह ऑर्डर चार साल में पूरा किया जाएगा।

स्वचालित 30 एमएम एके-630 सीआईडब्लूएस खास तरह की स्वचालित घूमने वाली गन है। यह दुश्मन के टारगेट की दिशा में घूमते हुए ताबड़तोड़ गोलियां बरसाती है। इसकी फायरिंग रेंज चार से पांच हजार राउंड्स प्रति मिनट है। टारगेट जैसे ही इसकी रेंज में आता है ये स्वतः फायरिंग शुरू कर देती है। यह विमान और हेलीकॉप्टरों के हमले से सुरक्षा करती है। नौसेना के जहाजों का यह प्रमुख वायुरोधी हथियार है। इसे युद्धक पोतों, छोटे जहाजों, तटीय लक्ष्यों और तैरती हुई माइंस के खिलाफ भी प्रयोग किया जा सकता है।

एडब्लूईआईएल के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक राजेश चौधरी ने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारतीय नौसेना को अत्याधुनिक हथियार प्रणालियों से मजबूत होना बहुत जरूरी है। इसी दिशा में कंपनी की कोचीन शिपयार्ड के साथ नयी पीढ़ी की 12 मिसाइल वेस्सल गन निर्माण के लिए सहमति बनी है। प्रबंध निदेशक ने बताया कि पहले से ही भारतीय नौसेना को जीएसएफ काशीपुर से 30 एमएम एके 630 गन नेवल गन, एफजीके कानपुर से एसआरजीएम बेरल लाइनर और जीसीएफ जबलपुर से कवच चैफ सिस्टम की आपूर्ति की जा रही है।

नोएडा में रेव पार्टी मामला

फॉरेंसिक रिपोर्ट में सांप के जहर की पुष्टि

नोएडा, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के नोएडा में एक यूट्यूबर से जुड़ी एक संदिग्ध रेव पार्टी से एकत्र किए गए नमूनों की फॉरेंसिक रिपोर्ट में सांप के जहर की पुष्टि हुई है। नोएडा पुलिस के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि नमूने की फॉरेंसिक रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि पार्टी स्थल से पाए पदार्थ में कोबरा और करैत सांपों का जहर था। पिछले साल तीन नवंबर को नोएडा के सेक्टर-51 में एक बैंक्वेट हॉल में संदिग्ध रेव पार्टी के लिए सांप का जहर उपलब्ध कराने के आरोप में यूट्यूबर एल्विश यादव सहित छह लोगों पर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम और आईपीसी की धारा 120 ए के तहत मामला दर्ज किया गया था। प्राथमिकी में नामित लोगों में से पांच को गिरफ्तार कर लिया गया था और यादव से मामले में पूछताछ की गई थी लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया था।

सामान ले जा रहा ड्रोन डिश एंटीना से टकराया, कंपनी के खिलाफ केस

गुरुग्राम, एजेंसी

हरियाणा के गुरुग्राम में एक आवासीय इलाके में सामान पहुंचाने जा रहा ड्रोन डिश एंटीना से टकरा गया, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना गुरुवार शाम पांच बजे आवासीय क्षेत्र साउथ सिटी दो के जी ब्लॉक में हुई। स्काई एयर द्वारा ड्रोन का ऐसे समय उपयोग किया जा रहा था जब जिले में मुख्यमंत्री मनोहर खट्टर के दौरे के कारण निषेधाज्ञा लागू थी। कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

सोसायटी की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने घटना की जानकारी सेक्टर 50 थाने को दी और पुलिस मौके पर पहुंची। माल ढुलाई संबंधित समाधान प्रदाता स्काई एयर ने कहा कि ड्रोन के रास्ते में एक बाधा से पास के खुले क्षेत्र में आपातकालीन स्थिति में इसे उतारा गया। दुर्भाग्य से ड्रोन एक डिश एंटीना से टकरा गया और छत पर गिर गया। कंपनी ने पहले बयान में कहा था कि पायलट ने निषेधात्मक आदेशों के बारे में जानने के बाद कानून के अनुपालन में एक इमारत पर आपातकालीन लैंडिंग करने का प्रयास किया। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत लागू निषेधाज्ञा के अनुसार 15 और 16 फरवरी को गुरुग्राम जिले में मानव रहित हवाई वाहनों (ड्रोन आदि) के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। शिकायत के आधार पर स्काई एयर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा), 287 (मशीनरी के संबंध में लापरवाहीपूर्ण आचरण), 336 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य) के तहत गुरुवार रात सेक्टर 50 थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

आधुनिक थिएटर के जनक माने जाते हैं बिसारिया

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर भारत में आधुनिक थियेटर के जनक कहे जाने वाले राज बिसारिया नहीं रहे। अभिनय और निर्देशन की दुनिया के बेताज बादशाह राज बिसारिया हमें हमेशा के लिए छोड़ गए। उनकी जिन्दगी का अभिनय भी अब समाप्त हो गया। बेहतर रहन-सहन, सीधी- सपाट बात कहने की आदत, रिश्तों को किसी भी हद तक निभाने की क्षमता और काम के दौरान कोई भी बात न सुनने का जज्बा अपनाने वाले राज बिसारिया ऊपर से जितने कड़क और गुस्सैल नजर आते थे, भीतर से उतने ही नरम और मोहब्बत करने वाले थे।

कात्विन कालेज और लखनऊ विश्वविद्यालय से पढ़ाई के बाद वह लखनऊ विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्रोफ़ेसर हो गए थे। लेकिन थियेटर तो जैसे उनकी रगों में दौड़ता था। सोते-जागते सिर्फ अभिनय और निर्देशन ही नजर आता था। भारतेन्दु नाट्य अकादमी जैसा शिक्षण संस्थान उन्हीं की देन है। नाट्य संस्था थियेटर आर्ट्स वर्कशाप (टॉ) के जरिये वह पूरी जिन्दगी रंगमंच को समृद्ध करने में लगे रहे। लखीमपुर खीरी में 10 नवंबर 1935 को जन्मे राज बिसारिया एक निर्देशक, निर्माता, अभिनेता और शिक्षाविद थे। फ़िल्मी दुनिया के सैकड़ों नामवर कलाकार उनके पांव छूकर स्वयं को धन्य मानते थे। मोहन राकेश, बादल सरकार, धर्मवीर भारती और शंकर शेष उनके पसंदीदा लेखक थे।

कुंभ से पहले गंगाजल होगा आचमन लायक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गंगा को साफ व स्वच्छ बनाने में 30 हजार करोड़ से अधिक लागत से नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत कार्य कराए गए हैं। यही वजह है कि गंगा पहले के मुकाबले काफी अविरल व निर्मल हुई हैं, लेकिन कुछ टेनरियों का पानी आज भी गंगा में गिर रहा है, जिनपर कार्रवाई की जाएगी और वर्ष 2025 में प्रयागराज में होने वाले कुंभ से पहले गंगा का पानी आचमन लायक बना लिया जाएगा। यह बात शुक्रवार को जाजमऊ स्थित कॉमन इंफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करने आए केंद्रीय जल शक्ति गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहीं।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार को कानपुर आए और उन्होंने जाजमऊ स्थित सीईटीपी व एसटीपी का निरीक्षण किया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने बताया कि जाजमऊ का सीईटीपी व एसटीपी टेनरी सेक्टर में एशिया का सबसे बड़ा ट्रीटमेंट प्लांट है, जिसकी लागत सवा छह सौ करोड़ रुपये है। इसकी मदद से प्रतिदिन कई करोड़ लीटर दूषित पानी को

स्वच्छ बनाया जा सकता है। 2014 में वाराणसी से चुनाव लड़ने के बाद प्रधानमंत्री ने गंगा के सामने यह संकल्प लिया था कि गंगा की अविरलता व निर्मलता सुनिश्चित कराई जाएगी। तब नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत कार्य शुरू किए गए। नौ साल में 30 हजार करोड़ से ज्यादा से कार्य हुआ है। इससे पानी का शोधन, इंफ्रास्ट्रक्चर, गंगा नदी की सहायक नदियों पर इसी तरह से इंफ्रास्ट्रक्चर वेटलेंट का कंजरवेशन व गंगा नदी के पूरे ईको सिस्टम को सुधारने के लिए समन्वित प्रयास नमामि गंगे के तहत हुए हैं। कानपुर में गंगा को देखकर यह कहना गलत नहीं कि होगा कि नमामि गंगे मिशन सफल है। कानपुर में जो पुराना ट्रीटमेंट प्लांट था, वह नौ एमएलडी का था। उसकी शिथिलता के चलते यहां उद्योगों को सरकारों व न्यायालयों ने आधे-अधूरी क्षमता से चलाने के निर्देश दिए थे या उन्हें बंद कर दिया था। पुराना ट्रीटमेंट प्लांट भी पूरी तरीके से ट्रीट नहीं कर पा रहा था। इसलिए पीएम ने एशिया का सबसे बडा टेनरी सेक्टर का ट्रीटमेंट प्लांट कानपुर को दिया। अंग्रेजों के जमाने का बना सीसामऊ नाला बंद कराया।

- **30** हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के कराए काम
- **09** साल से युद्धस्तर पर किया जा रहा है कार्य
- **100** करोड़ रुपये खर्च कर बंद किए जाएंगे नाले
- केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह ने किया ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण
- 2025 तक गंगा में सीधे गिर रहे सभी नालों को बंद किया जाएगा
- गंगा को प्रदूषित करने वाली टेनरियों पर की जाएगी कार्रवाई

डीआईओएस के पास वेतन कटौती का अधिकार नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

भरण-पोषण का मामला

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा अवैध रूप से वेतन कटौती के मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश हाईस्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेज अधिनियम, 1971 की धारा 3 के तहत जिला विद्यालय निरीक्षक के पास वेतन कटौती की शक्ति नहीं है, जब तक कि सक्षम न्यायालय द्वारा वेतन से किसी भी प्रकार की वसूली या कटौती का निर्देश देने वाला आदेश न दिया गया हो। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने जितेंद्र कुमार चौधरी की याचिका को स्वीकार कर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जारी नोटिस को खारिज करते हुए पारित किया है, साथ ही विपक्षियों के लिए उचित फोरम के समक्ष आवेदन दाखिल कर उपाय करने का रास्ता खुला छोड़ा है। इसके अलावा कोर्ट ने वसूल की गई राशि को समायोजित करने का निर्देश भी दिया है।

दरअसल याची को जिला विद्यालय निरीक्षक, वाराणसी ने प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय के आदेश के अनुपालन में नोटिस जारी की थी, जिसके तहत भरण-पोषण की राशि की कटौती याची के वेतन से की जाने की बात कही गई थी। इसी आदेश के खिलाफ याची द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई। याची के अधिवक्ता का तर्क था कि जिला विद्यालय निरीक्षक को अदालत के आदेश के निष्पादन अधिकारी के रूप में कार्य करने का कोई अधिकार नहीं है।

रामपुर में इमामबाड़ा के मुतवल्ली की धारदार हथियार से की हत्या

अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : अजीम नगर थाना क्षेत्र में झाड़ फूंक करने वाले व इमामबाड़े के मुतावल्ली की धारदार हथियार से गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने इमामबाड़े में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने परिजनों व पड़ोसियों से मामले की जानकारी ली। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाली है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि इमामबाड़े में रहने वाले मुतावल्ली की हत्या कर दी गई है। इस मामले में जांच की जा रही है। बताया कि गांव परचई निवासी तस्वीर मियां (60) इमामबाड़े में रहकर झाड़ फूंक का काम करते थे। शुक्रवार सुबह 11 बजे वह इमामबाड़े में आराम कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि इस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने इमामबाड़े में घुसकर धारदार हथियार से उनकी गर्दन पर प्रहार किए। जिससे उनकी मौत हो गई।

परचई गांव में ही रहते हैं बेटी और दामाद

लोगों का कहना है कि तस्वीर मियां कई सालों से यहां रहकर झांड़ फूंक का काम करते थे। वह मुतवल्ली भी थे। इनकी बेटी और दामाद पिछले कई सालों से गांव में ही रह रहे हैं। हत्या की वजह अभी तक पता नहीं चल पा रही है।

कुछ देर बाद इलाज कराने आई पड़ोसी गांव की महिला ने खून से लथपथ तांत्रिक को जमीन पर पड़ा देखा। उसने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण व परिजन मौके पर आ गए। सूचना के बाद प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा व चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के आला अधिकारियों ने मौके पर ग्रामीण एवं परिजनों से बात की। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए।

20 की दुल्हन और 19 का दूल्हा, पुलिस ने रुकवा दी शादी

फिरोजाबाद। नारखी क्षेत्र में नाबालिग लड़के की शादी कराना परिजनों को भारी पड़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दूल्हा को लेकर थाना आ गई। यहां परिजनों से एक एफिडेविट लेकर दूल्हा को घर भेज दिया। चेतावनी दी कि जब तक दूल्हा बालिग नहीं हो जाता, तब तक उसकी शादी नहीं की जाए। नारखी गांव खेरिया कला में धर्मेंद्र सिंह अपने बेटे कन्हैया की बारात लेकर आए थे। किसी ने जिलाधिकारी को सूचना दी कि दूल्हा नाबालिग है। इस सूचना पर तहसीलदार फिरोजाबाद पुष्कर मिश्र, डीपीओ फिरोजाबाद तथा प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडे गांव में पहुंचे और दूल्हा और दुल्हन के कागजात देखे। जिसमें दुल्हन की उम्र 20 वर्ष और दूल्हा की उम्र 19 वर्ष है। जिसके बाद अधिकारियों ने शादी को रुकवा दिया। पुलिस दूल्हा को थाने ले आई।

हाईकोर्ट ने याची पर लगाया 25 हजार रुपये का हर्जाना

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक ही अनुतोष प्राप्त करने के लिए पुरानी याचिका की बाद छिपाकर दोबारा याचिका दाखिल करने के मामले में सख्त रुख अपनाते हुए, याची पर 25 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है।

न्यायालय ने अपनी टिप्पणी में कहा कि यह मामला 'फोरम शॉपिंग' (अपनी पसंद का आदेश प्राप्त करने के लिए किसी विशेष बेंच में मामले की सुनवाई कराने का प्रयास) का एक उदाहरण है। न्यायालय ने लखनऊ बेंच के वरिष्ठ निबंधक को आदेश दिया कि यदि हर्जाने की उक्त रकम 30 दिनों में जमा नहीं की जाती तो आरसी जारी करते हुए, सम्बंधित कलेक्टर के द्वारा वसूली करवाई जाए। न्यायालय ने हर्जाने की रकम को महिला व बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बालिका गृह, लखनऊ को देने के भी आदेश दिए हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने डॉ. फैसल खान व एक अन्य की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। याचियों की ओर से उनके खिलाफ कोतवाली, बाराबंकी में धोखाधड़ी, कूटरचना व अन्य आरोपों को लेकर दर्ज एफआईआर को चुनौती दी गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान याचिका की पोषणीयता के प्रश्न पर याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत चंद्रा ने दलील दी कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत एफआईआर को निरस्त किया जा सकता है। वहीं अपर शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार द्विवेदी व वादी के अधिवक्ता अविनाश चंद्रा ने न्यायालय को बताया कि वर्तमान याचिका के पूर्व याची की ओर से इसी एफआईआर को चुनौती देते हुए, एक रिट याचिका दाखिल की गई थी।

सार-संक्षेप

ट्रक की टक्कर से आंवला के युवक समेत दो की मौत

बदायूं, अमृत विचार : मूसाझाग क्षेत्र के बाजार के पास ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मरने वालों में एक बरेली जिले का रहने वाला था। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सराय पिपरिया निवासी धर्मेंद्र (18) पुत्र नन्हें अपनी बहन रेखा और जिला बरेली के थाना फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र के गांव पिपरिया निवासी सुखपाल (35) पुत्र पप्पू के साथ शुक्रवार शाम रिश्तेदार को देखने के लिए जिला अस्पताल आ रहे थे। तभी मूसाझग क्षेत्र में मुख्य बाजार के सामने ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों मय बाइक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के पहुंचने तक धर्मेंद्र और सुखपाल की मौत हो गई। तड़प रही रेखा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मूसाझाग के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवकों की मौत हुई थी। ट्रक की तलाश की जा रही है।

इकलौती बेटी के मुंडन संस्कार की थी तैयारी

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : फूलबेहड़ क्षेत्र में बसैगापुर सिसौरा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने पांच वर्षीया आरोही की जीवनभर कर खुशियां छीन लीं। आरोही के मां-बाप उसके मुंडन संस्कार की तैयारी में जुटे थे। वे कार्यक्रम कराने के लिए कार्ड बांट रहे थे लेकिन गुरुवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने आरोही के मां-बाप की बाइक को ऐसी टक्कर मारी कि दोनों की जान चली गई। दोनों बेटी के मुंडन संस्कार का निमंत्रण कार्ड देकर वापस घर आ रहे थे। थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव सिसौरा निवासी राजू (28) की इकलौती पुत्री आरोही (5) का 22 फरवरी को मुंडन होना था। वह पत्नी लक्ष्मी देवी (25) के साथ गुरुवार को गांव बसही निवासी फूफा महेश के घर मुंडन का कार्ड देने गए थे। वापस आते समय देर शाम करीब 8 बजे बसैगापुर सिसौरा मार्ग पर गांव सलारपुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी। पुलिस ने वाहन की तलाश तेज कर दी है।

ग्रेटर नोएडा में बिल्डर प्लॉट्स की होगी नीलामी

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में समेकित विकास का खाका खींच रही राज्य सरकार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन के साथ ही ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हाउसिंग व कमर्शियल एक्टिविटीज को बढ़ावा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 8 प्रकार के बिल्डर प्लॉटों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि 18215 से लेकर 38711 वर्ग मीटर प्रसार क्षेत्र वाले इन प्लॉटों का रिजर्व प्राइस 83 .78 करोड़ से लेकर 178 .34 करोड़ रुपये के बीच निर्धारित किया गया है। खास बात यह भी है कि बिल्डर प्लॉट आवंटन स्कीम के जरिए जिन प्लॉटों का ऑक्शन किया जाएगा वह ग्रेटर नोएडा में बन रहे जेवर एयरपोर्ट के पास ही स्थित हैं। साथ ही, जिन सेक्टर्स में इस स्कीम के जरिए बिल्डर प्लॉट्स की नीलामी का मार्ग प्रशस्त होगा वह कनेक्टिविटी के लिहाज से भी बेहद अहम होगी। फिलहाल, इस स्कीम के तहत ई-ऑक्शन प्रक्रिया के जरिए जिन प्लॉटों की नीलामी होनी है उनकी ब्रोशर डाउनलोडिंग व रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है तथा 1 अप्रैल 2024 अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

8735 निवेश परियोजनाओं का जिलों में होगा भूमि पूजन

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में अबतक के सबसे बड़े निवेश के लिए होने जा रहे भूमि पूजन समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 10-15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने का ये महाभियान कई मायनों में बेहद खास होने जा रहा है। 19 से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाला मुख्य समारोह जहां राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा, वहीं सभी 75 जिलों में भी 19 फरवरी को जीबीसी का आयोजन किया जाएगा। मुख्य आयोजन स्थल लखनऊ में देश विदेश के लब्ध उद्योगपतियों की उपस्थिति होगी। जबकि जिलों में 10 करोड़ से से कम का निवेश करने वाले उद्यमियों के साथ ही स्थानीय उद्योग से जुड़े गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। इसके अलावा जहां एक तरफ लखनऊ में आयोजित होने वाले समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी मौजूदगी होगी तो वहीं जिलों में आयोजन के मुख्य कर्ता-धर्ता की भूमिका में जिलाधिकारी होंगे।

राम मंदिर व हनुमान गढ़ी की सुरक्षा महत्वपूर्ण

अयोध्या, अमृत विचार : राम मंदिर व हनुमान गढ़ी की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। अयोध्या में बढ़ते श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर प्रशासन के सहयोग से पहले ही कार्ययोजना बना ली गई थी। समय-समय पर इसमें और बेहतरी के लिए सुझाव आते रहे हैं और उन सुझावों को समयानुसार समाहित किया जाता है। प्रदेश को अपराध मुक्त बनाना मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है। इसमें सरकार व पुलिस विभाग सफल रहा है। पुलिस विभाग इसके लिए कार्यरत है और आगे भी कार्यवाही होगी। ये बातें शुक्रवार को लखनऊ जोन के नवनियुक्त अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अमरेन्द्र सेंगर ने कहीं। उन्होंने कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद राम जन्मभूमि और हनुमान गढ़ी परिसर की सुरक्षा संबंधित जानकारी लेने के लिए आया हूँ। कहा कि जो भी सुरक्षा व्यवस्था संबंधित बदलाव किए जाने हैं, उसका रोड मैप पहले से ही बना हुआ है। इनमें से कई क्रियान्वित हो गए हैं और कई व्यवस्थाओं को आने वाले समय में क्रियान्वित किया जाएगा। उन्होंने शुक्रवार को जन्मभूमि पथ व भक्ति पथ के साथ राम पथ पर अधिकारीयों के साथ पैदल भरमण कर सुरक्षा और व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया ।

वाहन ने परिवार के 4 लोगों को रौंदा, मां-बेटे की मौत

संवाददाता, मंडावर (बिजनौर)

मुरादाबाद के कांठ थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर का है परिवार, घने कोहरे के कारण हादसा

अमृत विचार : अज्ञात वाहन ने परिवार के चार लोगों को रौंद दिया, मां -बेटे की मौत हो गई है जबकि पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों परिजन ट्रेन पकड़ने के लिए चंदक रेलवे स्टेशन जा रहे थे।

थाना क्षेत्र के कस्बा चंदक के पास अज्ञात वाहन ने पैदल स्टेशन जा रहे परिवार के चार लोगों को रौंद दिया। हादसे में सुनीता (45) पत्नी धर्मेंद्र और पुत्र मुकुल (7) की मौत हो गई जबकि धर्मेंद्र और उसका दूसरा पुत्र टिंकू (12) गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि सुबह के समय घने कोहरे के कारण हादसा हुआ। धर्मेंद्र अपने परिवार के साथ चंदक स्थित गोशाला में काम करता है। वहां से अपने गांव दरियापुर थाना कांठ जिला मुरादाबाद जा रहा था। चंदक स्टेशन जाते समय हादसा हो गया। सीओ संग्राम सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

गोमतीनगर स्टेशन के विश्वस्तरीय बनने का खत्म होगा इंतजार

लखनऊ, अमृत विचार: गोमतीनगर रेलवे स्टेशन के विश्वस्तरीय बनने का इंतजार अब छह साल बाद खत्म होने जा रहा है। इस स्टेशन की नींव भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने रखी थी। लेकिन विश्वस्तरीय बनाने का कार्य रक्षा मंत्री रामनाथ सिंह ने किया। इसी के साथ यहां विस्तारीकरण का कार्य पूरा करके शुक्रवार को स्टेशन पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन को हैंडओवर कर दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 19 फरवरी को इसकी शुरूआत कराने की तैयारी है।

बीटीसी का पाठ्यक्रम सीटी की तुलना में व्यापक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्राथमिक कक्षाओं में सहायक अध्यापक की योग्यता को स्पष्ट करते हुए कहा कि बेसिक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट (बीटीसी) की पाठ्य सामग्री कक्षा-5 तक पढ़ाने के उद्देश्य से प्रस्तावित है जबकि सीटी (शिशु शिक्षा) की पाठ्यसामग्री प्री-स्कूल यानी कक्षा 2 तक सीमित है। उपरोक्त के मद्देनजर सीटी की पाठ्य सामग्री सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता यानी बीटीसी की पाठ्य सामग्री के बराबर नहीं है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने श्रीमती माला यादव व 10 अन्य की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। मौजूदा मामले में याचियों ने परीक्षा नियामक प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित नर्सरी प्रशिक्षण परीक्षा-2013 और उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा-2013 उत्तीर्ण की है। उसके बाद उन्होंने सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए काउंसलिंग में भाग लिया, लेकिन उन्हें इस आधार पर नियुक्त नहीं किया गया कि उनके पास आवश्यक योग्यता यानी दो वर्षीय बीटीसी पाठ्यक्रम/2 वर्षीय उर्दू बीटीसी पाठ्यक्रम या विशेष बीटीसी पाठ्यक्रम नहीं है और उनकी योग्यता यानी नर्सरी शिक्षक प्रमाण पत्र निर्धारित योग्यता के बराबर नहीं है। याचियों के अधिवक्ता का तर्क है कि राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद द्वारा दिनांक 23.8.2010 को जारी अधिसूचना में नर्सरी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र को प्राथमिक शिक्षा में डिप्लोमा (बीटीसी) के बराबर माना गया था। अधिवक्ता ने आगे यह भी तर्क दिया कि याचियों के पास न्यूनतम शैक्षिक योग्यता होने के बावजूद गलत तरीके से उनकी नियुक्ति से इनकार कर दिया गया। उनका परिणाम घोषित हुआ होता तो निश्चित रूप से वे मेरिट सूची में होते। अंत में कोर्ट ने कहा कि बेसिक टीचर सर्टिफिकेट (बीटीसी) पाठ्यक्रम सीटी की तुलना में कहीं अधिक व्यापक है।

प्रदेश में मजबूत है कानून व्यवस्था: मुख्यमंत्री योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

67वीं ऑल इण्डिया पुलिस डयूटी मीट के समापन पर पुस्तिका का विमोचन करते मुख्य मंत्री व अन्य आईपीएस अधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मुख्यंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत है और इसका ही परिणाम है कि जीआईएस-23 में 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जबकि 2017 से पहले प्रदेश में निवेश के लिए कोई आना नहीं चाहता था।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को 67वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के समापन समारोह में यह बात कही। इससे पहले उन्होंने मीट की स्मारिका का विमोचन किया। साथ ही विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को ट्रॉफी भी प्रदान की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था और सुरक्षा का बेहतर माहौल बनाने में पुलिस के विभिन्न बलों की अति महत्वपूर्ण भूमिका है। इतना ही नहीं पब्लिक परसेप्शन तय करने में भी पुलिस बल का अहम रोल है। उन्हें यह परसेप्शन बनाने में काफी चुनौतियों का सामना किया है। इसके लिये उन्हे दोहरी मानसिकता के साथ काम करना पड़ता है। समारोह में देश भर के विभिन्न बलों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया है। उनके अपने-अपने अनुभव हैं। उन अनुभवों का लाभ किस रूप में हम ले सकते हैं यह काफी महत्वपूर्ण है। हमारे देश में ज्ञान के आदान-प्रदान की परंपरा वर्षों पुरानी है। उन्होंने कहा कि ज्ञान वह नहीं होता है जो पुस्तकों में लिखा होता है, जबकि ज्ञान वह है जो फील्ड की ड्यूटी के दौरान आप अनुभव करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध की बदलती प्रकृति के अनुसार हम सभी को अपने आप को तैयार करना होगा। हम जब अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज को जनता के सामने शेयर करते हैं तो बहुत कुछ जानने और सीखने को मिलता है। वहीं इस प्रकार की प्रतियोगिताओं और प्रतिस्पर्धाओं के माध्यम से बहुत सारी चीजों को देखने और सीखने का अवसर मिलता है।

बीपी संस्थान को मिले 2.50 करोड़

लखनऊ,अमृत विचार : पशु जैविक औषधि संस्थान (बीपी) का संचालन करने के लिए 2.50 करोड़ रुपये पशुपालन विभाग को मिले हैं। इस धनराशि से नामित कंपनी औषधि महानियंत्रक के मानकों पर वैक्सीन बनाने के लिए लैब को विकसित करेगी। बीपी संस्थान में पशुओं की वैक्सीन का पुनः उत्पादन करने के लिए औषधि महानियंत्रक से लाइसेंस लेने की प्रक्रिया और तेज हो गई है। औषधि महानियंत्रक के मानकों पर पुरानी लैब को विकसित करने को 2.50 करोड़ स्वीकृत किए हैं।

उत्तराखंड

सुविधाओं के अभाव में राष्ट्रीय पदक विजेता बना प्लंबर

हल्द्वानी, अमृत विचार : नितेश राणा ने अपनी प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीता लेकिन सुविधाएं न मिलने के कारण उन्होंने खेल को अलविदा कह दिया व जीवनयापन के लिए प्लंबर का कार्य करने लगे। उन्होंने वर्ष 2018 में नासिक, महाराष्ट्र में आयोजित ग्रेपलिंग (सूमो कुश्ती) की एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया तो उनके हौसले बुलंद हो गए। अपने खेल को तराशने में उन्होंने और ज्यादा मेहनत की लेकिन उन्हें मजबूरी में अपने खेल को अलविदा कहना पड़ा।

अफसरों व लोगों के बयान होंगे दर्ज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

पुलिस करेगी हर मौत की जांच

हल्द्वानी, अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे में बड़ी संख्या में पुलिस, नगर निगम और प्रशानिक अधिकारी, कर्मचारी घायल हुए। मौतें भी हुईं, लेकिन अब मौतें सवालों के घेरे में हैं और इसकी वजह यह है कि न तो पुलिस को घटना स्थल पर कोई मृत मिला और न ही घायल। जब प्रकाश की मौत से पर्दा उठा तो मौतों पर सवाल गहरा गए। सभी मौतों से पर्दा उठाने के लिए एसएसपी ने स्पेशल टीम गठित कर दी है। संभावना जताई जा रही है कि दंगे की आड़ में रंजिश भुनाई गई और लोगों की हत्या कर दी गई। बीती 8 फरवरी को बनभुलपुरा में दंगा भड़का। अगली सुबह आंवला चौकी गेट के पास बिहार के प्रकाश कुमार सिंह की लाश मिली। इस मौत को दंगे से जोड़ा गया, लेकिन जब पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला कुछ और ही निकला। चोरगलिया थाने के एक सिपाही ने साथियों के साथ मिलकर प्रकाश को इसलिए मार डाला, क्योंकि प्रकाश के उसकी पत्नी से अवैध संबंध थे और प्रकाश अंतरंग वीडियो के बूते महिला को ब्लैकमेल कर रहा था।

अमृत विचार : मंडलायुक्त दीपक रावत ने बनभूलपुरा दंगे की जांच शुरू कर दी है। वह जल्द ही पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों के बयान भी दर्ज करेंगे।

बीती 8 फरवरी को मलिक का बगीचा में नजूल भूमि पर बने विवादित ढांचे को गिराने पर समुदाय विशेष की उन्मादी भीड़ ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम की संयुक्त टीम पर हमला कर दिया था। उन्मादी भीड़ ने आगजनी की और पुलिस थाना फूंक दिया था। इस पर बीती 10 फरवरी को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बनभूलपुरा बलवे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए थे। जांच अधिकारी मंडलायुक्त दीपक रावत को बनाया था। इधर, दीपक रावत ने बीती 14 फरवरी से मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने फोन नंबर, मेल आईडी जारी कर लोगों से दंगे के संबंध में बयान, गवाही देने की अपील की है। मंडलायुक्त रावत ने बताया कि बनभूलपुरा दंगे की जांच की जा रही है। इस प्रकरण में डीएम, एसएसपी, नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट समेत बिजली, अग्निशमन कई विभागों के अधिकारियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। अभी सभी अधिकारी बनभूलपुरा में स्थिति सामान्य करने के लिए लगे हुए हैं इसलिए किसी के बयान नहीं हो पाए हैं। जल्द ही सभी के बयान दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जांच 15 दिन में पूरी करनी है।

नई के पैसे दिए, भेजी पुरानी वॉशिंग मशीन

हल्द्वानी, अमृत विचार : एक पीआरडी जवान की पत्नी ने ऑनलाइन वॉशिंग मशीन ऑर्डर की। जब ऑर्डर घर पहुंचा तो डिब्बे से पुरानी और खराब मशीन निकली। जानकारी मिलने पर पीआरडी जवान ने कंपनी से शिकायत की लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करने की बात कही है। हरिपुर जमनसिंह निवासी पंकज भट्ट पुत्र रमेश चंद्र भट्ट पीआरडी में कार्यरत हैं और यहां परिवार व मां गीता के साथ रहते हैं। पंकज की मानें तो पत्नी मीरा ने बीती 4 फरवरी को ई-कॉमर्स वेबसाइट फ्लिपकार्ट एक फुली ऑटोमैटिक वॉशिंग मशीन का ऑर्डर दिया था। ये मशीन करीब 14 हजार की थी और पैसे भी तुरंत ऑन लाइन ट्रांसफर हो गए।

दंगे के मास्टर माइंड के घर की कुर्की

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

घर के बाहर रख कुर्की का समान।

बनभूलपुरा में दोपहर 2 बजे शुरू हुई कुर्की देर रात तक जारी रही

ट्रकों से माल ले गई पुलिस, भारी सुरक्षा के बीच की गई कार्रवाई

अमृत विचार : बनभूलपुरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक के घर पुलिस कुर्की करने पहुंची तो हैरान रह गई। मलिक के घर इतना माल मिला कि दोपहर शुरू हुई कार्रवाई देर रात तक जारी रही। मलिक के घर से क्या-क्या मिला, इसका खुलासा होना अभी बाकी है, लेकिन पुलिस माल ट्रकों में भर कर ले गई है। कई विदेशी वस्तुएं भी मिली हैं।

लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी अब्दुल मलिक 8 फरवरी के बाद से फरार है। उसका बेटा अब्दुल मोईद भी फरार है। पुलिस उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा समेत कई राज्यों में उसकी तलाश कर रही है। गृह मंत्रालय ने इनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया, लेकिन इससे पहले ही न्यायालय से कुर्की के आदेश आ चुके थे। शुक्रवार को पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भारी पुलिस, पीएसी और पैरी मिलिट्री बल के साथ अब्दुल मलिक के घर पहुंचे। दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुई कुर्की की कार्रवाई रात 12 बजे तक जारी रही। सूत्रों का कहना है कि मलिक के घर से विदेशी घड़ियां, जेवरात, भारी मात्रा में कैश और बेहद कीमती सामान बरामद हुए हैं।

मलिक के घर से इतना माल निकला, जिसका अंदाजा पुलिस को भी नहीं था। पुलिस मान रही थी कि दो-तीन घंटे में कुर्की हो जाएगी, लेकिन आधी रात हो गई। एसएसएपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि कुर्की की कार्रवाई की गई है। कुर्की में क्या-क्या मिला है, आंकलन होना अभी बाकी है।

पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चम्पावत को हेली सेवा 22 से शुरू होगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कुमाऊंवासियों के लिए खुशखबरी। 22 फरवरी से हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चम्पावत के लिए के लिए हेली सेवा शुरू होगी।

उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अंतर्गत हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चम्पावत के लिए हेली सेवा प्रस्तावित है। इसके लिए हेरिटेज एविएशन कंपनी को मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविशन से अनुमति प्राप्त हो चुकी है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) से भी एनओसी मिल चुकी है। हल्द्वानी के गौलापार में हेलीपोर्ट बनाया गया है। एविएशन कंपनी ने जिला प्रशासन के साथ गौलापार स्थित हेलीपैड का स्थलीय निरीक्षण किया था।

डीएम वंदना सिंह ने हेली सेवा शुरू करने को लेकर एसडीएम तथा लोनिवि अधिकारियों को सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए ताकि पहाड़ के लोगों व पर्यटकों को हेली सेवा का लाभ मिल सके। बीती 19 जनवरी को गौलापार स्थित हेलीपेड से हेली सेवा का ट्रायल किया गया था।

घर में घुसा चोर तोड़फोड़ कर भागा सीसीटीवी में कैद

हल्द्वानी, अमृत विचार : पुलिस इधर दंगे में व्यस्त है। फायदा उठाकर चोर बेधड़क घर में घुस जा रहे हैं। ऐसा ही एक चोर सीसीटीवी में कैद हुआ है, जो असफल होने पर घर में तोड़फोड़ कर भाग निकला। पंचेश्वर मंदिर आवास विकास निवासी धीरज जोशी ने बताया कि बीती 15 फरवरी की रात करीब साढ़े 12 बजे एक चोर छत पर चढ़ा और सीढ़ियों से घर के अंदर पहुंच गया। आवाज होने पर परिजन जागे तो शोर मचाया। जिसके बाद उसने घर में तोड़फोड़ की और फरार हो गया।

हर गली-नुक्कड़ पर दंगाइयों के पोस्टर चस्पा, तलाश हुई तेज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

जगह-जगह दंगे के वांछितों के पोस्टर चस्पा किए गए।

इन दंगाइयों की तलाश

अब्दुल मलिक, अब्दुल मोईद, तस्लीम, वसीम उर्फ हप्पा, अयाज अहमद, रईस उर्फ दतू, शकील अंसारी, मौकिन सैफी, जिया उल रहमान

मलिक समेत सभी फरार लोगों के पोस्टर जारी किए

अमृत विचार : दंगे का मास्टर माइंड लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी अब्दुल मलिक पुत्र अब्दुल रज्जाक को माना गया, जो मलिक का बगीचा में नजूल की भूमि पर अपना दावा ठोंक रहा था। घटना की रात से ही अब्दुल मलिक अपने बेटे अब्दुल मोईद समेत फरार हो गया। पुलिस ने दंगाइयों की पहचान कर तलाश शुरू की तो आरोपी फरार होने लगे। मामले में पुलिस ने जिन 18 लोगों को नामजद किया था, उनमें से 9 की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो सकी। जिसके बाद सभी के खिलाफ प्रशासन और नगर निगम की टीम जब मलिक का बगीचा में नजूल की भूमि पर बने अवैध मदरसे और धार्मिक स्थल को ढहाने पहुंची तो स्थानीय लोगों ने टीम पर पथराव शुरू कर दिया। करीब 4 घंटे पथराव लगातार हुआ। टीमें जब वापस लौटने लगीं तो आगजनी कर उन्हें घेर लिया गया। फिर उन पर जलते टायर, पेट्रोल बम, पत्थर और गोलियां बरसाई गईं। इस गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया गया। जबकि मास्टर माइंड मलिक और उसके फरार बेटे मोईद के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी हुआ। शुक्रवार को पुलिस ने मास्टर माइंड मलिक समेत फरार सभी आरोपियों के पोस्टर जारी कर दिए। इन पोस्टर को शहर के तमाम प्रमुख स्थानों पर चस्पा किया गया है। काठगोदाम रेलवे स्टेशन, हल्द्वानी रेलवे स्टेशन, लालकुआं रेलवे स्टेशन के अलावा जिले के सभी बस अड्डों और टैक्सी स्टैंड पर फरार दंगाइयों के पोस्टर चस्पा कर दिए गए हैं। जल्द ही ये पोस्टर पूरे राज्य के प्रमुख स्थानों पर चस्पा करने की तैयारी है।

प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में बोले योगी आदियनाथ

सुशासन की पहली शर्त है रूल आफ लॉ: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज/लखनऊ



अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल आफ लॉ है। बिना बार और बेंच के सहयोग के यह संभव नहीं है। प्रदेश में सुशासन मॉडल को स्थापित करने में बार और बेंच का हमेशा सहयोग मिला।

उन्होंने कहा कि आम जन का न्यायिक जगत पर विश्वास बना रहे हमें इस दिशा में कार्य करना चाहिए। अगर लोकतंत्र में जनता का विश्वास डगमगाया तो फिर उसको सड़कों पर उतरने में देर नहीं लगेगी। हम सबको भारत के लोकतंत्र के सभी स्तंभों को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए। योगी, शुक्रवार को प्रयागराज के मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवाद का विशेष महत्व होता है। अगर किसी को कोई समस्या होती है तो वह अपनी परेशानी के बारे में सीधे शासन को अवगत करा सकता है। समस्याग्रस्त व्यक्ति के पास शासन तक अपनी बात पहुंचाने के अनेक माध्यम हैं।

यह भी कहा कि संविधान ने भारत को उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। भारत के संविधान ने दुनिया को भी लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संसद में तीन नए एक्ट बनें हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि प्रदेश भर के युवा अधिवक्ताओं के नए एक्ट सहित न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ा प्रशिक्षण का एक विशेष कार्यक्रम यहां प्रारंभ हो। राज्य सरकार उसमें पूरा सहयोग करेगी।

पढ़ाई का माध्यम हिंदी हो : सीजेआई

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को यहां कहा कि विधि विश्वविद्यालय की शिक्षा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक सुलभ जानी चाहिए। जिससे छोटे कस्बे के विद्यार्थी इस शिक्षा से वंचित ना रहें। डाक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन के मौके पर चंद्रचूड़ ने कहा, प्रौद्योगिकी ने हमें दूर दराज के विद्यार्थियों तक पहुंचने की क्षमता दी है।

विधि शिक्षा में विकास के बावजूद समकालीन विधि शिक्षा व्यवस्था केवल अंग्रेजी बोलने वाले शहरी बच्चों का पक्ष लेती है। उन्होंने कहा, "पांच विधि विश्वविद्यालय में विविधता को लेकर किए गए सर्वेक्षण से पता चलता है कि अंग्रेजी नहीं बोल पाने की वजह से विविध पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चे इन विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं ले पाते। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रचूड़ ने कहा, "आज भाषिणी सॉफ्टवेयर की मदद से हमने 1950 से 2024 तक उच्चतम न्यायालय के करीब 36,000 फैसलों का अनुवाद किया है। इसका उद्देश्य ऐसे हर नागरिक तक इन्हें पहुंचाना है जो अंग्रेजी नहीं जानते और जनपद न्यायालयों में वकालत करते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने डाक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विवि प्रशासन से अपील की कि पढ़ाई का माध्यम हिंदी रखा जाना चाहिए ताकि प्रदेश से सर्वोत्तम विद्यार्थी, सर्वोत्तम अधिवक्ता बनें। उद्घाटन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री, उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति मनोज मिश्र, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, उत्तर प्रदेश के महाधिवक्ता अजय कुमार आदि ने संबोधित किया।

रेलवे के सेक्शन इंजीनियर ऑफिस में सीबीआई का छापा

हरदोई, अमृत विचार : बालामऊ जंक्शन पर उस वक्त अफरा. तफरी मच गई जब पता चला कि सीबीआई की टीम ने वहां उत्तर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के ऑफिस में छापामारी की और पूछताछ के लिए उन्हें अपने साथ ले गई। उधर सीबीआई की तरफ से कुछ भी नहीं बताया गया है। बताते हैं कि शुक्रवार को सीबीआई की एक टीम बालामऊ जंक्शन पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार के ऑफिस पहुंची। दो सरकारी गाड़ियों से पहुंचे सीबीआई के अफसरों ने पहले तो वहीं पर कई घंटे तक छानबीन की। उसके बाद सीबीआई टीम ने ऑफिस में तैनात रेलवे कर्मियों को बाहर निकाल दिया और फिर उसके बाद सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार से पूछताछ शुरू की। सीबीआई के अफसरों ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर के ऑफिस के कई अभिलेख अपने कब्जे में ले कर उन्हें व एक लैपटॉप और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सीज़ कर दिए।

सार-संक्षेप

आरओ-एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में आयोग के गेट पर छात्रों ने किया हंगामा

प्रयागराज, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ-एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में शुक्रवार को एक बार फिर छात्रों ने आयोग के गेट पर हंगामा करते हु ए प्रदर्शन किया। इसके पहले गुरूवार को भी छात्रों ने हंगामा किया था। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे छात्रों को समझाबुझा कर शान्त का दिया। पेपर लीक मामले में अभ्यर्थियों ने गुरुवार को आयोग के गेट पर प्रदर्शन किया था। उस दौरान पुलिस पहुंच गयी थी। शुक्रवार को कोअभयरथियों ने काफी संख्या में हंगामा करने के लिए पहुंच गये। सूचना मिलते हि पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाने का प्रयास करने लगी। हंगामा कर रहे छात्रों की मांग थी कि पेपर लीक होने से छात्रों का भविष्य अंधाकर में जा रहा है। इसलिए परीक्षा को निरस्त करते हुए दोबारा कराई जाए। यह कोई पहली बार नही हुआ है इससे पहले 2016 में भी आरओ-एआरओ परीक्षा का पेपर लीक हुआ था जिसके बाद आयोग ने दोबारा परीक्षा कराई थी। वही हंगामे के दौरान कई थानों की पुलिस पहुंच गई। दूसरी तरफ समीक्षा अधिकारी-सहायक और समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में तीन सदस्यीय बनाई गयी टीम ने अपनी जांच सुरु कर दी है। अभी इस जांच को गोपनीय रखते हुए अधिकारी मौन है।

समीक्षा अधिकारी परीक्षा देने वाली महिला ने की आत्महत्या

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन यूं ही नहीं परेशान है। गुरुवार को समीक्षा अधिकारी की परीक्षा देने वाली महिला ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। घरवालों का कहना है कि संबंधित महिला उत्तर कुंजी पुस्तिका के लीक होने से परेशान थी। गुरुवार को घुंघटेर थाना क्षेत्र के डिंगरी निवासी अयोध्या प्रसाद की 30 वर्षीय पुत्री शिव देवी का शव संडे से लटकता हुआ पाया गया था। शिव देवी तलाकशुदा महिला थी। पति से तलाक के बाद वह मायके में रह रही थी। बुधवार की शाम अयोध्या प्रसाद का परिवार कहीं बाहर गया हुआ था। 4 घंटे बाद वापस लौटे तो घर के अंदर कमरे में शिव देवी का फंदे से लटकता हुआ शव संदिग्ध परिस्थितियों में उन्हें मिला। अयोध्या प्रसाद का कहना है कि पिछले दिनों शिव देवी ने टीआरसी कॉलेज में समीक्षा अधिकारी की परीक्षा दी थी। जिसकी उत्तर कुंजी लीक होने से वह परेशान थी।

दो गांठ लहसुन के पीछे वृद्ध को पीट-पीट कर मार डाला

फर्रुखाबाद, अमृत विचार : खेत से लहसुन की दो गांठ उखाड़ लेने पर खेत मालिक ने मारपीट कर दी। मारपीट में घायल हुए वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई। वृद्ध के घरवालों ने गांव के ही खेत मालिक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। गांव छिछौनापुर निवासी 62 वर्षीय हरीराम ने गुरुवार की शाम गांव के ही शैतान सिंह के खेत से लहसुन की दो गांठ उखाड़ ली थी। यह करते खेत के पास मौजूद शैतान सिंह ने देख लिया और उसने गालीगलौज की। थोड़ी देर मुंहाचाई के बाद शैतान सिंह ने हरीराम को लाठी-डंडों से पीटकर उसे मरणासन्न कर दिया। गंभीर रूप से घायल हरीराम की शुक्रवार को मौत हो गई।

मदरसा आधुनिक शिक्षकों ने प्रदर्शन किया

लखनऊ,अमृत विचार : अपनी मांगों को लेकर मदरसा आधुनिक शिक्षक पिछले 62 दिनों से ईको गार्डन में धरना प्रदर्शन कर रहे है। शिक्षकों ने कहा कि कई बार आश्वासन के बाद भी अभी तक मुख्यमंत्री से बातचीत नहीं कराई गई है। प्रदेश मीडिया प्रभारी अनन्त प्रताप सिंह ने कहा कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना देश के स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई की ड्रीम योजना थी। कृष्ण कुमार कन्नौजिया, अजित प्रताप सिंह, राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि यदि शीघ्र ही हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो शिक्षक आमरण अनशन, आत्मदाह, मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, विधानसभा, सचिवालय एवं निदेशालय का घेराव करने पर मजबूर होंगे।

कारोबारी से ठग लिए 51 लाख एक राज्यमंत्री ने भी धमकाया

अल्पसंख्यक आयोग ने दिए मामले की जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : काकादेव थानाक्षेत्र में एक ठग ने केमिकल कारोबारी से 51 लाख रुपये की ठगी कर ली। कारोबारी ने आरोप लगाया कि पैसे वापस मांगने पर उसे भाजपा के राज्यमंत्री के घर बुलाया गया और धमकाते हुए पैसे वापस न मांगने का दबाव बनाया। राज्यमंत्री ने भी धमकाया। जिसके बाद कारोबारी ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, अल्पसंख्यक आयोग और पुलिस कमिश्नर से की। अल्पसंख्यक आयोग ने जांच के आदेश दिए हैं।

फजलगंज के रहने वाले हरजीत सिंह केमिकल कारोबारी हैं। उन्होंने केंद्रीय अल्पसंख्यक आयोग, मुख्यमंत्री और पुलिस कमिश्नर को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया कि उनका काकादेव में रहने वाले एक युवक से कारोबार के सिलसिले में लेनदेन चलता था। उसने 20 लाख रुपये नगद और करीब 31 लाख रुपये का माल ले रखा था। रुपये मांगने पर उन्हें काकादेव में रहने वाले एक राज्यमंत्री के घर बुलाया गया। आरोप है कि इसके बाद मंत्री ने उन्हें धमकी देते हुए कहा कि अगर रुपये के लिए दबाव बनाया या फिर शिकायत की तो ठीक नहीं होगा। पीड़ित के अनुसार इसके बाद उन्होंने राज्यमंत्री और धोखाधड़ी करने वाले युवक के खिलाफ अल्पसंख्यक आयोग में शिकायत की। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से भी मिलकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस सबंध में काकादेव प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अल्पसंख्यक आयोग ने मामले को संज्ञान में लिया है। अल्पसंख्यक आयोग की जांच के दायरे में राज्यमंत्री भी हैं।

19 तक जांच रिपोर्ट तलब

इस मामले में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के अवर सचिव सुमन कुमार ने निष्पक्ष जांच कर 19 फरवरी तक रिपोर्ट तलब की है। पुलिस इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। पुलिस को जानकारी मिली है कि ठग इससे पहले भी राज्यमंत्री के नाम पर कई लोगों को अपना शिकार बना चुका है।

अटल आवासीय विद्यालय में इसी सत्र से 9वीं कक्षा में पढ़ाई

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निमार्ग कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में इसी सत्र से कक्षा 9 की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसके लिए एक अप्रैल से दाखिले शुरू होंगे। 140 सीटों में आधी बालिकाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। आवेदन फार्म 23 फरवरी तक मिलेंगे और प्रवेश परीक्षा 13 मार्च को होगी। श्रमिकों एवं कोविड में अनाथ हुए बच्चों के दाखिले अटल आवासीय विद्यालय में होते हैं। विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए आरक्षण की सुविधा दी गई है। सीबीएसई पाठ्यक्रम से संचालित अटल आवासीय विद्यालय में रहना, खाना और शिक्षा निशुल्क है। कक्षा 6 और 9 के दाखिले के लिए बच्चों की आयु 6 वर्ष से 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अटल आवासीय विद्यालय का मुख्य उद्देश्य गरीब और असहाय बच्चों को उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

बेटे ने की मां की ईंट मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, मलिहाबाद

▸▸ दो बेटों के बीच विवाद में बचाव करने पहुंची थी मां

अमृत विचार : रहीमाबाद थानाक्षेत्र अन्तर्गत कल्याणपुर गहदो गांव में गुरुवार रात जमीन के विवाद को लेकर दो भाईयों के बीच झगड़ा होने लगा। इस पर मां मुमताज (65) बीच-बचाव करने लगी। तभी बेटा मां का सिर ईंट से कूंचकर घटनास्थल से भाग निकला। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने महिला को सीएचसी माल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम सिंह के मुताबिक, कल्याणपुर गहदो गांव में जमील पत्नी मुमताज समेत तीन बेटों और एक बेटी के साथ रहते हैं। जमील ने बताया कि गुरूवार देर शाम करीब 08.00 बजे बेटा खलील नशे में धुत होकर घर पहुंचा और रुपयों की मांग को लेकर उनसे झगड़ा करने लगा। इसी बड़ा बेटा सुफियान भाई खलील का विरोध करने लगा। जिसको लेकर दोनों भाईयों में झगड़ा बढ़ गया। जिसमें दोनों भाईयों के बीच मारपीट होने लगी। जमील ने बताया कि बेटों को आपस में लड़ता देख पत्नी मुमताज बीच-बचाव करने लगी। इस बीच पत्नी ने बड़े बेटे सुफियान को वहां से भगाया दिया और छोटे बेटे खलील को अकेले में समझाने लगी, लेकिन बेटा घर पर रखी ईंट से मां के सिर कूंच घटनास्थल से भाग निकला।

पति ने कुदाल से प्रहार पर पत्नी और बेटे को मौत के घाट उतारा

संवाददाता, सीतापुर

▸▸ पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू की

अमृत विचार : इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में घरेलू कलह के चलते पति ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। आग बबूला पति ने कुदाल से ताबड़तोड़ प्रहार कर तीन वर्षीय बेटे सहित पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात की रात पति-पत्नी के बीच झगडे. के बाद परिजनों ने स्वीकार की है। लखनऊ पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर सीतापुर पुलिस को सौंप दिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया निवासी प्रदीप गिरी पुत्र वीरबली ने गुरुवार की देर रात अपनी पत्नी भूरा देवी उम्र 35 वर्ष तथा अपने मासूम बेटे आरुष (3 वर्ष) पर कुदाल से ताबड़तोड़ कई प्रहार कर दिया। हमले में पत्नी और बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने बताया कि लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही बेटे की मौत हो गई। जबकि ट्रामा सेंटर में महिला ने भी दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना पर इमलिया सुल्तानपुर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल की। परिजनों के साथ एंबुलेंस में गए आरोपी पति को लखनऊ पुलिस ने हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ कर रही है।

राम मंदिर के उत्सव में राष्ट्रपति और गरीबों के लिए जगह नहीं थी: राहुल

एजेंसी

चंदौली : कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राम मंदिर के उत्सव में मोदी, अंबानी,अडाणी,और अन्य अरबपतियों के लिए लाल कालीन बिछा था, लेकिन देश की आदिवासी राष्ट्रपति, गरीबों, बेरोजगार युवाओं और किसानों के लिए जगह नहीं थी। राहुल गांधी यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

बिहार से राहुल गांधी की यात्रा 34वें दिन शुक्रवार को दोपहर बाद चंदौली पहुंची जहां कांग्रेस नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में मीडिया पर तंज कसते हुए कहा कि देश में अरबपतियों के लिए काम किया जा रहा है, किसानों की जमीन छीनी जा रही है, महंगाई बढ़ती जा रही है, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, लेकिन इसके बारे में क्या कभी टीवी पर देखा? उन्होंने कहा कि ये मोदी मीडिया आपको अमिताभ बच्चन को दिखा देंगे, ऐश्वर्या राय को दिखा देंगे, पाकिस्तान के व्याख्यान दिखा देंगे मगर बेरोजगारी और महंगाई के बारे में आपको मीडिया में नहीं दिखने वाला है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि राम मंदिर का उत्सव आपने देखा। राम मंदिर में नरेन्द्र मोदी आपको दिखे... मुझे बताओ राम मंदिर के उत्सव में क्या आपको कोई किसान दिखा, क्या एक भी गरीब व्यक्ति दिखा? अमिताभ बच्चन दिखे, अंबानी व अडाणी दिखे, हिंदुस्तान के सब अरबपति दिखे, भाजपा के एक दो नेता दिखे, लेकिन क्या आदिवासी राष्ट्रपति दिखीं आपको?

उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आप अरबपति हो, नरेन्द्र मोदी के मित्र हो, तो जो भी जमीन चाहिए ले लो, जो भी हवाई अड्डा चाहिए ले लो, रेलवे चाहिए ले लो।

वर्ग पहेली-345

बाएं से दाएं

1. कक्ष, कमरा।
4. जो असहनीय हो, असह्य।
5. दूसरों की भलाई, दूसरे के हित का काम, उपकार।
7. 1. किसी द्रव को गले से नीचे उतारना 2. शराब पीना 3. हुक्का या सिगरेट आदि का धुआं खींचना 4. किसी तरल पदार्थ को सोख लेना 5. क्रोध को मन में ही दबा लेना।

ऊपर से नीचे

2. 1. जो सरकारी न हो, अराजकीय 2. जिसके लिए शासन जवाबदेह न हो 3. जनता द्वारा स्थापित या संचालित
3. ऋण, कर्ज़।
5. बच्चों का चुंबन, चुम्मी।
6. 1. पशुओं का खाद्य पदार्थ, जैसे- घास-भूसा, डंठल आदि 2. मछली पकड़ने के लिए कांटे में लगा केंचुआ आदि 3. उपाय, विकल्प 4. किसी को फंसाने के लिए दिया जाने वाला लालच। [मु.] -फेंकना : किसी को लोभ में फंसाने का प्रयास करना।



वर्ग पहेली - 344 का हल

1 चिं	2 गु	ड़	ना		
	ण			3 धा	
	सा		4 गो	र	सी
5 मं	ग	ल	पा	णि	
	र		6 च	क	ई
		7 ब	ल		
8 पां	व			9 झूँ	क

सुडोकू-62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

9			4					5
			9		3		1	
	8					6		9
		6			7			1
		3				7		
5			1				6	
6		1			8		3	
	2		3		9			6
4					5			7

सुडोकू - 61 का हल

1	2	8	9	5	4	3	6	7
6	5	3	2	1	7	9	8	4
4	7	9	3	6	8	2	5	1
9	4	2	5	7	3	8	1	6
8	6	5	1	4	2	7	9	3
3	1	7	8	9	6	5	4	2
2	9	1	6	3	5	4	7	8
5	3	4	7	8	1	6	2	9
7	8	6	4	2	9	1	3	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- अष्टमी 08.15 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 08.46 तक तत्पश्चात रोहिणी।

मेष आज घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान को करियर में बेहतर विकल्प मिलने की संभावना बन रही है। गलत निर्णयों के कारण काफी परेशानी बढ़ सकती है। दोस्तों के साथ पारिवारिक समारोह में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

वृष आज ऑफिस में आप अपने सहकर्मियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको धन लाभ मिलेगा। आपको कहीं से शुभ सूचना मिलने की संभावना बन रही है।

मिथुन आज आप परिजनों की अपेक्षा पर खरे नहीं उतरेंगे। प्रदूषण वाली जगहों पर जाने से बचें। बैंकिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। व्यवसाय में लापरवाही भारी पड़ सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में थोड़ा तनाव हो सकता है।

कर्क आज संतान की उपलब्धियों से हर्षित होंगे। कमीशन आदि से धन लाभ मिल सकता है। प्रेमी जन से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। आप बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। विवाह आदि कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

सिंह आज व्यवसाय में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। नए व्यावसायिक संपर्कों से आपको विशेष लाभ होगा। महिलाओं को करियर के अच्छे विकल्प मिल सकते हैं। शोधकार्यों से जुड़े लोग काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

कन्या आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी वर्ग के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। विनिर्माण कार्यों में प्रगति होने के योग बन रहे हैं। रोजगार में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

तुला आज कर्ज लेने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। बच्चों की संगत का ध्यान रखें। व्यवसाय में आपको संघर्ष करना पड़ेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेना न भूलें। रिश्तेदारों से कोई अप्रिय सूचना मिल सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

वृश्चिक आज नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। आप प्रतिद्वन्दियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण करें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छी सफलता मिल सकती है। आप एक साथ कई कार्य करने का प्रयास करेंगे।

धनु आज मन में चंचलता रहेगी। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के विषय में योजना बना सकते हैं। छात्र पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर आज किसी रिश्तेदार से कहासुनी हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से परेशानी होगी। आपको समस्याओं के बजाय समाधान ढूंढने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता का वातावरण रहेगा।

कुंभ आज धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। कुसंगति से बचें वरना आपकी छवि पर बुरा असर पड़ सकता है। दांपत्य संबंधों में अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। मानसिक कष्ट की स्थिति बन सकती है।

मीन आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए आपको निमंत्रित किया जा सकता है। पुण्य कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। सामाजिक कार्यों को व्यक्तिगत कार्यों से भी अधिक महत्व देंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	कीमत सुबह : 10.19	SONY PIX	एज ऑफ टूमारो सुबह : 10.54
	सपूत रात : 07.00		बुलेट ट्रेन रात : 09.00
SONY SMAX	जर्सी सुबह : 09.53	ZEE CINEMA	एलोन सुबह : 10.30
	आंख मिचौली रात : 10.00		रईस रात : 07.30
		colors CINEPLEX	दोस्ताना दोपहर : 12.47
			गोविंदा नाम तेरा रात : 09.56

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

भिखारी - साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी- लेकिन कॉफी तो 10 रुपये की आती है!
भिखारी- मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न।
आदमी-अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी- नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

पापा- बेटा आज तेरी मम्मी इतनी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बच्चा-उन्होंने मुझसे लिपस्टिक मांगी थी,गलती से मैंने फेवीस्टिक दे दी।
पापा (आंख में आंसू के साथ)- जुग-जुग जिओ मेरे लाल ऐसा बेटा भगवान सभी को दे।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 1865, राज श्री 1370, फॉर्चून कि. 1685, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1420, सचिन 1440, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12200, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13200, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4000, पीलीभीत 3970, नवाबगंज 3960, बहेड़ी (नई) 3970 रुपये।

पेटीएम से रिचार्ज नहीं होगा फास्टैग

एनएचएआई की आईएचएमसीएल ने फास्टैग जारी करने वाले अधिकृत बैंकों की सूची से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टोल संग्रहण इकाई भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को परेशानी से बचने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक के अलावा 32 अधिकृत बैंकों से फास्टैग सेवाएं लेने की सलाह दी है।

आईएचएमसीएल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए लिखा अपना फास्टैग'32 अधिकृत बैंकों से खरीदें। इन 32 अधिकृत बैंकों में एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक,

आईडीबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक शामिल हैं। एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत में आठ करोड़ से अधिक 'फास्टैग' उपयोगकर्ता हैं और पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की बाजार हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है। इससे पहले, आईएचएमसीएल ने 19 जनवरी 2024 को लिखे एक पत्र में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए 'फास्टैग' जारी करने से रोक दिया था।

अब ये बैंक प्रदान करेंगे फास्टैग सेवा

आईएचएमसीएल ने कहा कि वह फास्टैग उपयोगकर्ताओं को आरबीआई दिशा-निर्देशों के तहत नवीनतम फास्टैग केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, त्रिशूर जिला सहकारी बैंक, साउथ इंडियन बैंक, सारस्वत बैंक, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, करूर व्यास्य बैंक, जेएंडके बैंक, इंडसइंड बैंक, इंडियन बैंक, आईडीएफसी बैंक, फिनो बैंक, इक्विटेबल स्मॉल फाइनेंस बैंक, कॉसमॉस बैंक, सिटी यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और एक्सिस बैंक फास्टैग सेवा प्रदान करने के लिए अधिकृत अन्य बैंक हैं।

पेटीएम ने अपना मुख्य खाता एक्सिस बैंक से जोड़ा

पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली वित्त प्रौद्योगिकी फर्म वन97 कम्युनिकेशंस ने अपने मुख्य खाते को नियामकीय कार्रवाई में फंसे पेटीएम पेमेंट्स बैंक से एक्सिस बैंक में स्थानांतरित कर दिया है। पेटीएम का नोडल खाता एक मास्टर खाते की तरह है जिसमें उसके सभी ग्राहकों, व्यापारियों के लेनदेन का निपटान किया जाता है। कंपनी ने शुक्रवार शाम को शेयर बाजार को इसकी सूचना दी। कंपनी ने यह कदम पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खातों में जमा एवं लेनदेन 15 मार्च के बाद रोकने के आरबीआई के निर्देशों के बाद उठाया है। पेटीएम अपनी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के पास अपने मुख्य खाते का संचालन करती रही है। लेकिन आरबीआई की सख्ती के बाद पेटीएम के सुचारू संचालन को लेकर भी संदेह उठने लगे थे।

सोने के दाम 180 रुपये और चांदी में 900 रुपये की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोना 180 रुपये की मजबूती के साथ 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 62,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 900 रुपये चढ़कर 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक रुख से दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 180 रुपये बढ़कर 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स में सोना 2,003 डॉलर प्रति औंस पर रहा है।

स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने गो फर्स्ट के लिए लगाई संयुक्त बोली

नई दिल्ली, एजेंसी

विमानन कंपनी स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने बिजी बी एयरवेज के साथ मिलकर दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई है।

स्पाइसजेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बिजी बी एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ सिंह ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली जमा की है। हालांकि इसमें बिजी बी एयरवेज के बारे में कोई भी विवरण नहीं दिया गया है। लेकिन कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, बिजी बी एयरवेज का गठन 29 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में किया गया था और इसके पास एक लाख रुपये की चुकता पूंजी है। सिंह ने यह बोली ऐसे समय लगाई है जब खुद स्पाइसजेट संकट से उबरने के लिए वित्त जुटाने की कोशिशों और छंटनी कर लागत घटाने में लगी हुई है। इस बीच शरजाह स्थित स्काई वन एफजेडई ने भी गो फर्स्ट के लिए बोली लगाने की सूचना दी है। गंभीर वित्तीय संकट में फंसी गो फर्स्ट ने पिछले साल मई में उड़ानें बंद कर दी थीं और वह इस समय दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। स्पाइसजेट ने कहा-नई एयरलाइन के लिए परिचालन भागीदार के तौर पर स्पाइसजेट की भूमिका जरूरी कर्मचारी, सेवाएं और उद्योग विशेषज्ञता मुहैया कराने की है।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,050
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	63,415
गिन्नी (प्रति नग)	47,250-47,450
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,000
चांदी तैयार	73,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,600
सोना जेवरात गिन्नी	62,600
चांदी पक्की	722 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,750
चांदी आभूषण	73,000।

कंपनी कानून के तहत फाइलिंग की केंद्रीकृत व्यवस्था शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्था से कारोबारी सुगमता को मिलेगा बढ़ावा

सरकार ने कंपनी कानून और सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) अधिनियम के तहत फाइलिंग को 'समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये' पूरा करने के लिए केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र की शुरुआत की है। इससे देश में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

शुरुआत में केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में कंपनी कानून के तहत 12 फॉर्म और आवेदन प्रसंस्कृत किए जाएंगे। इसके बाद एक अप्रैल से अन्य प्रपत्रों और आवेदनों का निपटारा भी केंद्र के माध्यम से किया जाएगा। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा-परिचालन शुरू होने के बाद अब तक सीपीसी को 4,910 फॉर्म मिले हैं। फॉर्म को समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये तरीके से प्रसंस्कृत किया जाएगा। इसके बाद सीमित देयता भागीदारी अधिनियम के तहत जमा फॉर्म/ आवेदन को भी केंद्रीकृत करने का प्रस्ताव है। मंत्रालय ने कहा कि उम्मीद है कि सीपीसी के पूरी तरह से चालू होने के बाद सालाना लगभग 2.50 लाख फॉर्म इसके माध्यम से प्रसंस्कृत किए जाएंगे।

कृषि रसायनों के सूझ बूझ से उपयोग पर जागरूकता अभियान

नई दिल्ली। गैर सरकारी रूट्स फाउंडेशन और पीआई इंडस्ट्रीज ने एक समाजिक पहल के तहत मिल कर पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, और उत्तर प्रदेश के किसानों को कृषि कार्य में स्वस्थ पद्धतियों को अपनाने तथा कृषि रसायनों का प्रयोग सूझबूझ से करने के प्रति जागरूक करने का अभियान चालाया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसमें किसानों को पर्यावरण की रक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिता विकास जैसे मुद्दों के प्रति भी जागरूक किया गया है। यह अभियान पंजाब और हरियाणा के कृषि प्रधान राज्यों में चलाया जाएगा।

सस्ते मकानों के लिए कर्ज में 30% वृद्धि की संभावना

मुंबई, एजेंसी

- केयरएज रेटिंग्स ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद
- कहा-2022-23 के दौरान 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी

केयरएज रिपोर्ट के अनुसार कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज सहायता में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 29 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2024-25 में 30 प्रतिशत की वृद्धि होने का है।

केयरएज रेटिंग की ओर से शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान छोटे मकानों के लिए कर्ज में वृद्धि की दर धीमी रही लेकिन उसके बाद, कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज देने वाली कंपनियों ((एएचएफसी)) के कर्ज वितरण में सुधार दिखा और 2022-23 के दौरान इसमें साल-दर-साल 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। रिपोर्ट में कहा गया है, यह वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

केयरएज रेटिंग्स ने एएचएफसी के लिए 31 मार्च, 2024 तक संपत्ति (कर्ज) की गुणवत्ता में सुधार होने और सकल अवरुद्ध ऋण (जीएनपीए) सकल कर्ज के 1.2 प्रतिशत के आरामदायक स्तर पर रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजी की बढ़ी हुई लागत और उच्च परिचालन व्यय के साथ, वित्त वर्ष 2023-24 में कुल पूंजी (दिए गए कर्ज) पर निवेश प्रतिफल के 3.2 प्रतिशत पर रहने की के साथ लाभप्रदता में कमी आने का अनुमान है। एएचएफसी मुख्यतः स्व-रोज़गार वाले ग्राहकों को कर्ज सुविधाएं करती हैं और ऋण वसूली में जोखिम के मामले में संवेदनशील बनी रहती हैं।

राष्ट्रीय

एक नजर

जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

जयपुर। जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा जांच एजेंसियों ने संयुक्त रूप से हवाई अड्डे की सघन जांच की। हवाई अड्डा थानाधिकारी ममता मीणा ने बताया कि हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी हवाई अड्डे के आधिकारिक ईमेल पर दी गई थी। साइबर प्रकोष्ठ मेल भेजने वाले के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और श्वान दस्ते के सहयोग से हवाई अड्डे पर जांच की गई। जांच के दौरान हवाई अड्डा परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

महादेव ऐप धोखाधड़ी में ईडी ने एक को पकड़ा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन बुक के संचालन में उनकी भूमिका के लिये पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत को नीतीश दीवान को गिरफ्तार किया है। ईडी की विज्ञप्ति के अनुसार यह गिरफ्तारी गुरुवार को की गयी। नीतीश दीवान को पीएमएलए विशेष न्यायालय, रायपुर के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय ने उसे 24 फरवरी तक के लिये ईडी हिरासत में रखने की अनुमति दी है। महादेवा ऐप धोखाधड़ी का मामला छत्तीसगढ़ विधानसभा के पिछले चुनाव के समय गरमाया था।

कोर्ट ने महेंद्रू की जमानत बढ़ाने से किया इनकार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार शराब करोबारी समीर महेंद्रू को दी गई अंतरिम जमानत की मियाद बढ़ाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह इस तथ्य को नजर अंदाज नहीं कर सकती कि आरोपी के खिलाफ 'गंभीर मामला' है। विशेष न्यायधीश एम के नागपाल ने शराब वितरण कंपनी इंडोस्प्रिट के प्रबंध निदेशक महेंद्रू को उनकी पत्नी की सर्जरी के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी। न्यायधीश ने कहा-इसे नजर अंदाज नहीं किया जा सकता कि आवेदक धनशोधन के गंभीर मामले में आरोपी है। अदालत ने कहा कि 16 महीने की अपनी हिरासत अवधि के दौरान महेंद्रू करीब पांच महीने तक एक या दूसरे कारणों से अंतरिम जमानत पर रहे।

मेरे साथ जनता का सुरक्षा कवच: मोदी

प्रधानमंत्री ने रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने के दौरान जनसभा को संबोधित किया

रेवाड़ी (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर पर कांग्रेस के रुख को लेकर शुक्रवार को उसकी आलोचना की और कहा कि जो लोग भगवान राम को 'काल्पनिक' कहते थे और मंदिर निर्माण नहीं चाहते थे, वे भी अब 'जय सियाराम' के नारे लगा रहे हैं। हरियाणा के रेवाड़ी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोल दिए हैं, लेकिन मेरे पास देश की जनता का 'सुरक्षा कवच' है जो हर बार मेरी रक्षा करता है।

रोहतक-हांसी-रोहतक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल। ● एजेंसी

उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने आज दुनिया में नई ऊंचाइयों को छुआ है और यह लोगों के आशीर्वाद से संभव हुआ है। इस सप्ताह संयुक्त अरब अमीरात और कतर की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को अब दुनिया के हर कोने से जो सम्मान मिल रहा है, वह केवल मोदी का नहीं, बल्कि हर भारतीय का है। दुनिया में भारत की बढ़ती साख, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और पूर्व सैनिकों को 'वन रैंक-वन पेंशन' दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को जो 'गारंटी' दी वह पूरी की है। साथ ही कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की अपनी गारंटी पूरी करेंगे।

प्रधानमंत्री ने रोहतक-महम-हांसी नई रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की

नई दिल्ली। हरियाणा में रेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 889.28 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 68.5 किलोमीटर लंबी रोहतक-महम-हांसी नई रेल लाइन को आज रेवाड़ी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया तथा रोहतक-हांसी-रोहतक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। रोहतक-महम-हांसी 68.5 किलोमीटर नई रेल परियोजना को हरियाणा राज्य सरकार के साथ 50:50 योगदान पर लागत साझेदारी के आधार पर मंजूरी दी गई थी। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर आदि समारोह में उपस्थित थे।

मोदी ने 17,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान से जुड़ी 17,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण और शिलान्यास किया और कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है। मोदी ने 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए संबोधित करने से पहले रिमोट दबाकर इन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत पारेषण, पेयजल तथा पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है।

मोदी फिर सत्ता में आए तो क्षेत्रीय दलों के लिए संकट खड़ा हो जाएगा

कोलकाता, एजेंसी

- इंडिया के भविष्य को लेकर अनुमान नहीं लगा सकते: चिदंबरम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने एक बार फिर से सत्ता में वापसी की तो क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा।

उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि वह विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के भविष्य को लेकर कोई अनुमान नहीं लगा सकते क्योंकि वह पार्टी की राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर आगामी लोकसभा चुनाव में एक कारक हो सकता है लेकिन यह निर्णायक होगा या नहीं, यह तो समय ही बताएगा। पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने कहा-मैं 'इंडिया' गठबंधन के भविष्य के बारे में कुछ नहीं कह सकता क्योंकि मैं राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हूं और गठबंधन की बैठकों का भी हिस्सा नहीं रहा हूं, लेकिन मुझे पूरी उम्मीद है कि बाकी सभी पार्टियां समझेंगी कि मोदी जी और भाजपा की केंद्र में वापसी से राज्य-विशिष्ट क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा। अपनी नई किताब 'द वाटरशेड ईयर-व्हिच वे विल इंडिया गो?' पर चर्चा के लिए चिदंबरम कोलकाता पहुंचे थे।

आय से अधिक संपत्ति मामले में करोड़पति क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा के भ्रष्टाचार रोधी सतर्कता अधिकारियों ने शुक्रवार को आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बसंत कुमार महापात्रा को गिरफ्तार कर लिया। सिलसिलेवार छापेमारी किए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सतर्कता विभाग ने कहा गया है कि महापात्रा की संपत्तियों की पड़ताल के दौरान आय से अधिक संपत्ति का पता चला, जिसमें भुवनेश्वर में दो फ्लैट और दो वाणिज्यिक शॉपिंग आउटलेट, भुवनेश्वर और बेंगलुरु में फ्लैट खरीदने के लिए रि 2.23 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान, 1.16 लाख रुपये नकद आदि शामिल हैं।

झारखंड में आईईडी धमाके में बुजुर्ग महिला की मौत

चाईबासा, एजेंसी

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) द्वारा कथित तौर पर लगाए गए परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में हुए विस्फोट में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना मरादिरी गांव के पास एक जंगल में हुई, जहां माओवादियों ने सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए आईईडी लगाई थी। मरादिरी गांव के रहने वाले रंडई पूर्ति (56) जंगल में लकड़ी इकट्ठा करनी गई थी तभी वहां धमाका हो गया। पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर ने कहा कि पुलिस का एक दल शुक्रवार को मौके पर पहुंचा और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर उपमंडल अस्पताल भेज दिया। एसपी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि माओवादी अब हताशा में निर्दोष ग्रामीणों को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि नक्सल विरोधी अभियान से उन पर अंकुश लग गया है।

झारखंड में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार, 8 नए मंत्री शामिल

रांची। झारखंड में आज मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार कर उसमें 8 नए मंत्रियों को शामिल किया गया जबकि मंत्रिमंडल में एक सीट अभी भी रिक्त रखा गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के तीन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पांच विधायकों को मंत्री बनाया गया। हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल जोबा मांझी को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया जबकि चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल में नई चेहरे की रूप में हेमंत सोरेन की छोटे भाई बसंत सोरेन और दीपक बिरूआ को शामिल किया गया है।

अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा में रखा विश्वास प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को विधानसभा में विश्वास मत पेश किया जिसपर सदन में शनिवार को चर्चा होगी। विश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए केजरीवाल ने कहा-दो विधायक मेरे पास यह कहते हुए आए थे कि भाजपा सदस्यों ने उनसे संपर्क किया है और उन्हें 25-25 करोड़ रुपये देने की पेशकश की है। उन्हें बताया गया कि मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और सरकार गिरा दी जाएगी। केजरीवाल ने दिल्ली आबकारी नीति मामले के फर्जी होने का दावा किया है।

कोर्ट को आवंटित जमीन पर अतिक्रमण नहीं किया

आम आदमी पार्टी ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने यहां राउज एवेन्यू में दिल्ली उच्च न्यायालय की भूमि पर 'अतिक्रमण' नहीं किया और पार्टी को 2015 में यह जगह आवंटित की गई थी। 'आप' ने एक अर्जी दाखिल करते हुए दावा किया कि उस स्थान पर 'अतिक्रमण' का कोई सवाल ही नहीं उठता जो उसे 2015 में विधिवत तरीके से आवंटित किया गया था और तब से वह भूमि उन्हीं के कब्जे में है। कहा कि पार्टी उसे खाली करने के लिए तैयार है।

तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की हिरासत बढ़ी

चेन्नई। चेन्नई की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी.सेंथिल बालाजी की हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जून में गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय कारागार में बंद बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस.अली के समक्ष वीडियो कांफ्रेंस के जरिये पेश किया। इसके बाद अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान बालाजी के अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ने धनशोधन के आरोप से मुक्त करने के लिए अर्जी दी है।

बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

संदेशखालि हिंसा

- एनसीएससी के प्रतिनिधिमंडल ने द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट
- आयोग के लोगों ने संदेशखालि का किया था दौरा

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के प्रमुख अरुण हलदर ने शुक्रवार को कहा कि आयोग ने संदेशखालि में टीएमसी समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के बारे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है।

आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि का दौरा किया था, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर बलपूर्वक जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए हलदर ने संदेशखालि में कथित अत्याचार और हिंसा के बारे में संक्षिप्त विवरण साझा किया। उन्होंने कहा-हमने सिफारिश की है कि पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत एनसीएससी को मिले अधिकारों के अनुसार अनुसूचित जाति के संवैधानिक सुरक्षा कार्यों के बारे में वार्षिक रूप से या जब उचित लगे, राष्ट्रपति को रिपोर्ट देना आयोग का कर्तव्य है। हलदर ने कहा कि राष्ट्रपति ने आयोग को आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर गौर करके उचित कार्रवाई करेंगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में अपराधियों ने वहां की सरकार से गठजोड़ कर लिया है। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में हिंसा का असर अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों पर भी पड़ रहा है।

भाजपा की केंद्रीय टीम ने राज्यपाल से मुलाकात की

कोलकाता। संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोकी गई भाजपा की एक केंद्रीय टीम ने शुक्रवार शाम पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मुलाकात की और कहा कि पार्टी वहां जाने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख करेगी। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने कहा कि पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की टीम को संदेशखालि जाने की अनुमति नहीं दी। संदेशखालि ब्लॉक के रास्ते में रामपुर गांव में रोके जाने के बाद भाजपा के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने धरना शुरू कर दिया। बाद में, वे कोलकाता लौट आए और बोस से मिलने राजभवन पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संवाददाताओं से कहा-पुलिस ने हमें बेहद अलोकतांत्रिक तरीके से संदेशखालि जाने से रोका। हमने राज्यपाल को सूचित कर दिया है और वह स्थिति को लेकर बहुत व्यथित हैं।

खेल डायरी

मैं व्यक्तिगत रूप से बजरंग, विनेश और साक्षी को ट्रायल के लिए आमंत्रित करूंगा: संजय सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि विरोध करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा और वह महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क कर आमंत्रित करेंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई पर लगाया निलंबन इस शर्त पर हटाया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं होना चाहिए। पूनिया, फोगाट और मलिक ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। ये डब्ल्यूएफआई प्रमुख के तौर पर संजय सिंह के चुनाव के भी खिलाफ हैं उनका कहना है कि वह बृजभूषण के समर्थक हैं। संजय सिंह ने कहा कि हम जल्द महाराष्ट्र में ओलंपिक क्वालीफाइंग के लिए ट्रायल्स करेंगे। इस राज्य में अच्छा बुनियादी ढांचा है। मैं बजरंग, विनेश और साक्षी से सबकुछ भूलकर ट्रायल्स की तैयारी शुरू करने और देश के लिए पदक जीतने के लिए कहूंगा।

परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा: हरमनप्रीत

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को लगता है कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताब बरकरार रखने के लिए विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप ढलना अहम होगा। डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से 17 मार्च तक बेंगलुरु और नई दिल्ली में खेला जाएगा। पिछले साल शुरूआती चरण मुंबई में खेला गया था और मेजबानों ने चिर परिचित परिस्थितियों और दर्शकों के समर्थन से हरमनप्रीत की अगुआई में खिताब जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि बेंगलुरु में परिस्थितियां मुंबई से अलग होंगी। मुझे दिल्ली में खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है इसलिए मुझे नहीं पता कि दिल्ली में कैसा विकेट होगा। अगर हम इन चीजों से जल्दी सांमजस्य बिठा लेते हैं तो इससे पता चलेगा कि बतौर टीम हम कितने अच्छे हैं।

अनाबेल ने महिला टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा

पर्थ, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड ने शुक्रवार को महिला टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने द .अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन 248 गेंद में यह किया। इससे पहले सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ही केरेन रोल्टन के नाम था, जिन्होंने 2001 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 306 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। अनाबेल 256 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुईं। उनके दोहरे शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी 9 विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित की जो महिला टेस्ट क्रिकेट में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पहली पारी में द .अफ्रीका की टीम सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई थी और दूसरी पारी में भी उसने दिन का खेल खत्म होने तक 67 रन पर तीन विकेट गंवा दिए।

आयहिका और श्रीजा ने दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों को हराया, चीन से मिली हार

बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला ने शुक्रवार को दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों क्रमशः सुन यिंगशा और वैंग यिदी को हराया, लेकिन भारत को विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गत चैंपियन चीन के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 155वें नंबर की खिलाड़ी आयहिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी यिंगशा को 12-10 2-11 13-11 11-6 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता श्रीजा ने यिदी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (11-7 11-9 13-11) से हराया। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा ने हालांकि निराश किया और वह दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी वैंग मान्यु (3-11 8-11 15-13 7-11) और यिंगशा (3-11 6-11 13-11 9-11) के खिलाफ अपने दोनों एकल मुकाबले हार गई। मुकाबला इसके बाद 2-2 से बराबर था। छब्बीस साल की आयहिका भी इसके बाद मान्यु के खिलाफ सीधे गेम में 9-11 11-13 6-11 से हार गई जिससे भारत को शिकस्त झेलनी पड़ी।

डकेट का शतक, इंग्लैंड के दो विकेट पर 207 रन

दूसरे दिन भारत की पहली पारी 445 रन पर सिमटी, इंग्लैंड की टीम अब 238 रन पीछे

राजकोट, एजेंसी

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट के आंकड़े को छूने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने, लेकिन इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के नाबाद तूफानी शतक से भारत के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 2 विकेट पर 207 रन बनाकर पलड़ा भारी रखा।

डकेट 118 गेंद में 21 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 133 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने जैक क्राउली (15) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और ओली पोप (55 गेंद में 39 रन, 5 चौके, 1 छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। स्टंप के समय जो रूट नौ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। भारत के पहली पारी के 445 रन से इंग्लैंड अब 238 रन पीछे है। इंग्लैंड ने 35 ओवर में 32 बाउंड्री लगाई हैं जिसमें 29 चौके और 3 छक्के हैं। ध्रुव जुरेल (104 गेंद में 46 रन, 2 चौके, 3 छक्के) और अश्विन (89 गेंद में 37 रन, 6 चौके) के बीच आठवें विकेट की 77 रन की साझेदारी से पहली पारी में 445 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा (131) और रविंद्र जडेजा (112) ने कल शतक जड़े थे। जसप्रीत बुमराह (26 रन, 28 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का) और मोहम्मद सिराज (नाबाद 03) ने अंतिम विकेट के लिए 30 महत्वपूर्ण रन जोड़े। डकेट ने 19 चौकों की मदद से 88 गेंद में अपना तीसरा शतक पूरा किया। क्राउली ने उनकी गेंद को स्वीप के प्रयास में शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार को कैच दे बैठे। डकेट ने बुमराह पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद अगले ओवर में दो और चौके मारे। डकेट ने कुलदीप का स्वागत दो चौकों से किया और 39 गेंद में अर्धशतक बनाया। अश्विन ने दूसरे ओवर में क्राउली को आउट किया। डकेट को पोप के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। पोप ने कुलदीप पर छक्का जड़ा जबकि डकेट ने अश्विन की गेंदों पर छक्का और चौका मारा।डकेट ने सिराज की गेंद पर दो चौकों के साथ 88 गेंद में शतक पूरा किया। सिराज ने पोप को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया लेकिन डीआरएस पर फैसला भारत के पक्ष में गया। सुबह के सत्र में 2 विकेट जल्दी गिरने के बाद जुरेल और अश्विन ने पारी संभाला। अश्विन रेहान अहमद (85 रन पर 2 विकेट) की गेंद को मिड ऑन पर जेम्स एंडरसन के हाथों में दे बैठे। जुरेल अर्धशतक बनाने में 4 रन से चूक गए जब रेहान ने उन्हें विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों कैच कराया। जुरेल ने मार्क वुड (114 रन पर 4 विकेट) की शॉर्ट गेंद को स्लिप के ऊपर से 6 रन के लिए भेजकर अपनी पहली बाउंड्री लगाई। भारत ने दिन की शुरुआत 5 विकेट पर 326 रन से करते हुए सुबह के सत्र में 2 विकेट गंवाकर 62 रन जोड़े। जडेजा (225 गेंद में 112 रन, 9 चौके, 2 छक्के) अपने कल के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़ने के बाद रूट को कैच देकर पवेलियन लौटे। भारत ने पहले दिन के चौथे ओवर में ही कुलदीप यादव (4) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने एंडरसन की गेंद पर फोक्स को कैच थमाया।

स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी)	445/10 (130.5 ओवर)		
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड	10	10	2/0
रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड	131	196	14/3
शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड	00	09	0/0
रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली	05	15	1/0
रविंद्र जडेजा का एवं बो रूट	112	225	9/2
सरफराज खान रन आउट	62	66	9/1
कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन	04	24	0/0
ध्रुव जुरेल का फोक्स बो रेहान	46	104	2/3
रविचंद्रन अश्विन का एंडरसन बो रेहान	37	89	6/0
जसप्रीत बुमराह पगबाधा बो वुड	26	28	3/1
मोहम्मद सिराज नाबाद	03	21	0/0

अतिरिक्त: 09, विकेट पतन: 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, 6-331, 7-331, 8-408, 9-415, 10-445, गेंदबाजी: एंडरसन 25-7-61-1, वुड 27.5-2-114-4, हार्टली 40-7-109-1, रूट 16-3-70-1, रेहान 22-2-85-2

इंग्लैंड (पहली पारी)	207/2 (35 ओवर)		
खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन	15	28	2/0
बेन डकेट नाबाद	133	118	21/2
ओली पोप पगबधा बो सिराज	39	55	5/1
जो रूट नाबाद	09	13	1/0

अतिरिक्त: 11, विकेट पतन: 1-89, 2-182, गेंदबाजी: बुमराह 8-0-34-0, सिराज 10-1-54-1, कुलदीप 6-1-42-0, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 4-0-33-0

500 विकेट लेने वाले अश्विन दूसरे भारतीय गेंदबाज

राजकोट, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी और सचिन तेंदुलकर ने दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 500 टेस्ट विकेट लेने की उपलब्धि के लिए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा, रविचंद्रन अश्विन को 500 टेस्ट विकेट लेने की असाधारण उपलब्धि पर बधाई। उनकी यात्रा और उपलब्धियां उनके कौशल और दृढ़ता का प्रमाण हैं। वह आगे और उपलब्धियां हासिल करें, उन्हें मेरी शुभकामनाएं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अश्विन को 'लाखों में एक' गेंदबाज करार दिया। तेंदुलकर ने 'माइक्रो ब्लॉगिंग' साइट पर कहा, लाखों में एक गेंदबाज के लिए 500 टेस्ट विकेट। अश्विन (विन) द स्पिनर (नर) में हमेशा 'विनर' होता है। 500 विकेट बड़ी उपलब्धि है। बधाई हो चैम्पियन।

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दौरान पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे ऑफ स्पिनर हैं। वह कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट दर्ज हैं। अश्विन ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें इसके लिए सिर्फ एक विकेट की दरकार थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली उनकी गेंद को स्वीप करने के प्रयास में हवा में उछाल गए और शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार ने आसान कैच लपका। अश्विन से पहले संन्यास ले चुके श्रीलंका के महान ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (517) यह उपलब्धि पा चुके हैं। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट के आंकड़े को छूने वाले दुनिया के नौवें गेंदबाज हैं। 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने 98वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। चेन्नई के इंजीनियरिंग स्नातक अश्विन ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की और ऑफ स्पिनर की भूमिका निभाने से पहले मध्यम गति की गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया।

जडेजा, अश्विन की गलती से इंग्लैंड को हुआ पांच रन का फायदा

राजकोट। भारत पर तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र में आर अश्विन के पिच के संरक्षित हिस्से में दौड़ने से इंग्लैंड की टीम को 5 रन का फायदा हुआ है। इससे पहले रवींद्र जाडेजा तीसरे टेस्ट के पहले दिन पिच के संरक्षित हिस्से पर दौड़ने पर चेतावनी दी गई थी। इंग्लैंड को 102वें ओवर में 5 रन का फायदा उस समय हुआ जब भारत का स्कोर 7 विकेट पर 358 रन था। अश्विन ने गेंद को कवर की ओर खेला और रन के लिए पिच पर दौड़ पड़े, लेकिन जुरेल ने उनको वापस भेजा। अंपायर जोएल विल्सन और अश्विन के बीच बातचीत हुई जो पेनाल्टी का सिग्नल देने से पहले निराश दिखे। इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत 5 रन से की। नियम में बल्लेबाजों के पिच को खराब करने के बारे में बताया गया है, जिसमें पिच को जानबूझकर या ऐसी स्थिति जहां वह हट सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया तो इसे क्षति पहुंचाना अनुचित है।

घरेलू चरण में ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका का सामना करेगी महिला हॉकी टीम

राउरकेला, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम सप्ताहांत प्रो लीग मुकाबलों में जब ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से भिड़ेगी तो उसकी नजरें घरेलू सरजमीं पर अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रही है और उसने छह में से पांच मैच गंवाए हैं।

पहले मैच में चीन से मिली 1-2 की शिकस्त के बाद भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 1-3 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर के अंतिम मैच में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया। राउरकेला के पहले मैच में भारत ने शुरुआती बढ़त बनाई लेकिन चीन ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ 0-1 से हार गया। पिछले मैच में भारत की रक्षापंक्ति ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में टीम पिछड़ गई।

भारतीय महिला टीम ने पदक सुनिश्चित किया, पुरुष टीम जापान से हारी

ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद सिंधू, अस्मिता और अश्विनी तथा तनीषा की युगल जोड़ी ने हांगकांग को हराया

बीएटीसी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से 2-3 से हार गई।

चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया। अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। भारतीय पुरुष टीम ने साहसिक प्रयास किया लेकिन नर्वस किदाम्बी श्रीकांत अंत में निर्णायक पांचवें मैच में हार गए। सिंधू ने लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की जोड़ी को हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर आसान जीत से भारत की जीत के साथ टीम के लिए कांस्य पदक पक्का किया। पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने बताया कि यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

स्पर्धा में जापान की पुरुष टीम अपने शीर्ष खिलाड़ियों के बिना खेल रही थी, जिसमें दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी कोडाई नारोका तथा ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की 2021 विश्व चैम्पियन युगल जोड़ी मौजूद नहीं थी। लेकिन भारतीय पुरुष टीम के लिए यह मुकाबला कड़ा रहा। एचएस प्रणय को केंटो निशिमोटो से हार मिली, जिससे जापान ने 1-0 से बढ़त बना ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए केन्या मितसुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को पराजित कर भारत को मुकाबले में वापसी कराई। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने फिर कोको वाटानाबे को हराकर भारत को 2-1 से आगे किया। एमआर अर्जुन व ध्रुव कपिला अपना मैच हार गए। उन्हें अकिरा कोगा और काजुकी शिबाटा से पराजय मिली और जापान ने स्कोर 2-2 कर दिया। अब जिम्मेदारी श्रीकांत के कंधों पर थी। उन्होंने केंटो मोमोटा से पहला गेम जीता लेकिन अगले दो गेम गंवा दिए और भारत मुकाबला हार गया।

बॉलीवुड हलचल

'फाइटर' ने की 200 करोड़ की कमाई

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'फाइटर' ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर 25 जनवरी को प्रदर्शित हुयी है। यह फिल्म एरियल एक्शन ड्रामा है, जिसमें एयर फोर्स के फाइटर पायलट्स की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म फाइटर में ऋतिक और दीपिका की रोमांटिक जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म को रिलीज हुए आज तीन हफ्ते हो चुके हैं। फिल्म फाइटर ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। 'फाइटर' में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर की भी अहम भूमिका है।

जॉन अब्राहम ने दंगे का ट्रेलर किया लांच



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने हर्षवर्धन राणे की आने वाली फिल्म दंगे का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लांच किया है। बॉलीवुड निर्देशक बिजॉय नांबियर फिल्म दंगे लेकर आ रहे हैं, जिसमें हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। दंगे का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर को जॉन अब्राहम ने लॉन्च किया है। जॉन अब्राहम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर दंगे का ट्रेलर साझा किया है। फिल्म दंगे कॉलेज के दो गुटों के बीच की तनातनी की कहानी है। हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट के अलावा फिल्म दंगे में निकिता दत्ता, टीजे भानू की अहम भूमिका है। फिल्म दंगे 01 मार्च 2024 को रिलीज होगी।

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री त्रिप्ति डिमरी ने आईएमडीबी की वैलेंटाइन वीक की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट में पहला स्थान पाया है। वैलेंटाइन सप्ताह को चिह्नित करते हुए, आईएमडीबी ने दुनिया भर में 200 मिलियन से अधिक मासिक विजिटर्स में से निर्धारित सप्ताह की 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट का अनावरण किया। इस सप्ताह सूची में शीर्ष त्रिप्ति डिमरी हैं, जिन्हें एक्शन ड्रामा 'एनिमल' में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए काफी प्रशंसा मिल रही है। फिल्म में ज़ोया की भूमिका निभाते हुए, त्रिप्ति डिमरी ने ग्रे शेड वाले किरदार को चित्रित करके अपनी वर्सटाइल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फिल्म में त्रिप्ति ने अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति, संवाद अदायगी और शानदार लुक से दिल जीत लिया, जिससे वह आईएमडीबी सूची में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। त्रिप्ति डिमरी के बाद शाहिद कपूर सातवें नंबर और भूमि पेडनेकर 23वें नंबर पर हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर उनकी बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत हो गई है।

कुछ रीत जगत की ऐसी है का अनुभव शानदार: सेजल

मुंबई, एजेंसी। जानी मानी चरित्र अभिनेत्री सेजल शाह का कहना है कि कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। नंदिनी की परवरिश उसके मामा और मामी ने की है, जिनका किरदार जगत रावत और सेजल साह ने निभाया है। सेजल शाह ने बताया, कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना शानदार अनुभव रहा। इस शो में आप सभी को शानदार क्रियेटिव वर्क देखने को मिलेगा।

शोटाइम, फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा: इमरान



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि उनकी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शोटाइम को लेकर चर्चा में है। हाल ही में शोटाइम का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इसमें सिनेमा जगत के पर्दे के पीछे के दिलचस्प राज से पर्दा उठता हुआ नजर आ रहा है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शोटाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। इमरान ने शोटाइम में फिल्म निर्माता रघु खन्ना का किरदार निभाया है, जो कर्मशियल सिनेमा बनाता है। उन्होंने बताया, शो टाइम दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही उन्हें संदेश भी देगा। फिल्म इंडस्ट्री में सुने-सुनाए किस्सों के बारे में लोग जानते है। इंडस्ट्री के बारे में लोगों को बहुत कम पता है। शो टाइम लोगों को फिल्म इंडस्ट्री की दुनिया से रूबरू कराएगा। शो टाइम की कहानी दिलचस्प है। शोटाइम, बॉलीवुड की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। फिल्म इंडस्ट्री में मुझे दो दशक हो गए हैं। मैंने इंडस्ट्री के अच्छे और बुरे दोनों पक्ष देखे हैं। जब मुझे शोटाइम के लिय अप्रोच किया गया तो मैंने तुरंत हां कर दी। डिज़्नी+हॉटस्टार और धर्मेटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। हमने दर्शकों को हमेशा यह जानने के लिए उत्सुक देखा है कि बॉलीवुड के बंद दरवाजों के पीछे क्या चल रहा है और मैं बस इतना कहना चाहता हूं, हमने आप सभी को सुना है।

शिवानी का गाना रील वाला लईका रिलीज

मुंबई, एजेंसी। गायिका शिवानी सिंह का गाना रील वाला लईका रिलीज हो गया है। गाना रील वाला लईका एक लड़की की ख्वाहिश का इजहार है, जिसमें लड़की को रील बनाने वाला लड़का पसंद आ जाता है। शिवानी सिंह ने इसी चाहत को अपने स्वरों से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में श्वेता शर्मा उस लड़की के किरदार में नजर आ रही हैं, जिससे रील वाला लईका यानी मैंगो मैन पसंद आ गया है। गाना रील वाला लईका के गीतकार अजीत मंडल है, जिन्होंने इस गाने के लिरिक्स को लिखा है और संगीतकार आर्य शर्मा है। इस गाने का निर्देशन वेंकट महेश ने किया है और क्रिएटिव डायरेक्टर नितेश सिंह है। गाने की कोरियोग्राफी प्रेम शर्मा ने की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

हवाई अड्डे पर अनुरोध के बाद भी नहीं मिली व्हीलचेयर, पैदल चलने से बुजुर्ग की मौत

मुंबई, एजेंसी

मुंबई हवाई अड्डे पर एक बुजुर्ग को बुकिंग के बाद भी व्हीलचेयर नहीं मिली, जिसके कारण व्यक्ति मौत हो गई। हालांकि, इस घटना पर एयर इंडिया ने सफाई देते हुए कहा कि यात्री से व्हीलचेयर मिलने तक इंतजार करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल जाने का विकल्प चुना।

एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, 12 फरवरी को न्यूयॉर्क से मुंबई जा रहे हमारे एक मेहमान अपनी पत्नी के साथ इमिग्रेशन क्लियर करने के लिए जाते समय बीमार पड़ गए। बुजुर्ग यात्री ने व्हीलचेयर की मांग की थी। व्हीलचेयर की भारी मांग के कारण हमने यात्री से थोड़ा इंतजार करने का अनुरोध किया था लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल चलने का विकल्प चुना। ऐसे में बुजुर्ग इमिग्रेशन काउंटर तक पैदल चलकर गए। ऐसे में उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 80 साल के बुजर्ग ने न्यूयॉक से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। दंपति ने अपने लिए व्हीलचेयर की बुकिंग की थी। मुंबई एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट जब लैंड हुई तो दंपति को सिर्फ एक व्हीलचेयर मिली।

ऐसे में पति ने उसपर अपनी बुजुर्ग पत्नी को बैठाया और खुद पैदल चलने लगे। विमान से लेकर 1.5 किलोमीटर की दूरी पर टर्मिनल में बने इमिग्रेशन काउंटर तक बुजुर्ग को पैदल जाना पड़ा। काउंटर पर पहुंचने के बाद बुजुर्ग को चक्कर आया और हार्ट अटैक के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद बुजुर्ग को नानावती अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन इससे पहले मौत हो गई।

तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को मिल रही छूट : यूएन

संयुक्त राष्ट्र। तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को पूरी छूट मिल रही, जिससे वह तेजी से फलफूल रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात के कोई हालिया संकेत नहीं हैं कि तालिबान ने युद्धग्रस्त देश में विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की गतिविधियों को सीमित करने के लिए कोई कदम उठाया हो।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस की ओर से रिपोर्ट में सदस्य देशों की चिंता भी व्यक्त की गई है कि तालिबान शासित अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों को हाल के इतिहास में किसी भी समय की तुलना में अधिक स्वतंत्रता प्राप्त है। विशेष रूप से खतरनाक आइएस आतंकवादी समूह की ताकत लगभग दोगुनी हो गई है।

84 हजार करोड़ के रक्षा सौदे को डीएसी ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेना की ताकत बढ़ाने को सरकार का बड़ा फैसला, बहुउद्देशीय विमान व अन्य की होगी खरीद

रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों की समग्र लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए बहुद्देश्यीय समुद्री विमान सहित 84,560 करोड़ रुपये के सैन्य हार्डवेयर की खरीद को शुक्रवार को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी।

डीएसी ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है उनमें नई पीढ़ी की टैंक रोधी माइंस (एंटी टैंक), वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार, भारी वजन वाले टॉरपीडो, मध्यम दूरी की समुद्री टोही व बहुद्देश्यीय समुद्री विमान, फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट तथा सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल की निगरानी और हस्तक्षेप क्षमताओं को मजबूत करने के लिए मध्यम दूरी के समुद्री टोही विमानों और बहुद्देश्यीय समुद्री विमानों की खरीद को मंजूरी दी।

वायुसेना को मिलेगा रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट

वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। यह विशेष रूप से धीमी, छोटी और कम उड़ान वाले लक्ष्यों का पता लगाने की क्षमताओं को मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि डीएसी ने भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमताओं और पहुंच को बढ़ाने के लिए फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दे दी। एक अनुकूल रक्षा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भी डीएसी ने पहल किया है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और स्टार्ट-अप व एमएसएमईएस से उन्नत तकनीकों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) 2020 में संशोधन को मंजूरी दी है। इसके तहत बेंचमार्किंग, लागत गणना, भुगतान अनुसूची और खरीद की मात्रा तय की जाती है। यह आईडीईएक्स और टीडीएफ योजनाओं के तहत स्टार्ट-अप और एमएसएमईएस के लिए एक सहायक व्यावसायिक वातावरण के साथ-साथ बहुत आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करेगा। यह वास्तव में ईज ऑफ डूइंग की भावना से प्रेरित होगा।

एक नजर

लंदन : ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा न्यूक्लियर प्लांट बनाया है, जो जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मददगार होगा। इस प्लांट में 0 .2 मिलीग्राम ईंधन से 5 सेकंड तक 69 जूल ऊर्जा पैदा हुई, यह 5 सेकंड तक 41 हजार घरों की बिजली सप्लाई के बराबर है। यह एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड है। ● एजेंसी

इजराइली छापेमारी के चलते बंद हुआ ऑक्सीजन, पांच की मौत

यरुशलम। दक्षिणी गाजा के मुख्य अस्पताल में इजराइली सैनिकों द्वारा किए गए हमले में ऑक्सीजन बंद होने से इमरजेंसी वार्ड में भर्ती पांच मरीजों की मौत हो गई। इजराइली सैनिक खान यूनिस में गुरुवार को नासिर अस्पताल को घेरकर छापेमारी कर रहे थे। इजराइली बल को आशंका है कि हमास द्वारा अगवा किए गए बंधकों या उनके शव यहां रखे हो सकते हैं। वहीं, शुक्रवार को दक्षिण इजराइल में एक हमले में दो लोगों की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए। इजराइली पुलिस ने कहा, गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि नासिर अस्पताल में छापा गुरुवार को तब मारा गया जब इजरायली सैनिकों ने दक्षिणी गाजा के शहर खान यूनिस में नासिर अस्पताल को लगभग एक सप्ताह तक घेर रखा था।

अमेरिका: हत्या के दोषी को कोर्ट ने सुनाई 99 साल की सजा

अलास्का। अमेरिका में ऑनलाइन मोटी कमाई के चक्कर में अपनी ही दोस्त की हत्या करने वाली 23 वर्षीय डेनाली ब्रेहमर को अलास्का कानून विभाग ने 99 साल कैद की सजा सुनाई है। ब्रेहमर को एक वर्ष पहले हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। उसने दो अन्य किशोरों के साथ मिलकर दो जून, 2019 को अपनी दोस्त 19 वर्षीय सिंथिया हाफमैन की हत्या कर दी थी। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेहमर 18 साल की थी जब उसे और दो अन्य किशोरों को 21 वर्षीय डारिन शिलमिलर ने ऑनलाइन फंसाया था। शिलमिलर ने खुद को टायलर नाम का करोड़पति बताया और सिंथिया की हत्या के फोटो और वीडियो के बदले ब्रेहमर को 90 लाख डॉलर देने का वादा किया। इसके बाद तीनों ने साजिश के तहत गोली मारकर सिंथिया की हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि ब्रेहमर ने शिलमिलर को हत्या के कई स्नैपचैट वीडियो और तस्वीरें भेजीं।

पीटीआई कार्यकर्ताओं के ठिकानों पर छापेमारी, इमरान की बहन अलीमा को एफआईए ने किया तलब

इमरान खान की पार्टी के कई नेता गिरफ्तार

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री पद को लेकर संशय बरकरार है। इसी बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर पूरे पंजाब प्रांत में उनकी संपत्तियों पर छापेमारी जारी है।

जानकारी के अनुसार, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में मुख्यमंत्री पद के लिए पीटीआई द्वारा नामांकित उम्मीदवारों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इसके अलावा, संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने इमरान खान की बहन अलीमा खान को भी तलब किया है। इधर, पीटीआई ने प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार के रूप में उमर अयूब आगे किया, जिन्हें संसद में जाने से रोका जा सकता है और इसके लिए उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आशंका को देखते हुए एक स्थानीय अदालत से उन्हें जमानत मिल गई है। वहीं, पीटीआई के पीएम पद के उम्मीदवार उमर अयूब ने खुफिया एजेंसियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सियालकोट से पीटीआई समर्थित एमएनए (नेशनल असेंबली के सदस्य) असलम घुम्मन का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है। इसके अलावा लाहौर में नौ मई को हुए दंगों के मामले में पुलिस ने पीटीआई समर्थित नेता अहमर रशीद भट्टी को रायविंड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से पहले अहमर रशीद भट्टी अपनी का जश्न मना रहा थे। इसी तरह, पंजाब पुलिस ने गुजरांवाला से पीटीआई समर्थित नवनिर्वाचित एमएनए- मोबीन आरिफ जट और एहसानुल्लाह विर्क के कारखानों, मिलों और गोदामों पर छापा मारा और उन्हें सील कर दिया। साथ ही पंजाब पुलिस ने नौ मई के मामलों में पीटीआई नेता असलम इकबाल के खिलाफ नए वारंट जारी किए।

सरकार गठन को लेकर पीएमएलएन-पीपीपी की बैठक टली

पाकिस्तान में सरकार गठन को अंतिम रूप देने के लिए पीएमएल-एन और पीपीपी समन्वय समितियों के बीच होने वाली बैठक टल कर दी गई है। इसके पीछे का कारण पीएमएल-एन ने अभी तक पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ इस मामले पर राय नहीं ली है, साथ ही कई मुद्दों पर असहमति बताई जा रही है। पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के गठन की जोर अजमाइश के लिए सत्ता का फॉर्मूला तय करने के लिए दोनों पार्टियों के बीच दूसरे दौर की बातचीत अब शनिवार को होगी। गौरतलब है कि पीपीपी ने सरकार के गठन के लिए पीएमएल-एन को समर्थन देने का वादा किया है। पीपीपी और पीएमएल-एन और समन्वय समितियों (सीसीसी) के बीच निर्धारित दूसरे दौर की बातचीत गुरुवार को नहीं हो सकी, क्योंकि दोनों पक्षों ने अपनी पहली बैठक में आए प्रस्तावों का आकलन करने के लिए और समय मांगा। नेशनल असेंबली में निर्दलीय उम्मीदवारों ने 101 सीटें जीतीं। पूर्व पीएम नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन को 75 सीटें मिलीं और पीपीपी ने 54, एमक्यूएम-पी ने 17 सीटें हासिल कीं। अन्य पार्टियों में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम ने चार सीटें। पीएमएल-कायद ने तीन और इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और बलूचिस्तान नेशनल पार्टी ने दो-दो सीटें जीतीं। पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए किसी भी पार्टी को नेशनल असेंबली में 265 सीटों में से 133 सीटें जीतनी होंगी।

इमरान खान से बैकडोर वार्ता कर रही पाकिस्तानी सेना

पाकिस्तान में चुनावी नतीजों से साफ हो गया कि आम पाकिस्तानी लोगों ने शरीफ या जरदारी परिवार के खिलाफ वोट नहीं, बल्कि पाकिस्तान की सेना के खिलाफ वोट दिया है। सेना ने पाकिस्तान तहरीके इंसाफ (पीटीआई) के नेता इमरान खान को सत्ता से हटाने और चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कई कदम उठाए। इससे इमरान के निर्दलीय प्रत्याशियों को बड़े पैमाने पर सेना विरोधी वोट मिले। इस चुनाव ने पाकिस्तान में पिछले 75 साल से चले आ रहे सत्ता समीकरण बदल दिए। अब सेना ने बैकडोर से इमरान के संपर्क शुरू कर दिया है। चुनाव परिणाम आने के बाद सेना ने अदियाला जेल में इमरान से दोबारा संपर्क किया गया। पहला संपर्क ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल सहर द्वारा किया गया था। इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क किया गया, जो बानीगाला आवास पर नजरबंद हैं।

मणिपुर : उग्र भीड़ ने अफसरों के दफ्तार जलाए, इंटरनेट सेवाएं ठप

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में जारी हिंसा के कारण स्थिति नाजुक बनी हुई है। राज्य में गुरुवार को एक बार फिर से हिंसा भड़क गई, जिससे वहां की स्थिति खराब हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर में गुरुवार रात करीब 400 लोगों ने एसपी और डीसी ऑफिस पर धावा बोल दिया। इस दौरान भीड़ ने सरकारी परिसर में घुसकर आगजनी और तोड़फोड़ भी की।

पुलिस ने बताया कि, सुरक्षा बलों ने भीड़ को काबू करने के लिए फायरिंग की, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए और 42 लोग घायल हो गए। हिंसा के बाद राज्य सरकार ने जिले में पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कई बसों और ट्रकों को आंदोलनकारियों ने जला दिया। अधिकारी ने बताया कि सैकड़ों लोग कार्यालय के कमरों में घुस गए और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ झड़प में दो व्यक्ति की मौत हो गई और 40 से अधिक लोग घायल हो गए।

हथियार लूटने के आरोप में 7 जवान निलंबित

मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में विशेष बल के चिंगारेल शिविर से हथियारों और गोला-बारूद की लूट के मामले में इंडिया रिजर्व बटालियन के सात जवानों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई की गई है। इससे पहले गुरुवार को 5वीं इंडिया रिजर्व बटालियन के कमांडेंट के एक आदेश के मुताबिक, उन्हें पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना अपना मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए कहा गया है।

अमेरिका में भारतवंशी परिवार की हत्या में परिवार के मुखिया पर शक

न्यूयॉर्क, एजेंसी। कैलिफोर्निया में रह रहे भारतवंशी परिवार का शव उसके 21 लाख डॉलर के घर में सोमवार को मिला था। जांच के दौरान पुलिस परिवार के मुखिया पूर्व मेटा इंजीनियर आनंद हेनरी को संदिग्ध मान रही है।

सैन मेटो पुलिस विभाग ने कहा है कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आनंद हेनरी, उसकी पत्नी और चार वर्षीय जुड़वां बच्चे का शव पड़ा था। हेनरी और उसकी पत्नी एलिस प्रियंका बेंजिगर बाथरूम में मृत पड़े थे। उनके शरीर पर गोलियों के निशान थे। नौ एमएम का गन फर्श पर पड़ा था। यह हेनरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस को दोनों बच्चों के शव बेडरूम में मिले थे। उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। बाथरूम में मिले बेंजिगर के शरीर पर गोलियों के कई निशान थे, जबकि हेनरी के शरीर पर केवल एक गोली का निशान था। अभी तक बच्चों की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा कि आनंद की लिंक्डइन प्रोफाइल से उसकी पहचान मेटा और गूगल में पूर्व साफ्टवेयर इंजीनियरिंग मैनेजर के रूप में हुई है।

अमेरिकी और ब्रिटिश समकक्ष से मिले जयशंकर, द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

म्यूनिख, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को जर्मनी में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और ब्रिटिश समकक्ष डेविड कैमरन सहित प्रमुख नेताओं के साथ द्विपक्षीय सहयोग और प्रमुख वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के मौके पर हुई।

जयशंकर ने एक्स पोस्ट में कहा कि ब्लिंकन के साथ बैठक प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ पश्चिम एशिया, यूक्रेन और हिंद-प्रशांत की स्थिति पर केंद्रित थी। इस दौरान द्विपक्षीय संबंधों में जारी प्रगति की समीक्षा की गई। समझा जाता है कि दोनों ने भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

इससे पहले विदेश मंत्री ब्रिटिश समकक्ष कैमरन के साथ भी बैठक की। वह पेरू और बुल्गारिया के मंत्रियों से भी मिले। उन्होंने कहा कि कैमरन के साथ द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर अच्छी चर्चा हुई।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा संदेशखालि विवाद, सीबीआई जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में संदेशखालि विवाद अब सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। दरअसल वकील आलोक अलख श्रीवास्तव ने संदेशखालि के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल (जनहित याचिका) दायर की है और याचिका में मांग की है कि कोर्ट की देखरेख में सीबीआई या एसआईटी की टीम मामले की जांच करें। याचिका में संदेशखालि के पीड़ितों के लिए मुआवजे की भी मांग की गई है, साथ ही अपनी जिम्मेदारी ठीक तरह से न निभाने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में संदेशखालि मामले की जांच राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की भी मांग की है। संदेशखाली मामले की जांच तीन जजों की कमेटी से कराने की मांग भी की गई है। सीजेआई ने कहा कि हम इसे लिस्ट करेंगे फिर विचार करेंगे।

शरद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अजित पवार गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता देने वाले चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करेगा। बता दें कि शरद पवार ने चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है। शरद पवार ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। शरद पवार का कहना है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट द्वारा व्हिप जारी किया जा सकता है। इसलिए, शरद की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की।

वांछित को यूएई से भारत लाया गया, कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अबू धाबी में इंटरपोल चैनलों के साथ घनिष्ठ समन्वय में हत्या और दंगा मामले में वांछित आरोपी नरेंद्र सिंह की वापसी की सुविधा प्रदान की, जिसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।

इसकी जानकारी एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को दी गई। सिंह की हरियाणा पुलिस को टोहाना पुलिस स्टेशन, फतेहाबाद, हरियाणा में हत्या, दंगा और स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने के अपराध में एक मामले में तलाश थी। सीबीआई के वैश्विक संचालन केंद्र ने इंटरपोल एनसीबी, हरियाणा पुलिस, अबू धाबी में भारतीय दूतावास, विदेश मंत्रालय अबू धाबी के साथ समन्वय किया है। इसके अलावा, आज एक रेड नोटिस विषय को हरियाणा पुलिस की एसटीएफ की ओर से सुरक्षा विवरण के साथ संयुक्त अरब अमीरात से भारत लौटाया गया।

जेल में बंद पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवेलनी की मौत

मॉस्को, एजेंसी

- उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे एलेक्सी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर-विरोधी माने जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई है। मीडिया के अनुसार, एलेक्सी नवलनी पिछले काफी समय से जेल में जेल में बंद थे।

एलेक्सी नवलनी की मौत यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल में हुई है। यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल सेवा ने शुक्रवार को बयान में कहा, 16 फरवरी, 2024 को दंड कॉलोनी नंबर तीन में दोषी एलेक्सी नवलनी को टहलने के बाद अस्वस्थ महसूस हुआ और वह तुरंत बेहोश हो गया। जेल सेवा ने आगे कहा, नवलनी के बेहोश होने के बाद जेल का मेडिकल स्टाफ तुरंत पहुंचा। इसके बाद एम्बुलेंस टीम को बुलाया गया। उन्हें बचाने के हरसंभव कोशिश की गई, लेकिन उनको नहीं बचाया जा सका। एंबुलेंस के डॉक्टरों ने दोषी नवलनी की मौत की पुष्टि कर दी। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बता दें कि नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे। उन्हें मॉस्को से लगभग 230 किलोमीटर पूर्व में मध्य रूस की जेल रखा गया था। हालांकि, एलेक्सी नवलनी के एक सहयोगी लियोनिद वोल्कोव ने एक्स पर कहा है कि वह उनकी मौत की पुष्टि करने में असमर्थ हैं। लियोनिद वोल्कोव ने लिखा, "रूसी अधिकारियों ने एक कबूलनामा प्रकाशित किया है कि उन्होंने जेल में एलेक्सी नवलनी की हत्या कर दी।

विज्ञान वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी, 2050 तक जलवायु में भारी परिवर्तन की आशंका

गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : वैज्ञानिकों ने समुद्री गर्मधारा गल्फ स्ट्रीम के समाप्त होने की चेतावनी दे दी है। इसकी समाप्ति से पश्चिमी यूरोप समेत दुनिया के कई हिस्सों की जलवायु मे बड़ा परिवर्तन आएगा।

वैज्ञानिको ने 2050 के आसपास होने वाले परिवर्तन में लघु हिमयुग आने की आशंका जताई है। गल्फ स्ट्रीम मैक्सिको की खाड़ी से निकलने वाली एक शक्तिशाली समुद्री धारा है, जो उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र की जलवायु को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका गर्म पानी एक प्राकृतिक कन्वेयर बेल्ट के रूप में कार्य करता है, जो भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर गर्मी पहुंचाता है और इसके रास्ते में मौसम के पैटर्न को प्रभावित करता है। इस समुद्री धारा का गर्म पानी सर्दियों के मौसम में तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं।

डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध में कहा है कि जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव सामने आ रहे हैं, जिसका सबसे बुरा असर दुनिया भर में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना है। ये बर्फीले पर्वत बढ़ते वैश्विक तापमान के निरंतर हमले के आगे झुक रहे हैं।

इनके पिघलने से गल्फ स्ट्रीम समाप्त होने की आशंका से कतई इंकार नही किया जा सकता है और यह महत्वपूर्ण समुद्री धारा बंद हो जाएगी। इस परिवर्तन में उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों में औसत तापमान कई डिग्री तक गिर सकता है । जिसके कुछ ही दशकों मे 10 डिग्री सेल्सियस तक अंतर आ जाएगा। इसके दुष्परिणाम दुनिया भर में बेहद गंभीर होंगे। इससे तूफानों में वृद्धि होगी। बरसा में भारी व्यवधान होगा। साथ ही कृषि को बुरी तरह प्रभावित करेगा।

अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

कम करना होगा वैश्विक कार्बन

वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें किसी भी दशा में वैश्विक कार्बन को कम करना ही होगा, यदि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन कम नहीं हुआ तो 2025 से 2095 के बीच गल्फ स्ट्रीम के पतन निश्चित है। जिसका औसतन केंद्रीय अनुमान वर्ष 2050 लगाया गया है। शोध का नेतृत्व करने वाले डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पीटर डिटलेवसेन का कहना है कि यह बड़ी चिंता विषय है। बचाव के लिए हमें अभी से जुटना होगा। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

फैक्टरी में जिंदा जले 11 में से 8 की हुई पहचान, जांच जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के अलीपुर में गुरुवार को फैक्टरी में लगी भीषण आग में जिंदा जले मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। मृतकों में से आठ की पहचान संभव हो सकी है। अज्ञात शवों के लिए डीएनए जांच कराई जा सकती है।

पुलिस ने बताया कि, घटना किस कारण से हुई जांच शुरू कर दी गई। दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के मुताबिक, फैक्टरी में दो और लोगों के फंसे होने की संभावना है। अग्निकांड में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या और गैर इरादतन हत्या की प्रयास की धारा 304 और 308 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मारे गए आठ लोगों की पहचान अशोक कुमार जैन (62), राम सूरत सिंह (44), विशाल गौंड (19), अनिल ठाकुर (46), पंकज कुमार (29), शुभम (19), मीरा (44) और बृजकिशोर (19) के तौर पर हुई।

अग्निशमन विभाग ने बताया कि दो पेंट और केमिकल गोदाम में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं चार घायल हैं। मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है। लोकनायक अस्पताल में दो मरीज भर्ती हुए हैं। रिहायशी इलाके में फैक्टरी में आग लगने के बाद कई धमाके हुए। हादसे के समय मजदूर कार्य में जुटे थे, अचानक लगी आग के बाद उन्हें बाहर निकलने का मौका तक न मिला।

- दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान जारी, धमाके के साथ फटे थे केमिकल ड्रम